माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
मुरादाबाद, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 312, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 15

एक नजर

सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं। 16वें वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि को कवर करते हुए अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और उस समय घटनास्थल पर चार कर्मी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि विस्फोट में चारों कर्मी घायल हो गये, जिन्हें आनन-फानन में वडोदरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन कर्मियों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

निजी कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, मीडिया से दूरी

रामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। लेकिन मीडिया से दूरी बनाए रखी। हाईवे स्थित एक कॉलोनी में बनाए गए हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 2:10 बजे उतरा। यहां से वह कार से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां 10 मिनट रुके। बाद में वर-वधू के घर गए और वहां परिजनों को बधाई दी। आधा घंटे रुकने के बाद वह रवाना हो गए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब सरकार के कई मंत्री शामिल हुए।

राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।

साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।

- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।

शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी। **-केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री

इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।

-मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, एआईएमपीएलबी सदस्य

गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई होंगे नए मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर उन्हें यहां से ईडी कार्यालय ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए हिरासत का अनुरोध करेगा।

इसके बाद ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है। 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर सहमति बनी। इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी की टीम के साथ गवर्नर के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

हेमंत सोरेन

चंपई सोरेन

भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

अमृत विचार : बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

लखनऊ। बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

बैंक धोखाधड़ी

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की ली गई तलाशी

अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की। भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक राजिंदर कुमार, परवीन कुमार, बलजिंदर सिंह, अनिल कुमार और अनिल कश्यप हैं।

राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

लखनऊ। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।

- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

डूंगरपुर के मामले में आजम खां समेत सभी 7 आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सरकारी जमीन पर बताकर 2016 में मकानों को तोड़ दिया गया था

अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी सात आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। यहां पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 को मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन तोड़ दिया था। मारपीट और लूटपाट की गई थी। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर आजम नामजद किए गए। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा के अनुसार बुधवार को कोर्ट ने साक्ष्य न मिलने के कारण आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ओमेंद्र चौहान, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आलेहसन खां, फिरोज खान और रानू खां को बरी कर दिया।

आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

अमृत विचार : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया। आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष, छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं, उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। **-गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

रिजर्व बैंक ने पेटीएम को 29 फरवरी के बाद सेवाएं देने से रोका

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया। हालांकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों को किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को किसी भी समय जमा किया जा सकता है। आरबीआई के अनुसार यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं।

एक नजर

ग्रामीणों को आपदा के समय बचाव के तरीके बताए

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत संचालित मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज -2 के अन्तर्गत मोरा की मिलक में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बच्चों और शिक्षकों को अग्नि आपदा सहित अन्य स्थितियों में बचाव के तरीके बताए। जिला कोआर्डिनेटर सोनू सिंह बौद्ध के नेतृत्व में प्रशिक्षण में दूसरे दिन मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर लोकेश कुमारी, अंकुश कुमार, प्रधानाध्यापिका डॉ. रितु त्यागी के अलावा अग्निशमन विभाग से राजपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जिला कोआर्डिनेटर ने बताया कि जिले के 50 चिह्नित विद्यालयों में नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें आपदा के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सुनील अग्रवाल बने व्यापार संगठन के महानगर महामंत्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सुनील अग्रवाल को महानगर महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने सुनील अग्रवाल को बधाई दी है।

सरकार लागत के हिसाब से करे फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी

बजट में वित्त मंत्री द्वारा कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाए जाने की किसानों को आस

बजट से आस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को बजट पेश करेंगी। यह बजट चुनावी माहौल को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। किसान, मजदूर, नौकरीपेशा, व्यापारी व उद्यमी बजट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हालांकि किसानों का कहना है कि जिस तरह प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में मामूली बढ़ोतरी कर किसानों को धोखा देने का काम किया है। यह बजट भी इसी तरह का रहने वाला है। हर साल महंगाई बढ़ रही है। लेकिन, फसलों के दाम हर साल नहीं बढ़ते हैं। किसानों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के साथ हर साल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की जाए। कृषि उपकरणों पर भी सब्सिडी का दायरा बढ़ाना चाहिए।

सरकार सालाना 6000 रुपये किसान सम्मान निधि दे रही है, लेकिन इस बढ़ती महंगाई के दौर में 6000 रुपये पर्याप्त नहीं है। किसानों की सम्मान निधि में इजाफा होना चाहिए। बढ़ती महंगाई को देखते हुए हर साल फसलों के दाम सरकार को बढ़ाने चाहिए।

-यशपाल सिंह, जिलाध्यक्ष भाकियू (अराजनैतिक)

महिलाओं को मिले छूट

मुरादाबाद, अमृत विचार : गृहिणी मानुषी रस्तोगी, संतोष, राखी का कहना है कि बजट से सभी को काफी उम्मीदें रहती हैं। लेकिन, इस बार अंतरिम बजट में महिलाओं को आयकर में ज्यादा छूट दी जाए। खासतौर पर कृषि क्षेत्र में महिलाओं के लिए विशेष सुविधाओं का ऐलान किए जाने की जरूरत है। महिलाएं कृषि क्षेत्र में 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं इसलिए महिलाओं के लिए बजट में खास प्रावधान होने चाहिए।

हमारे पास ज्यादा जमीन नहीं है। 8 से 10 क्विंटल अनाज होता है। ऐसे में गाड़ी किराए पर लेने के बाद मंडी तक उपज लेकर जाते हैं। यहां नंबर आने में एक से दो दिन लगते हैं। सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे छोटे किसानों की उपज उचित दाम में गांव से ही खरीदी जाए।

-पुत्तन हाजी, किसान, अगवानपुर

जगह-जगह चौक चौराहों पर खाद-बीज की दुकानें खुल गई हैं। इन दुकानदारों द्वारा अधोमानक स्तर के खाद बीज बेचे जाते हैं। सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे विभाग की कार्रवाई के दौरान अमानक स्तर के खाद बीज मिलने पर इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

-प्रदीप छिल्लर, मंडल उपाध्यक्ष भाकियू (असली)

दावा किया जा रहा है कि खेती फायदे का धंधा है, वास्तविकता में ऐसा नहीं है. अब खेती करने में बहुत लागत आती है। खाद, बीज, दवा बहुत महंगी हैं। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं की वजह से फसलें प्रभावित होती हैं। सरकार को खाद, बीज, दवा के दामों में कमी लानी होगी।

-सतीश विश्नोई, जिलाध्यक्ष भाकियू (असली)

सरकार को किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर देनी चाहिए। जिस तरह से हर साल क्षेत्र में सर्किल रेट में बढ़ोतरी हो रही है उसी तरह ऋण सीमा 20 हजार रुपये बीघा से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करनी चाहिए। ताकि ज्यादा किसानों को लाभ हो।

-इब्राहिम, जिला उपाध्यक्ष भाकियू (असली)

कर्मियों को राहत से साकार होगा गुड गवर्नेंस का नारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली के पक्षधर हैं। सरकार ऐसा बजट पेश करें जिससे महंगाई नियंत्रित हो। कर्मचारियों के साथ ही सरकार इस बार खेती-किसानी से जुड़े लोगों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करे। केंद्रीय कर्मचारियों को बजट में राहत से ही गुड गवर्नेंस का नारा साकार होगा।

केंद्रीय कर्मचारियों की सेविंग लिमिट मात्र डेढ़ लाख रुपये है, उसे बढ़ाकर 5,00,000 रुपये की जाए। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी संघर्षरत हैं। इसलिए बजट में पुरानी पेंशन बहाली का भी संकल्प व्यक्त किया जाए।

-राजेश चौबे, मंडल मंत्री (नरमू)

समाज के सभी वर्गों को सरकार से उम्मीद रहती है। आम बजट उद्योगों को छोड़कर केंद्रीय और राज्य कर्मियों के बारे में सोचे। कर्मचारियों को राहत मिलेगी तो गुड गवर्नेंस का नारा साकार होगा। बजट जनता का सहयोगी बने।

-कुंवर सुहेल खालिद, रेलकर्मी

सरकार विकास को लेकर सचेत है। रेलवे में भी बहुत परियोजनाएं प्रगति पर हैं लेकिन, कर्मचारी और आम नागरिक खुश होंगे तो बेहतर माहौल बनेगा। सरकार आम आदमी की जरूरत को ध्यान में रखे और महंगाई नियंत्रित करने वाला बजट दे।

-अनुपम श्रीवास्तव, रेल अधिकारी

आम बजट जनसामान्य को प्रभावित करने वाला होता है। बजट में बेराजगार, किसान, महिला और कर्मचारी का हित दिखना चाहिए। महंगाई बड़ा विषय है। इसलिए सरकार से इस बात की अपेक्षा है कि केवल बड़े घरानों और उद्योगों की न सोचे।

-राकेश बलोदी, केंद्रीय कर्मचारी

लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते अमित राठी। ● अमृत विचार

अमित ने पावर लिफ्टिंग में जीता कांस्य पदक

मुरादाबाद, अमृत विचार: जनपद के लाल अमित राठी ने लखनऊ में आयोजित 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया हैं।

प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित की गई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी यूपी पावर सेक्टर ने की, जबकि आरंभ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजक सचिन इमरान उल हक ने बताया कि प्रतियोगिता में असम, केपीटीसीएल, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, और मेजबान उप्र ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पावर लिफ्टिंग में यूपी ने कुल 6 पदक जीते। जिसमें अमित राठी ने 105 किलो भार उठाया।

राहत : अकबर का किला से वाणिज्य कर कार्यालय मार्ग के दिन अब बहुरने वाले हैं। सीवरेज पाइपलाइन की खोदाई की वजह से यह सड़क पूरी तरह से टूट गई थी। अब यहां स्मार्ट रोड तैयार हो रही है। जिससे राहगीरों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों को राहत मिलेगी। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाया मां काली का वार्षिकोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार: ठाकुर श्रीरघुनाथ जी रामार्चा सेवा ट्रस्ट की ओर से बुधवार को दिनदारपुरा स्थित मंदिर श्रीरघुनाथ जी महाराज में माता काली का 18वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सुबह हवन पूजन में भक्तों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। दोपहर से भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं ने ढोल के साथ भजन-कीर्तन किया। रात्रि में माता महाकाली की महाआरती हुई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम व्यवस्था में पं राघवेंद्र जोशी, गोविंद, जानकी, विदुषी, अनसुइया देवी, विपिन गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल (छोटू), प्रियंक अग्रवाल, नमन अग्रवाल, कमलदीप उपाध्याय, सुमित उपाध्याय, प्रेम अवतार अग्रवाल, गोपाल रस्तोगी, अनुज, दीपक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रेखा जिंदल, विजय कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हिंदू कॉलेज के चार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने नार्थ-ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय जूडो एवं तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में सचिन कुमार सिंह ने स्वर्ण, आयुष कुमार सिंह ने रजत और शौर्य सेन ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। महाविद्यालय के तीनों खिलाड़ी 6 फरवरी से आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उधर, दूसरी ओर आईआईएस विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में हुई नार्थ ईस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र दीपक बिष्ट ने पदक जीता। जिसके दम पर उनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 2 से 4 फरवरी के मध्य एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु द्वारा आयोजित की जा रही है।

प्राचार्य सत्यव्रत सिंह रावत के साथ विजेता खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

वहीं सचिन कुमार सिंह ने खेलो इण्डिया यूथ गेम्स चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय एवं मंडल का नाम पूरे देश में रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सत्यव्रत सिंह रावत, क्रीड़ा सचिव डॉ. पंकज सिंह और क्रीड़ा समिति के सभी सदस्यों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को महाविद्यालय में बधाई देते हुए सम्मानित किया।

आज खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

मुरादाबाद, अमृत विचार: एक फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान में जिले में लक्षित 17 लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली की खुराक दी जाएगी। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह इस अभियान का उद्घाटन करेंगे।

नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि अभियान में लक्षित 17 लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक दी जाएगी। जिसमें 1 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को निजी व सरकारी स्कूलों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से खिलाए जाएंगे। जो बच्चे इस दिन स्कूल नहीं आएंगे उनको 5 फरवरी माप अप राउंड में खिलाया जाएगा। अभियान में शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, अल्पसंख्यक विभाग एवं युवा कल्याण विभाग सहयोग कर सकेंगे।

पोस्टर प्रतियोगिता में सोनाली प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कुष्ठ रोग पखवाड़ा के तहत बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई और साइंस क्लब की ओर से कुष्ठ रोग उन्मूलन पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। पोस्टर प्रतियोगिता में सोनाली ने पहला स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि एक समय था जब कुष्ठ रोगियों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता था। लेकिन धीरे-धीरे मेडिकल साइंस ने सिद्ध कर दिया कि कुष्ठ रोग कोई कलंक नहीं है। बल्कि इसके चिकित्सीय कारण है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने छात्राओं को कुष्ठ रोग के कारण उनके लक्षणों जैसे त्वचा के दाग धब्बों में संवेदनहीनता, हाथ या पैर में दर्द रहित घाव और उसके उपचारों के बारे में बताकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह रोग कभी-कभी कान पर गांठों या ऐसे घावों के होने से होता है। कुष्ठ रोग पर पोस्टर प्रतियोगिता में सोनाली को प्रथम, प्राची को द्वितीय और तहूरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शेफाली अग्रवाल और रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. सविता अग्रवाल ने किया।

पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं, साथ में कॉलेज के प्रोफेसर। ● अमृत विचार

▸▸ गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

सेवानिवृत्ति रेलवे के विभिन्न विभागों में तैनात 32 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, परिवार के सदस्य भी पहुंचे

रेल पटरियों पर फूटे पटाखे, कार्यालयों में बजे ढोल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आंखें डबडबाईं थीं। गला रूंधा हुआ था। सहकर्मी एक दूसरे की ओर देख रहे थे, मगर सबकी आंखें भारी थीं। डिब्रूगढ़ जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर पहुंची तो पटाखों की गूंज शुरू हो गयी। नगाड़ों की थाप पर थिरकते कर्मचारी के परिवार के सदस्य और सहकर्मी नोट हवा में उछालने लगे। यह दृश्य मंडल रेल प्रबंध कार्यालय, रेलवे स्टेशन और कर्मचारी संगठन के कार्यालयों में दिखा।

बुधवार को विभाग के 32 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें विभाग के कर्मचारी हित और कार्मिक विभाग द्वारा 7 फरवरी को विदा किया जाएगा। विभाग सभी की देनदारी के प्रपत्र सौंपेगा। सिविल इंजीनियरिंग विभाग में तैनात एसएसई सुनील कुमार शर्मा, लोको पायलट सुशील कुमार शर्मा, लोको पायलट सरजीत सिंह, ओएस जोगेंद्र पाल सिंह, बिजली विभाग के अनिल कुमार, सिग्नल एंड टेलीकाम के प्रभुदयाल कोंटल, संजीव कुमार, परिचालन विभाग के महेश चंद्र लोहानी, वाणिज्य विभाग की मिथिलेश कुमारी चौहान, विजय पाल और रामवीर और उषा की सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों द्वारा विदाई दी गयी।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुनील कुमार शर्मा को सेवानिवृत्ति पर विदाई देते साथी कर्मचारी।

सौरभ बने जिला युवा कल्याण अधिकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला युवा कल्याण अधिकारी का कार्यभार बुधवार को सौरभ ने संभाल लिया। वह इससे पहले बिजनौर में तैनात थे। वहीं जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेश चौहान 18 साल विभाग को सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। जिला युवा कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात नरेश चौहान ने 29 जून 2005 को मुरादाबाद में कार्य ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने 5 मार्च 1987 को युवा कल्याण विभाग में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पद पर शाहजहांपुर में कार्यभार संभाला था। बुधवार को नरेश चौहान को जिला युवा कल्याण विभाग में सेवानिवृत्ति पर उन्हें विदाई दी गई। विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।



शहर में आज

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आरंभ जिलाधिकारी आरएसडी एकेडमी में करेंगे सुबह 10 :00 बजे।
- दिल्ली रोड स्थित ब्रेड फैक्ट्री के पास श्रीराम कथामृत महोत्सव के अन्तर्गत कथा दोपहर 3 :00 बजे।

एक नजर

अभियान में दोपहिया पर हेलमेट की जांच की

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर बुधवार को कपूर कंपनी और पीलीकोठी चौराहे पर दोपहिया वाहन पर बैठे दोनों व्यक्तियों की हेलमेट की जांच की गयी। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं अभिनव संस्था के सदस्यों ने लोगों को इस शर्त की जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने दोपहिया पर पीछे बैठे व्यक्ति और महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में हरिकेश उप निरीक्षक यातायात पुलिस और एनजीओ के कपिल रस्तोगी शामिल रहे।

सीतापुर व शाहजहांपुर स्टेशन का डीआरएम ने निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

निर्देश

- रामपुर रेलवे स्टेशन के समपार फाटकों का भी निरीक्षण किया
- तिलहर यार्ड में ओवरब्रिज निर्माण समय से पूरा करने का निर्देश

अमृत विचार: मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने शाखा अधिकारियों की टीम के साथ सीतापुर सिटी, शाहजहांपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। रामपुर रेलवे स्टेशन के मध्य समपार फाटक संख्या एलसी 334, एलसी 352 एवं एलसी 390 का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया।

आरंभ में सीतापुर सिटी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। सेक्शन में नौ से 13 फरवरी तक सीतापुर सिटी एवं सीतापुर जंक्शन के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। जिसमें सीतापुर सिटी एवं सीतापुर जंक्शन के मध्य रेल लाइन का दोहरीकरण होना है। वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक (सामान्य) चेतन तनेजा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों का जायजा लिया।

रेल प्रबंधक ने तिलहर यार्ड में समपार फाटक संख्या एलसी-334 पर निर्माण किए जा रहे रेल ओवरब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया और उच्च गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

रेल प्रबंधक ने पीतांबरपुर स्टेशन यार्ड के समपार फाटक संख्या 352 का निरीक्षण किया। दुगनपुर रेलवे स्टेशन के पास समपार फाटक संख्या 390 पर रेल अंडरपास मार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

किशोरी से छेड़छाड़ की एसएसपी से शिकायत

मैनाठेर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में गांव के ही दो युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मैनाठेर क्षेत्र निवासी एक किशोरी के पिता ने गांव के दो युवकों पर उनकी बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को किशोरी गांव के बाहर कूड़ा डालने के लिए गई थी। आरोप है कि इस दौरान गांव के ही दो युवक सैफ अली ओर नासिर ने किशोरी को बुरी नीयत से दबोच लिया और उसे जंगल में ले जाने लगे। किसी तरह किशोरी जान बचाकर वहां से घर आई। आरोप लगाया कि इस संबंध में थाना पुलिस से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सैफ और नासिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संभागीय परिवहन विभाग की टीम ने किया जिले के पहले केंद्र का निरीक्षण

लदावली स्क्रैप सेंटर पर 15 दिन में शुरू होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

तैयारी

- 36 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से पुराने वाहनों की खरीद होगी
- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की सख्ती के बाद शुरू हुआ केंद्र

अमृत विचार: केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की सख्ती और राष्ट्रीय हरित अधिकरण की शर्तों का पालन शुरू हो गया। जिले का पहला स्क्रैप सेंटर स्वीकृत हो गया है। 15 दिन के भीतर इस केंद्र से कबाड़ वाहनों की खरीद शुरू हो जाएगी। वायु प्रदूषण से जूझ रहे महानगर के लोगों को इससे राहत मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग और परिवहन विभाग में अक्सर इस बात को लेकर आरोप प्रत्यारोप का क्रम चलता रहता है। वाहन जनित प्रदूषण नियंत्रित करने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी संभागीय परिवहन विभाग को सचेत करता रहता है। उधर, राज्य सरकार ने इस गंभीर विषय पर प्रभावी कार्य करना शुरू कर दिया है। संभागीय परिवहन विभाग ने जिले में पहला स्क्रैप सेंटर स्वीकृत कर दिया है। कांठ रोड पर लदावली में यह केंद्र खुल रहा है। बुधवार को संभागीय परिवहन विभाग की टीम ने इस केंद्र का निरीक्षण किया।

लदावली स्थित स्क्रैप सेंटर के निरीक्षण के दौरान आरआई हरिओम व अन्य।

सूत्रों का कहना है कि 15 दिन के भीतर केंद्र पर पुराने और कबाड़ वाले वाहनों की खरीद शुरू हो जाएगी। सरकार की ओर से इसके लिए विधिवत नियमावली जारी की गई है। संभागीय परिवहन विभाग शर्त के आधार पर पुराने वाहनों की खरीद करेगा। प्राविधिक निरीक्षक (तकनीकी) हरिओम का कहना है कि 36 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से पुराने वाहनों की खरीद होगी। इसके अलावा वाहन के पंजीयन वर्ष के आधार पर मूल्य निर्धारण करने का फार्मूला भी जारी किया गया है।

आरआई ने बताया कि विक्रेता अपनी सहूलियत के आधार पर अपने पुराने वाहन बेच सकेगा। केंद्र के क्रियाशील होने से पर्यावरण के खतरा बने वाहनों की खरीद शुरू हो जाएगी। लदावली में केंद्र तैयार हो गया है। 15 दिन के भीतर खरीद शुरू हो जाएगी।

पहले सरकारी निष्प्रयोज्य वाहनों बेचा जाएगा। विभाग की ओर से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। ऐसा करने वालों को नए वाहनों में की खरीद में सहूलियत दी जाएगी।

महमूद से पूछताछ कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

समदपुर में कांवड़ पथ पर गोवंश के अवशेष रखने को सिकरी के नईम को राजीव चौधरी ने दिए थे 2,000 रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : गोकशी की साजिश में चार साथियों के साथ दबोचे गए विश्व हिंदू परिषद के (धर्म प्रसार विभाग) जिला प्रमुख मोनू विश्नोई उर्फ सुमित कांठ व छजलैट थाने में कुल पांच मामले दर्ज हैं। गोकशी के राज से पर्दा उठाने में चेतरामपुर का महमूद पुलिस के लिए सबसे मददगार साबित हुआ है।

घटनास्थल पर मिले फोटो व मोबाइल नंबर के राज के बारे में महमूद ने शाहबुद्दीन की रंजिश बताई। फिर पुलिस ने महमूद के गांव के शाहबुद्दीन को उठाया और इसने सभी राज से पर्दा उठा दिया। पुलिस के मुताबिक, 28 जनवरी को गोकशी की घटना करने के लिए शाहबुद्दीन व उसके भाई जमशेद ने गांव की विमला देवी की गाय को चोरी किया था। एसएसपी हेमराज मीना के मुताबिक, 16 जनवरी को जहां गोवंश के अवशेष मिले वह घटनास्थल संदिग्ध था, चूंकि संबंधित स्थल पर गोकशी न होने और अवशेष लाकर रखा जाना स्पष्ट हो रहा था। फिर दूसरी गोकशी 28 जनवरी को चेतरामपुर के जंगल में होने की खबर मिली थी। एसएसपी ने बताया कि मोनू विश्नोई ने 28 जनवरी की रात को ही पहले 11.59 बजे सीओ कांठ अंकित तिवारी को फोन कर सूचित किया और फिर 12.01 बजे थानाध्यक्ष छजलैट को गोकशी होने की खबर दी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं घटना के बारे में जानकारी देते एसएसपी हेमराज मीना।

वहीं, घटनास्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया था। मौके पर पहुंचने वाले छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि रात के एक-डेढ़ बजे जब वह ट्रैक्टर-ट्राली पर गोवंश के अवशेष लादकर निकल रहे थे तो वहीं खड़े मोनू विश्नोई, राजीव चौधरी व उनके अन्य समर्थकों ने शोर मचाकर बताया कि यहां तो किसी के कपड़े पड़े हैं। फिर कपड़ों को उठाकर उसकी जेब से पर्स निकाल लिया और दिखाने लगे की इसमें रखी फोटो महमूद मोटा की है उसका मोबाइल नंबर भी लिखा है। जिस पर थानाध्यक्ष ने सवाल भी किया कि महमूद मोटा को तुम कैसे जानते हो।

उधर, एसएसपी ने बताया कि शाहबुद्दीन व इसके भाई जमशेद ने विमला देवी की गाय 28 जनवरी की रात 10 बजे चोरी की थी। पुलिस के मुताबिक, महमूद ने पूछताछ में बताया है कि शाहबुद्दीन ने कुछ दिन पहले उसके उसका मोबाइल नंबर मांगा था और उसका फोटो सोशल मीडिया से निकाल लिया था। महमूद से जानकारी मिलने पर पुलिस ने शाहबुद्दीन को उठाया तो उसने सारे राज से पर्दा उठा दिया था।

अभियुक्तों का है आपराधिक इतिहास: रमन चौधरी पर छजलैट थाने में तीन मामले दर्ज हैं। राजीव चौधरी के विरुद्ध छजलैट थाने में छह व शाहबुद्दीन के विरुद्ध दो मामले दर्ज हैं।

शाहबुद्दीन ने खोले राज

एसएसपी के मुताबिक, शाहबुद्दीन ने पुलिस को बताया है कि थानाध्यक्ष मोनू विश्नोई की कोई बात नहीं सुनते हैं। इस कारण थानाध्यक्ष को हटाने के लिए 16 जनवरी को उसने अपने भाई जमशेद एवं रमन चौधरी, मोनू विश्नोई, राजीव चौधरी के साथ योजना बनाई थी। छज्जूपुरा दोयम के पास कांवड़ पथ पर गाय का सिर व खाल रखकर थानाध्यक्ष के विरुद्ध प्रदर्शन किया। थाने में और तहसील में भी इन लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। राजीव चौधरी ने गोवंश की खाल व सिर समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर रखवाने के लिए सिकरी निवासी नईम को 2,000 रुपये दिए थे। शाहबुद्दीन ने पुलिस को ये भी बताया कि उसे और उसके भाई जमशेद को मोनू विश्नोई, राजीव चौधरी व रमन चौधरी ने भरोसा दिया था कि तुम्हारे भाई रुकसाद की मौत के जिम्मेदार महमूद को वह जेल भिजवा देंगे, लेकिन इसके बदले में उन दोनों को उनका काम (गाय चुराकर उसे चेतरामपुर के जंगल में काटने) करना होगा। शाहबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह इसी लालच में आकर भाई के साथ फंस गया।

कार्यकर्ताओं के लिए मांग रहा था 32 भैंसा

छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा का कहना है कि 32 भैंसा न मिलने से ही उनसे मोनू विश्नोई अधिक नाराज था। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिन पहले की घटना है। शामली जिले से कैंटर में भैंसा लाकर रात के करीब 12 बजे छजलैट में होटल में वाहन चालक खाना खा रहा था। उस दौरान मोनू व उनके साथियों ने पहले वाहन चालक व उसके साथियों को डरा-धमकाकर लेनदेन की बात कर रहे थे। बात नहीं बनी तो मोनू ने उन्हें फोन कर सूचना दी थी। थानाध्यक्ष के मुताबिक, जांच में वाहन चालक के दस्तावेज सही मिले थे। लेकिन, विरोध के कारण उन्होंने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सभी भैंसों को अन्य के सुपुर्द कर दिया। जबकि, सभी भैंसा मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द कराने का दबाव बना रहा था।

छजलैट थाने में प्रदर्शनकारियों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को खदेड़ा

संवाददाता, छजलैट

कार्रवाई

- गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे बजरंग दल कार्यकर्ता
- पुलिस के समझाने के बाद भी कार्यकर्ता कर रहे थे हंगामा

अमृत विचार: गोकशी के आरोप में हिंदू संगठन के पदाधिकारी समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने छजलैट थाने के बाहर प्रदर्शन किया। जिन्हें पुलिस ने खदेड़ दिया।

पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता थाना छजलैट के बाहर एकत्र को गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। बाद में और अधिक पुलिस बल बुलाकर उन्हें खदेड़ दिया। थाना अध्यक्ष छजलैट सतेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्त में आए मोनू विश्नोई आदि पुलिस पर गलत काम के लिए दबाव बनाते थे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मोनू थाना कांठ के बाहर मारपीट करने के आरोप में जेल जा चुका है।

महिला डाक्टर पर फायरिंग मामले में नामजद रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामपुर दोराहा पर स्थित अस्पताल में सोमवार रात में हुई फायरिंग मामले में महिला डॉक्टर ने एक अभियुक्त फैसल को नामजद किया है, जबकि अन्य तीन व्यक्तियों को अज्ञात में आरोपी बनाया है।

मूंढापांडे के चमरौआ गांव निवासी महिला डॉक्टर शबानाज ने कटघर थाने में जानलेवा हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि सोमवार रात 9.30 बजे के दौरान उसके अस्पताल में कटघर क्षेत्र के रामपुर कबीर नगर का फैसल पुत्र दिलशाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया था। गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से उन पर तमंचे से गाली दाग दी थी। गनीमत रही कि फायर के दौरान वह जमीन पर बैठ गईं तो गोली उनके सिर के ऊपर से होकर निकल गई थी। डॉ. शबानाज ने पुलिस को बताया है कि घटना 29 जनवरी की है। उसने बताया कि प्रेम वंडर लैंड के निकट उसका अस्पताल है। उसने बताया कि घटना के तुरंत बाद यूपी डॉयल-112 को कॉल कर पुलिस बुलाई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इस मामले में थानाध्यक्ष कटघर तेजवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

बाइक नंबर से चोरों तक पहुंची पुलिस, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिलारी थाना पुलिस ने ईसापुर के इंतेफाक और बिलारी कस्बे में हर्षनगर मुहल्ले की रीता यादव के घर चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस खुलासे के लिए एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस ने बिलारी से चंदौसी और फिर संभल तक करीब 60 किमी तक मार्ग के आसपास लगे लगभग 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची, तब जाकर बाइक का नंबर संभल में ट्रेस हुआ। रीता यादव के घर से दिन में चोरी कर एक बाइक पर सवार होकर निकले तीन आरोपियों का पीछा पुलिस ने मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए किया। पुलिस के मुताबिक, फुटेज में बाइक सवार दिख रहे थे लेकिन, नंबर ट्रेस होने में पुलिसकर्मियों को संभल तक के कैमरे जांचने पड़े हैं। पुलिस ने खुलासा किया है कि इंतेफाक व रीता यादव के घर इन्हीं बाइक सवार तीनों बदमाशों ने चोरी की थी। इनमें वकील उर्फ रिजवान, शहजाद और शहनवाज हैं। वकील पुत्र असलम संभल में थाना कोतवाली क्षेत्र में चौधरी सराय निकट मुन्नी माता मंदिर वाल्मीकि मुहल्ले का है। इसका रिश्तेदार शहजाद पुत्र यामीन है, जो मेरठ के थाना खरखौदा के गांव उलधन का निवासी है।

शहजाद का हाल पता नैनीताल जिले के थाना रामनगर के अगवानपुर निकट पीर मदारा है। इनका साथी शहनवाज पुत्र सलीम है, जो वर्तमान में डासना जेल में निरुद्ध है। इसे नोएडा पुलिस ने 15 दिन पहले ही गिरफ्तार किया था। वैसे यह हापुड़ जिले के मजीदपुरा का रहने वाला है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि बिलारी पुलिस ने आरोपी वकील व इसके साथी रिश्तेदार शहजाद को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी में उपयोग हुई बाइक (यूपी-38-एन-5386), आभूषण व 5,250 रुपये बरामद किए हैं।

इस तरह आरोपियों तक पहुंची पुलिस

एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि बाइक नंबर मिलने पर उसकी ऑनलाइन आरसी चेक करने पर पता चला कि इसका स्वामी विवेक पुत्र वेद प्रकाश निवासी चौधरी सराय संभल है। पूछताछ में विवेक ने बताया कि उसकी बाइक को छह महीने पहले वकील उर्फ रिजवान ने 15,000 रुपये में खरीदा था। पुलिस ने वकील का फोटो विवेक को दिखाया तो उसने शिनाख्त कर दी। फिर विवेक से नाम-पता पूछकर पुलिस टीम ने वकील को धर दबोचा। वकील के जरिए पुलिस उसके साथी रिश्तेदार शहजाद तक पहुंच गई थी। इन्होंने अपने तीसरे साथी शहनवाज की भी पहचान कराई।

गैंगस्टर एक्ट का भी है अभियुक्त

पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 20 सितंबर 2023 को उन लोगों ने दिन में बिलारी के हर्ष नगर के एक घर से जेवर, एलईडी व 26,000 रुपये चोरी किए थे। विवेक से खरीदी बाइक का प्रयोग वह तीनों अपराध करने में प्रयोग करते थे। अभियुक्तों ने 13/14 अगस्त 2023 की रात में ईसापुर में इंतेफाक के घर भी चोरी करने की बात स्वीकारी है। थानाध्यक्ष बिलारी रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त वकील उर्फ रिजवान पर 12 मामले दर्ज हैं। संभल के नखासा थाने में पांच, हयातनगर में छह और बनियाठेर थाने में एक मामला दर्ज है। वकील नखासा थाने का गैंगस्टर एक्ट का भी अभियुक्त है।

घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया

मैनाठेर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने शादी में कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करने और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सास, ससुर, पति और जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुंदरकी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लालपुर गंगवरी अरबाज के साथ हुई थी।आरोप है महिला का पति, सास और ससुर उसको शादी में कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। महिला का आरोप है उसके जेठ अफजाल ने उसके साथ बाथरूम में घुसकर छेड़छाड़ की। पुलिस ने महिला के पति अरबाज, जेठ अफजाल, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेल प्रतिभाओं की सरकार करेगी मदद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव का बुधवार को महानगर पहुंचने पर खेल अधिकारियों ने स्वागत किया। मंत्री ने खेल अधिकारियों से युवाओं की खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही सरकार की ओर से हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

खेलमंत्री बुधवार को रामपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। जिसके बाद वापस लौटते समय वह करीब 3.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उनका सबसे पहले नगर विधायक रितेश गुप्ता ने स्वागत किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार टीम के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक एवं समस्त खेल विभाग के प्रशिक्षक एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल मंत्री ने उनसे जिले में खेलों के स्तर को उठाने की बात कही। साथ ही कहा कि सरकार लगातार युवाओं और खेलों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। खेलों से देश के साथ ही प्रदेश का विकास होना निश्चित है। क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि उन्होंने खेलों के प्रति हर संभव मदद का वायदा किया।

मंत्री गिरीश चंद्र यादव को फूलों का गुलदस्ता देते जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार व अन्य।

- प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री का महानगर में स्वागत

देवर ने किया दुष्कर्म का प्रयास मायके में आकर की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पति समेत चार के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज
- मायके से ऑटो के लिए तीन लाख रुपये लाने को कर रहे थे उत्पीड़न

अमृत विचार: पीड़िता ने ससुराल वालों से तंग आकर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें उसका पति दानिश व देवर सोनू, चांद, सास भी नामजद हुई है। महिला ने अपने देवर चांद पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र की पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह चक्कर की मिलक निवासी मो. दानिश पुत्र इनाम अली के साथ हुआ था। उसकी सास मुन्नी आए दिन दहेज कम मिलने का ताना मारती थी। पीड़िता ने बताया कि उसके ढाई साल का एक बेटा फजल है। महिला का आरोप है कि उसके ससुराल वाले सीएनजी आटो के लिए तीन लाख रुपये मायके से लाने को कह रहे हैं। आरोप है कि महिला छह माह की गर्भवती थी, उसके पति ने उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने बताया कि 10 दिसंबर 2023 को देवर चांद ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। महिला ने बताया कि उसके पति के भी अन्य महिला से संबंध हैं। महिला ने बताया कि वह मायके में है। उसकी ससुराल के लोग 10 जनवरी को दोपहर में आए थे और तीन लाख रुपये मांग रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने घर में रखे सामान को तोड़ डाला।

राहत 9 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होना है नया पुल, 2 फरवरी को दूसरी एजेंसी को रेलवे देगा ठेका

कपूर कंपनी पुल को अगस्त तक करनी होगी प्रतीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे लाइन क्षेत्र की मिट्टी की गुणवत्ता जांच के बाद रेल प्रबंधन एक और एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपने वाला है। 2 फरवरी को इस कार्य का ठेका हो जाएगा। नौ करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण होना है। यह कार्य अगस्त तक पूरा होगा। प्रबंधन ने पुल निर्माण समय से पूरा कराने के लिए निर्माण के ठेके में दो एजेंसियों को मौका देने का निर्णय लिया है।

अब परियोजना का कार्य दो भाग में बांट दिया गया है। 50 प्रतिशत कार्य का ठेका हो गया है जबकि, दूसरी एजेंसी को 2 फरवरी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। रेलवे स्टेशन रोड से लाइनपार क्षेत्र को जोड़ने वाले पुराने रेलवे पुल को दोपहिया वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। पुल कमजोर होने की वजह से साल भर पहले पूरी तरह से बंद कर दिया गया था लेकिन, क्षेत्रीय लोगों की परेशानी और मांग के मद्देनजर इसे पैदल लोगों के लिए खोला गया है, जबकि मौजूदा पूल के पास दूसरे पुल के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

कपूर कंपनी पुल से गुजरते राहगीर। ● अमृत विचार

यह पुल 170 मीटर लंबा और तीन मीटर चौड़ा होगा। पुल पर दो पहिया वाहनों का आना- जाना हो सकेगा। सही अर्थों में नया पुल भी पैदलगामी ही होगा। इसके निर्माण कार्य पर रेल प्रबंधन 9 करोड़ रुपये खर्च करेगा। रेल प्रबंधन ने दो हिस्से में पुल बनाने का फैसला लिया है। रेलवे के सिग्नल, सिविल, बिजली और इंजीनियरिंग विभाग को अपने हिस्से का काम करना है। पुल की डिजाइन विभाग पास करेगा। लिखित रूप से इस कार्य की जिम्मेदारी एजेंसी को 2 फरवरी को दे दी जाएगी।

रेलवे के डीईएन हरपाल सिंह का कहना है कि दो हिस्सों में कार्य बांट दिया गया है। मिट्टी की जांच हो गयी है। नक्शा बनाया जा चुका है। अब खंभा, डिजाइन वाली एजेंसी को दो दिन में ठेका दे दिया जाएगा। पूरा प्रयास होगा कि अगस्त तक पुल जनता को सौंप दिया जाए।

सिपाही ने युवती से किया दुष्कर्म, चार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पाकबड़ा

- एक साल तक शादी का झांसा देकर युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर सिपाही द्वारा एक साल तक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती ने सिपाही समेत उसके माता-पिता व भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती ने सिपाही विपिन, उसकी माता रेखा, पिता लटूर सिंह एवं भाई विशाल निवासी मुजफ्फरनगर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। युवती ने आरोप लगाया है कि करीब एक साल पहले वह असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी के मेले में गई थी। उसकी तैनाती असमोली थाना में थी। मेले में सिपाही विपिन की भी ड्यूटी लगी हुई थी। बताया कि उसकी तैनाती अब संभल जिले के बनियाठेर थाने में है। उसके बाद सिपाही मुझसे बात करने लगा और घर आने जाने लगा। आरोप लगाया कि सिपाही ने शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि शादी के लिए मेरे परिवार वाले भी तैयार थे। 16 जनवरी को जब युवती ने सिपाही को फोन किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी और शादी करने से इनकार कर दिया। इस मामले में उसके माता-पिता एवं भाई भी शामिल है। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि युवती ने दुष्कर्म के मामले की तहरीर दी थी। जिसमें संभल जिले में तैनात सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

111 वादों का निस्तारण

मुरादाबाद, अमृत विचार : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार के मार्ग दर्शन में 29 से 31 जनवरी तक विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत लंबित शमनीय दाण्डिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज किरन बाला ने बताया कि विशेष लोक अदालत के अंतिम दिन अपर जिला जज कोर्ट सं0-04 द्वारा 111 वादों का निस्तारण किया गया।

पांच जुआरी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाने के दरोगा ने बुधवार को जुआ खेलने के आरोप में पांच आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें गौरव, संजय, राजा, जितेंद्र, विक्की हैं। ये सभी लोग धीमरी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर लिया है। दरोगा सुशील चौधरी के मुताबिक, मंगलवार को गश्त के दौरान धीमरी में वीर सिंह के खाली प्लाट पर कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना मिली थी।

बैंड-बाजे के साथ निकली यात्रा में शामिल हुईं 300 से अधिक महिलाएं, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

श्रीराम कथा अमृत महोत्सव आज से, निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट, श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीम करोली आश्रम ट्रस्ट, लाला ओम प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट एवं श्रीराम कथामृत महोत्सव समिति की ओर से बुधवार को बैंड-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा में 300 महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर फूल-मालाओं से स्वागत हुआ।

समिति की ओर से गुरुवार से श्रीराम कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का आरंभ आर्यन स्कूल के पास ऋषा मुक्तेश्वर मंदिर से अनिल कुमार शर्मा ने नारियल फोड़ कर किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और बैंड बाजों की धुन पर यात्रा आगे बढ़ी। यात्रा में सबसे आगे मुख्य यजमान विनीत कुमार गुप्ता और महेश चंद्र अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस को अपने सिर पर धारण किया और यात्रा में पैदल चलते हुए आगे बढ़े। भगवान राम की भक्ति में डूबी 300 से ज्यादा कलश धारण कर महिलाएं शामिल हुईं। भव्य यात्रा आर्यंस स्कूल से शुरू हुई और बुद्धि बिहार क्षेत्र में घूमकर कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर यात्रा का समापन हुआ।

पंडाल में पहुंचकर कलशों की स्थापना की गई और भगवान श्रीराम का जयघोष किया गया। इस अवसर पर यात्रा में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, प्रिया अग्रवाल, विशेष गुप्ता आदि शामिल हुए।

बुद्ध विहार में निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कलश यात्रा निकालना होता है शुभ

कथा व्यास धीरशांत अर्धमौनी ने बताया कि सनातन धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले कलश यात्रा निकाले जाने की परंपरा है। माना जाता है की कलश यात्रा में ब्रम्हा, विष्णु व महेश तीनों देवों के साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। जिस मार्ग से भी कलश धारण करने वाले भक्त भ्रमण करते हैं। वो धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। तो वहीं जो भी भक्त अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हैं और सदमार्ग पर चलने का आशीर्वाद देते हैं। मानुष को जन्म मरण से मुक्ति मिल जाती है।

कलश यात्रा में ये लोग रहे मौजूद

विभोर कुमार लोहिया, विपिन कुमार लोहिया, प्रवीण कुमार, अंकुर अग्रवाल, पंकज सक्सेना, अवधेश लोहिया, कुमकुम गुप्ता, नयन तारा गुप्ता, शिखा गुप्ता, भारती गुप्ता, अनुभव लोहिया, अनमोल लोहिया, आकर्ष लोहिया, गौरव अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अजय नारंग, संजीव, आकांक्षी, रितु नारंग, शशि अरोड़ा, मीनू मल्होत्रा, हरी गोपाल शर्मा, केके गुप्ता, प्रदीप शर्मा, राजीव अग्रवाल, सीमा गुप्ता, मोहिनी सक्सेना, पूनम शर्मा, सुनीता शर्मा, निशा सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

राममय हुआ माहौल

कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के जयघोष से माहौल पूरी तरह राममय हो गया। इस दौरान यात्रा में राम भक्त राम नाम जाप के साथ श्रीशिरडी साइन करुणा संस्थान के द्वारा महाराष्ट्र पुनेरी ढोल, अर्धमौनी धीरशांत दास के द्वारा हरे राम हरे कृष्णा महामंत्र के साथ और बैंड-बाजे के साथ झूमते हुए आगे बढ़े।

धार्मिक स्थलों के दर्शन से मिलता है सुकून

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र के ग्राम गोट से काशी विश्वनाथ मंदिर बाबा भोलेनाथ के लिए टूर ले जाया गया। जिससे भक्तों को प्रसन्नता हुई। रवि कुमार प्रजापति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगों को धर्मलाभ मिला। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ में विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग है। मंदिर के मुख्य देवता को श्री विश्वनाथ और विश्वेश्वर के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि पवित्र गंगा नदी में स्नान के बाद इस मंदिर का दर्शन कर लेने से ही मोक्ष मिल जाता है। तुलसीदास के महाकाव्य से छंद दीवारों पर अंकित हैं, यह दुर्गा मंदिर के निकट है। बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने वालों में रमेश कुमार, राजीव कुमार, बलराम सिंह, अनुज ठाकुर, अरविंद राज, कपिल तोमर, अनिल कुमार और दिव्यांश दिवाकर, अंकित ठाकुर आदि शामिल रहे।

शीतलहर से सुबह ठिठुरे लोग, छाया रहा कोहरा

दोपहर में धूप से राहत, रात में हुई बूंदाबांदी, मौसम वैज्ञानिक ने आज भी जताई बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार को सुबह कोहरे की चादर ढकी रही। महानगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर तक कोहरे का असर रहा। हाईवे पर वाहनों की गति पर इसका असर पड़ा। वहीं यातायात पुलिस ने भी कोहरे में वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए लोगों को जागरूक किया। शाम को अचानक मौसम ने करवट ली, कुछ बूंदें पड़ी। रात में हल्की बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार गुरुवार को भी बारिश हो सकती है।

सुबह देर तक कोहरा छाया रहने से जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। स्कूल जाने वाले बच्चों के वाहन चालक भी काफी संभल कर वाहन चलाकर ले गए। महानगर के कांठ रोड के आसपास के क्षेत्रों में दोपहर तक कोहरे का असर रहा। इससे आटो रिक्शा और अन्य वाहनों की हेडलाइट जलाकर लोग गुजरे। दोपहर में निकली हल्की धूप से फौरी राहत मिली। लेकिन शाम को अचानक मौसम ने करवट ली। कुछ बूंदाबादी हुई लेकिन फिर बंद हो गई। रात में फिर हल्की बूंदाबांदी हुई। गुरुवार को बारिश का अनुमान कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह ने जताया। उनका कहना है कि गुरुवार को भी हल्की बारिश होगी। बारिश से बादल और कोहरा छट जाएगा, इसके बाद धूप निकलेगी। बताया कि अधिकतम तापमान 19.8 और न्यूनतम 8.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

रिमझिम बारिश में कांठ रोड का नजारा। ● अमृत विचार

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने का सिलसिला जारी, यात्री परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : लंबी दूरी की ट्रेनों की प्रतीक्षा के बाद लोग यात्रा का माध्यम बदलने को मजबूर हैं। बुधवार को जनसाधारण, लिंक एक्सप्रेस, उपासना और गरीब नवाज के यात्रियों को अपना कार्यक्रम बदलना पड़ा। दोपहर बाद सीआईटी और स्टेशन मास्टर कक्ष में कई यात्री आए और टिकट निरस्त कराया। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलंब को लेकर कुछ भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं है। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। कोहरा पर किसी का नियंत्रण नहीं है। संरक्षा कारणों से रात में ट्रेनों की गति नियंत्रित कर दी गयी है। उधर, दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने के बाद रेलवे के परिचालन विभाग के जिम्मेदारों के चेहरे पर तनाव देखा गया। स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि मौसम अचानक खराब हो गया। इसका प्रभाव ट्रेनों की समयबद्धता पर पड़ेगा। सुबह के समय यह गाड़ी 15 घंटे 46 मिनट की देरी से चल रही थी। रात में 13 :58 मिनट देरी से यहां पहुंची। उधर, सरयू-यमुना 3 घंटे 52 मिनट, गंगा-सतलुज 6 घंटे 18 मिनट, दुर्गियाना 2 घंटे 30 मिनट, चंडीगढ़ मेल 3 घंटे 4 मिनट और काठगोदाम जनशताब्दी 2 घंटे 12 मिनट की विलंब से आई। धार्मिक नगरी कामाख्या से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस 3 घंटे 5 मिनट की देरी से चल रही है। देहरादून से सूबेदारगंज के बीच चलने वाली लिंक एक्सप्रेस के यात्री 4 घंटे 50 मिनट से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 56 मिनट चलने को सूचित रही जबकि, जम्मू से कानपुर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 4 घंटे 10 मिनट देर से आई। गरीब नवाज के यात्रियों को 3 घंटा ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। उपासना एक्सप्रेस 2 घंटे 4 मिनट, गरीब रथ एक घंटा 23 मिनट और चंपारण सत्याग्रह एक घंटा 9 मिनट की विलंब से स्टेशन पहुंची।

इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस विभाग के सात कर्मचारी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इन कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष गंगवार ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र दिया और अंग वस्त्र एवं घड़ी अन्य उपहार भेंट किए।

उन्होंने बताया कि निरीक्षक (गोपनीय) पवन कुमार, दरोगा परमाल सिंह, हरिपाल सिंह, मुनेश चन्द्र शर्मा, धीरेन्द्र सिंह वर्मा, मुखराम सिंह और मुख्य आरक्षी रामअवतार का विभाग में सेवाकाल पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि बरेली निवासी निरीक्षक पवन कुमार ने विभागीय सेवा काल में 77 नकद एवं 83 उत्तम प्रविष्टि प्राप्त की है। मेरठ निवासी दरोगा परमाल सिंह अपने सेवा काल में 57 नकद एवं 63 उत्तम प्रविष्टि प्राप्त की है। इसी तरह दरोगा हरिपाल सिंह ने भी अपने सेवा काल में 52 नकद एवं 60 उत्तम प्रविष्टि पाई है। मुनेश चन्द्र शर्मा ने सेवा काल में 54 नकद एवं 62 उत्तम प्रविष्टि प्राप्त की हैं। धीरेन्द्र सिंह वर्मा 1983 को आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। फिर दरोगा बनने के बाद उन्होंने अपनी सेवा काल में 58 नकद एवं 54 उत्तम प्रविष्टि पाई है।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

खोदाई में निकले तीन घड़े सोना-चांदी मिलने की चर्चा

संवाददाता, अगवानपुर

अमृत विचार: नगर में वर्षों पुराने मकान को जेसीबी द्वारा तोड़ा जा रहा था। इस दौरान दीवार के नीचे तीन घड़े निकले। जिनमें एक में सोने-चांदी होने की चर्चा है। खबर सुनते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

नगर पंचायत के मोहल्ला पुरानी पुलिस चौकी पर कैलाश चंद्र गुप्ता पुत्र रामरक्ष गुप्ता का वर्षों पुराना मकान बना हुआ था। जिसे कैलाश चंद्र गुप्ता ने लगभग 40 लाख रुपये में आसिफ उर्फ मुल्ला को बेच दिया था। बुधवार को मकान को दोबारा बनाने के लिए जेसीबी द्वारा तोड़ा जा रहा था। इस दौरान दीवार तोड़ते समय तीन घड़े निकले हैं। जिसमें से एक घड़े में सोने-चांदी के आभूषण व अशर्फियां निकलने की बात सामने आई है। जबकि दो घड़ों को खाली बताया जा रहा है। जिसका नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस व लेखपाल और एलआईयू भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन कोई भी अधिकारी इस विषय में कुछ बताने को तैयार नहीं हैं।

बच्चियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवलपमेंट की ओर से पार्टेज कार्यक्रम के तहत बुधवार को फकीरपुरा में किशोरी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो मानव तस्करी रोधी इकाई, एंटी रोमियो, साइबर अपराध और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिसंबर व जनवरी में प्रशिक्षण के क्रम में हुआ। सिविल डिफेंस से एडीसी सतीश कुमार और स्टॉफ ऑफिसर शरीफ अहमद एडवोकेट ने बच्चियों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही आग से बचाव, प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूकंप आदि होने पर किस तरह से अपने परिवार को और अपना बचाव कर सकते हैं। सार्ड संस्था से कार्यक्रम समन्वयक लोतीका जैकब, श्रृद्धा शर्मा, गुनाज, आंचल शर्मा, दनिया नाज मौजूद रहे।

जिले के 250 निराश्रित बच्चों को हर महीने मिलेंगे 4,000

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- प्रोबेशन विभाग ने अब तक 100 बच्चों को चयनित किया
- डीएम की अध्यक्षता में गठित की गई पांच सदस्यीय कमेटी

अमृत विचार: प्रोबेशन विभाग की ओर से संचालित स्पांसरशिप योजना में निराश्रित बच्चों को 4 हजार रुपये प्रति माह दिया जाएगा। इस योजना में भारत सरकार ने 250 बच्चे को चिह्नित कर शामिल करने के लिए कहा है। इसके लिए कमेटी गठित की गई है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं। विभाग को फरवरी तक दिए गए लक्ष्य को पूरा करना है।

केंद्र सरकार की स्पांसरशिप योजना को लेकर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमेटी में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, बाल श्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी और एनजीओ के प्रतिनिधि के रूप में एक सदस्य रहेगा। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कमेटी को फरवरी तक 250 बच्चों को चिह्नित कर योजना में शामिल करना है। इस योजना में 18 साल की उम्र तक के निराश्रित बच्चों को शामिल किया जाएगा। इसमें जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है या किसी आपराधिक घटना में कारावास काट रहे हैं उन बच्चों भी योजना में शामिल कर हर महीने 4 हजार रुपये दिया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 100 बच्चों को चिह्नित कर लिया गया है। फरवरी में 150 बच्चों को चिह्नित कर लिया जाएगा।

डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 47 कर्मचारी, स्पष्टीकरण मांगा

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इसमें विभिन्न कार्यालयों में 47 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिनसे जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब किया। भविष्य में समय से कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट भवन में जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय, संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करने के लिए औचक निरीक्षण किया। इसकी जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। लेकिन जिलाधिकारी ने पहुंचते ही कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका अपने पास लेकर सबकी उपस्थिति-अनुपस्थिति देखी।

जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में तैनात 14 कर्मचारियों में से 11, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय में तैनात 13 के सापेक्ष 9 और संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट में तैनात 55 कर्मचारियों में से 27 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा। भविष्य में निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के भी निर्देश दिए।

आज से शुरू होगा नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- शिक्षकों को लंच व जलपान के लिए मिलेंगे 172 रुपये प्रतिदिन
- प्रशिक्षण में जनपद के 704 नोडल शिक्षक करेंगे प्रतिभाग

अमृत विचार: प्रशिक्षण में आए शिक्षकों को अब खाने के पैसे दिए जाएंगे। यह निर्णय प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर चुके शिक्षकों की खाने को लेकर आने वाली शिकायतों के बाद लिया गया है। समावेशी शिक्षा के तहत शुरू हो रहे प्रशिक्षण में शिक्षकों को 170 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से खाने का पैसा देने के आदेश जारी किए गए हैं।

एक फरवरी से जनपद के 704 नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू होना है। इसको लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र भी लिखा है।

पत्र के अनुसार टीचर्स ट्रेनिंग फॉर सीडब्लयूएसएन के मद के अंतर्गत समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के लिए परिषदीय विद्यालयों के नोडल टीचर्स की बीआरसी स्तर पर 90 दिवसीय प्रशिक्षण ब्लेंडेड मोड में कराए जाने, जिसमें 10 दिवसीय प्रशिक्षण (5-5 दिवस के दो चरण में) ऑफलाइन मोड में तथा 80 दिवसीय प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कराए जाएंगे।

प्रथम चरण में जनपद के 704 नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण 1 फरवरी से शुरू हो रहा है। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले नोडल टीचर्स को प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद 170 रुपये प्रतिदिन की दर से जलपान/ लंच के लिए देय होगा। ये धनराशि जिला परियोजना कार्यालय द्वारा बैचवार प्रशिक्षण समाप्ति के सात दिन के अंदर शिक्षकों के खाते में अंतरित कर दी जाएगी।

गैंगस्टर की 16.06 लाख की अचल संपत्ति कुर्क

मुरादाबाद, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा थाना पुलिस ने गोकशी करने के गैंगस्टर अभियुक्त अफजाल हुसैन की करीब 16,06,535 रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क किया है। अभियुक्त अफजाल डिलारी थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर सैमली का रहने वाला है। आरोप है कि यह गैंग बनाकर आपराधिक क्रिया-कलाप व गोकशी जैसे अपराध करता है। इन्हीं अपराधों के सहारे इसने अवैध धन अर्जित करके संपत्ति से गाटा- 62 पर 85.5 वर्ग मीटर भूमि पर मकान भी बना लिया है। इसकी कीमत लगभग 16,06,535 रुपये बताई जा रही है। संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई में एसपी देहात संदीप कुमार मीना, ठाकुरद्वारा तहसील के नायब तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी व थाना पुलिस टीम मौजूद थी।

एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अगवानपुर, अमृत विचार: जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस दानिश सैफी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरीके से चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना मेयर बनाया है। यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। बुधवार को जिला सदर तहसील पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया है। इस दौरान निशांत शर्मा, राहुल, विपिन, अजीम, आसिफ, सलाउद्दीन, मुश्ताक अहमद, नीरज, अजीत, शाहरुख आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र की शादी का रिसेप्शन समारोह

कार्यक्रम में लगा मंत्रियों और नेताओं का जमावड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर

अमृत विचार : कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख की शादी के रिसेप्शन समारोह में बुधवार सुबह से प्रदेश सरकार के मंत्रियों का जमावड़ा लगा रहा। कृषि राज्यमंत्री ने भी मेहमानों का तहे दिल से इस्तकबाल किया।

कार्यक्रम स्थल पर पंडाल में दो गेट बनाए गए थे। एक वीआईपी और दूसरा आमंत्रित किए गए आम जन के लिए बनाया गया था। वीआईपी गेट पर भारी सुरक्षा तैनात थी। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से बहसबाजी भी हुई। कार्यक्रम में जब तक योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे, तब तक प्रशासन ने पंडाल में अंदर से बाहर आने वालों के आवागमन पर रोक लगा दी। करीब 45 मिनट तक लोगों की भीड़ गेट पर ही जुटी रही। इसमें बच्चे व महिलाएं भी शामिल थीं। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री अनिल राजभर, मंत्री गुलाब देवी, मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री अजीत पाल, राज्यमंत्री मन्नूलाल कोरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, उत्तराखंड सरकार में मंत्री सौरभ बहुगुणा, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, पूर्व मंत्री अरविन्द पांडेय, विधायक राजबाला, पंजाब के विधायक राणा गुरदीप सिंह, मुरादाबाद नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी, पूर्व मंत्री नवेद मियां, पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व मंत्री रणजीत सिंह राणा, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, पूर्व विधायक अली यूसुफ अली, सूर्यप्रकाश पाल, रेडिको खेतान के डायरेक्टर केपी सिंह, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, ब्लाक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार, राइस मिलर्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह गिल, अमृतपाल सिंह गिल हैप्पी आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य नेता। ● अमृत विचार

विजयी मुद्रा में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

144 वोट लेकर सीताराम बने अध्यक्ष

मुरादाबाद, अमृत विचार: सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद का चुनाव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में हुआ। इसमें मतदान के माध्यम से पदाधिकारी चुने गए। जिसमें सीताराम अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष पद के चुनाव में कुल 153 वोट पड़े। जिसमें सीताराम को 144 और रेखा रानी को सिर्फ 9 वोट मिला। इस प्रकार बड़े अंतर से सीताराम ने चुनाव जीत कर अध्यक्ष पद हासिल किया। उनकी जीत पर लोगों ने बधाई दी। इस दौरान लईक अहमद, विपिन कुमार, अनाम सिंह, रमाशंकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एक नजर

ग्राम जमालपुर में जुआ खेलते चार पकड़े

बिलारी, अमृत विचार : ग्राम जमालपुर में मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मोती सिंह पुत्र हरिश्चंद्र, प्रवेश कुमार पुत्र ज्ञानी सिंह, जयसिंह पुत्र रामदास निवासी ग्राम जमालपुर तथा कल पुत्र सुकन निवासी ग्राम जरगांव शामिल हैं। उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल फरीद खान, कांस्टेबल देवराज आदि ने गिरफ्तार लोगों के पास से ताश के पत्ते और लगभग 920 रुपये बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : नगर में सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बुधवार को नगर के मोहल्ला मुण्डों वाली कालोनी में सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली। जिसमें कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से सट्टे की पर्ची, 510 रुपये, पेन आदि बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीम पुत्र रहीस अहमद निवासी मोहल्ला लाल बाग वार्ड नं 6 बताया है। पुलिस ने अभियुक्त वसीम के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

किसान के घेर से ट्रॉला चोरी, तहरीर दी

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव से चोर किसान के घेर में खड़ा ट्रॉला चुरा ले गए। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। किसान यामीन पुत्र अफसर निवासी ग्राम कादलपुर मस्ती ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि 30 जनवरी की शाम को उसने अपने घेर में ट्रॉला खड़ा किया था और घर जाकर सो गया था। अगली सुबह जब वह अपने घेर में पहुंचा तो देखा कि वहां से ट्रॉला गायब था। उसने परिजनों के साथ इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन ट्रॉला नहीं मिला। पीड़ित ने ट्राला बरामद करने की मांग की है।

कुत्तों ने छह लोगों को काट कर जख्मी किया

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : कुत्तों ने नगर के मोहल्ला ताली निवासी अरुण गौतम, रतूपुरा निवासी अरविंद कुमार, आलमपुर चौहान निवासी नावेद, नगर निवासी कमला, मानावाला निवासी मित्रपाल, काशीपुर के पैगा निवासी शनि गुप्ता को काटकर जख्मी कर दिया। उनके परिवारवालों ने सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है।

लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें छात्र

प्राथमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव, अभिभावक-शिक्षक बैठक हुई

प्राथमिक विद्यालय माननगर में वार्षिकोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षिकाएं।

कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव में उपस्थित अध्यापक। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: बुधवार को प्राथमिक विद्यालय माननगर में वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मन मोह लिया। साथ ही विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन भी किया गया।

समारोह में प्रधानाध्यापक भुवनेश कुमारी ने कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का है। अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही अभिभावक शिक्षक की बैठक के दौरान अभिभावकों से बच्चों की शैक्षिक प्रगति के बारे में चर्चा की गई।

इसके बाद प्रधानाचार्या भुवनेश कुमारी ने उत्तम कार्य करने वाले बच्चों को मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आलिया नूर, रहमान, मोहम्मद शाद, मोहम्मद बिलाल, यश कुमार, आयत, सानिया, सोफिया, वंशिका आदि मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए देशभक्ति गीत

कांठ, अमृत विचार : नगर में स्टेशन रोड स्थित कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक के बाद वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने मैं हूं फौजी तू मनमौजी, देश रंगीला रंगीला आदि की प्रस्तुति से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर उदयवीर सिंह(प्रभारी प्रधानाध्यापक), वंदना विश्नोई, नीरू रस्तोगी, स्वाति शेखावत, पारुल जैन सोनी, बदर जहां, वंदना शर्मा, राखी विश्नोई , कविता रानी, सुमन कुमार एवं नगर पंचायत सभासद चमन कुमार आदि ने संबोधित किया। संचालन पारुल जैन सोनी ने किया। आभार उदयवीर सिंह ने किया।

बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल सील, एफआईआर

डिलारी, अमृत विचार: क्षेत्रवासियों की शिकायत पर नोडल अधिकारी ने बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल को सील कर संचालक के खिलाफ थाना डिलारी में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिससे झोलाछापों में खलबली मच गई।

गांव मुलाबान निवासी झोलाछाप अहमद काफी दिनों से सलेम सराय गांव स्थित शिव मंदिर के पास बिना पंजीकरण नर्सिंग होम का संचालन कर रहा था। जिसमें गलत उपचार के चलते कई लोगों की जान चली गई। जिसपर क्षेत्रवासियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। सीएमओ के आदेश पर नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार ने नर्सिंग होम पहुंचकर जांच की। जांच में मेडिकल से संबंधित किसी स्टाफ के पास वैध डिग्री नहीं पाई गई। साथ ही निरीक्षण में नर्सिंग होम में घोर अनियमिताएं पाई गई। बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल को सील कर थाना डिलारी में झोलाछाप अहमद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मेडिकल काउंसलिंग एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

सार-संक्षेप

दोनों नवजात के साथ चिकित्सक। ● अमृत विचार

एलएससीएस विधि से दो महिलाओं का प्रसव कराया

बिलारी, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में लोअर सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन (एलएससीएस) द्वारा चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक प्रसव करवाया। रेशमा बजाहट, डॉ. दुर्गेश्वरी और उनकी टीम द्वारा यह ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन की सफलता के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने पूरी टीम को बधाई दी।

गायन प्रतियोगिता के ऑडिशन में दिखाई प्रतिभा

बिलारी, अमृत विचार : नगर के सामाजिक संगठन द्वारा राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए प्रदेश के कई जिलों से गायन से जुड़ी प्रतिभाओं का चयन करने के लिए ऑडिशन किए जा रहे हैं। बुधवार को एक बैंक्वेट हॉल में ऑडिशन कराए गए। जिसमें कई वर्ग के गायकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सूत्रधार नोमान जमाल ने बताया कि इन आयोजनों से छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। हुनर राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में बॉलीवुड के सिंगर फरहान साबरी 11 फरवरी को इस शो के ग्राण्ड फिनाले को जज करने मुंबई से आएंगे। ऑडिशन में रूही, कृतिका शर्मा, अमन गुप्ता, शने, आर्यन, साकिब, दीपिका सक्सेना, कृष्ण गुप्ता, मुकुल सक्सेना, इकराम, इमरान, मनीष आदि मौजूद रहे।

आडिशन देती प्रतिभागी। ● अमृत विचार

सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में 4 फरवरी को होगा साइंस ओलंपियाड का आयोजन

कांठ, अमृत विचार : नगर स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 4 फरवरी (रविवार) को कक्षा एलकेजी से कक्षा 12 तक साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के क्षेत्र के सभी स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र कुमार विश्नोई ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि यदि वह किसी कारणवश विद्यालय में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में आवेदन नहीं कर पाए हैं तो एक फरवरी से 2 फरवरी तक विद्यालय में आकर पंजीकरण करा सकते हैं व एंट्री स्लिप प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक जितेंद्र विश्नोई।

ससुरालियों पर लगाया बेटी की हत्या का आरोप

रुद्रपुर, अमृत विचार : जसपुर क्षेत्र के लोगों ने पीड़ित परिजनों के साथ ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित भूप सिंह ने कहा कि उनकी पुत्री रीता की शादी 3 दिसंबर 2015 को हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी के समय क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था। कुछ दिनों तक सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद ससुराली पुत्री को कम दहेज लाने के लिए ताने देने लगे। इतना ही उसके साथ मारपीट भी करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर बीती 26 जनवरी की रात उनकी पुत्री ने अपने भाई के मोबाइल पर फोन किया और दहेज के लिए मारपीट करने की बात बताई। 27 जनवरी को ससुरालियों ने फोन से बताया कि उनकी पुत्री ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के परिजनों ने एसएसपी से ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उधर एसएसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में भूप सिंह, प्रीतम सिंह, मदन सिंह, राजीव कुमार, राजवीर सिंह, संतोष कुमार, महेंद्र सिंह, सुनीता, विमला देवी, अनीता, पुष्पा देवी, रूपा देवी, उमावती, सीमा आदि शामिल रहे।

उपजिलाधिकारी को सम्मानित करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

एसडीएम का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मान

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी सचिन राजपूत को शाल ओढ़ाकर एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया।

महासभा के तहसील अध्यक्ष ने बताया कि तहसील में समाज को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। समाज के किसी व्यक्ति का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सुदेश विश्नोई, हिमाचल सिंह चौहान, सुरेश चौहान, अनिल चौहान, डॉ. पृथ्वी सिंह, भोपाल सिंह, विजयपाल सिंह चौहान, राकेश चौहान, जितेंद्र चौहान, दिग्विजय चौहान, प्रमोद चौहान, शीशपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

नौकरी का लालच देकर एक लाख हड़पे, गिरफ्तार

बिलारी, अमृत विचार: ग्राम बकेनिया चांदपुर निवासी पंकज पुत्र विजेंद्र ने दो व्यक्तियों पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित पंकज ने बताया कि बीते दिनों प्रेमपाल पुत्र जागरण सिंह और उदय पाल निवासी ग्राम दौरा खास थाना कुड़ फतेहगढ़ तहसील चंदौसी जिला संभल निवासी ने जालसाजी एवं धोखाधड़ी करते हुए डाकखाने में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर उससे एक लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने बताया कि 16 माह बीत जाने के बाद भी उसके पास न तो कोई लेटर आया और न ही नौकरी मिली। विभाग से जानकारी करने पर पता चला कि वहां कोई पद ही खाली नहीं है। जिस पर उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। पीड़ित ने जब आरोपियों से रुपये मांगे तो दोनों ने रुपया देने की बजाय मारपीट की। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घर में युवती को अकेला देख बुरी नीयत से दबोचा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : घर में युवती को अकेला देख युवक ने दुष्कर्म के इरादे से छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर जमकर पीटा। लेकिन युवक चकमा देकर फरार हो गया। मामला दो समुदाय से जुड़ा है।

कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक गांव की युवती ने अपने परिजनों के साथ बुधवार को कोतवाली में पहुंची। जहां उसने शिकायती पत्र देकर कहा कि कि 29 जनवरी को उसके माता-पिता कहीं बाहर गए थे। वह घर पर वह अकेली थी। रात्रि 8:00 बजे गांव का एक युवक घर में घुस आया और दुष्कर्म के इरादे से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने युवक को पकड़कर पीटा। मगर वह चकमा देकर फरार हो गया। बाद में युवक पक्ष के लोगों ने युवती व उसके परिजनों को समझा बुझा कर मामला शान्त कर दिया। कोतवाली प्रभारी किरन पाल सिंह ने बताया कि युवती व युवक पक्ष के लोगों ने आपस में समझौता कर लिया। अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

आरोप

- शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने युवक को पकड़ कर धुना
- लोगों को चकमा देकर युवक मौके से हुआ फरार

महिला से छेड़छाड़

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : नगर निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने मकान का निर्माण करवा रही थी। उसके पड़ोसी रंजिशन घर में घुस आए। इसके बाद उसको लात-घूंसों से मारने पीटने लगे। जिसमें उसे चोट आईं हैं। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत की। बाद में निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को भगाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

चेहरा पहचान कर उपस्थिति का विरोध किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ठाकुरद्वारा ने विभिन्न मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें फेस रिकाग्निशन उपस्थिति पर विरोध जताया गया।

बुधवार को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि जब तक सरकार सभी परिषदीय विद्यालयों को आवंटित किए गए टैबलेट के सफल संचालन हेतु सीयूजी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराती है तब तक संगठन प्रत्येक स्तर पर डिजिटलाइजेशन का विरोध करेगा। इस दौरान वीर सिंह चौहान, त्रिवेंद्र कुमार, भूरे खां, अवधेश कुमार, आशीष वशिष्ठ, मनोज कुमार, प्रतिमा मिश्रा, मिथलेश, मो.सुब्हान, सुमित चौहान, महेश आदि मौजूद रहे।

पौने दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के काशीपुर चुंगी के पास में एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने तलाशी में उसके पास से लगभग पौने दो किलो गांजा बरामद किया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फारूख पुत्र झब्बू निवासी सरवर खेड़ा थाना कुंडा उत्तराखंड बताया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी पर हापुड़ व पीलीभीत में आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा में मामला दर्जकर उसे न्यायालय में पेश किया।

30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार : बुधवार को कोतवाली पुलिस कांस्टेबल जगदीश सिंह व चमन सिंह गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कमालपुरी चौराहे पर एक व्यक्ति अवैध शराब की केन लिए खड़ा है। पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक ने अपना नाम नईम पुत्र असग़र अली निवासी मोहल्ला नई बस्ती बताया। वही थाना क्षेत्र के गांव कटारमल में पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब के साथ भायपुर निवासी सुभाष पुत्र झबरा को गिरफ्तार किया।

बैठक मुआवजा विवाद को लेकर अधिकारियों ने किसानों से की वार्ता

समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

किसानों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार: मुरादाबाद-काशीपुर हाईवे फोरलेन निर्माण के लिए किसानों की भूमि अधिग्रहण मामले में अधिकारियों और किसानों में वार्ता हुई। इसमें अधिकारियों ने किसानों को शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

हाईवे फोर लेन निर्माण के लिए अधिग्रहण की भूमि 2019 के सर्किल रेट पर लेने का किसान विरोध कर रहे हैं। इसके चलते उन्होंने भूमि अधिग्रहण कार्य रुकवा दिया था। बुधवार को जटपुरा में तहसीलदार रमेश चन्द पाण्डेय और एनएचएआई के अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। इसमें किसानों ने 2024 के निर्धारित सर्किल रेट से ही मुआवजे की मांग की। इस पर तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि एक बार फिर से एनएचएआई और लोनिवि के अधिकारी आएंगे और किसानों से मुआवजे को लेकर वार्ता करेंगे। इस दौरान चौकी इंचार्ज, लेखपाल, ग्राम प्रधान खूब सिंह, किशन लाल, गेंदा सिंह, किशन लाल, देवेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, विजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मनोज सिंह, सोमवीर सिंह, कल्लू सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

12 लीटर शराब बरामद लहन नष्ट कराई

हसनपुर, अमृत विचार : आबकारी विभाग की टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रखेड़ा में छापेमारी कर 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की तथा 200 लीटर लहन नष्ट कराई। विभाग ने एक आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई भी की। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।

दो गुटों की मारपीट में महिला घायल

गजरौला, अमृत विचार : मामूली बात पर दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला घायल हो गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के अहरौला तेजवन गांव निवासी प्रश्नजीत व कपिल के बीच किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। मंगलवार को भी दोनों के बीच विवाद हो गया। उस समय तो लोगों ने किसी तरह विवाद शांत करा दिया था। आरोप है कि कुछ देर बाद कपिल अपने परिवार वालों को साथ लेकर प्रश्नजीत के घर में घुस गया तथा उसकी पत्नी अमरवती के साथ मारपीट व गाली-गलौज की थी।

चार वारंटी गिरफ्तार

रहरा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को थाना पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थानाध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि सुनील कुमार, निवासी जेबड़ा, लोकेश, भोजा, नानक निवासी भुरा वाली मढैया मजरा पथरा एतमाली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

जर्जर सड़क पर चलने को राहगीर मजबूर

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गंगा तटबंध के किनारे गांव से कस्बे को जाने वाली मुख्य सड़क कई वर्षों से जर्जर है। इस पर चलने वाले राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यहां लोगों को हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। सड़क को बनवाने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बताया जाता है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती हुई जनपद संभल के कस्बा गवां को पहुंचती है। यहां कई बार बड़े हादसे भी हो चुके हैं। लेकिन अभी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।

सपा नेता के भाई समेत तीन लोगों की हार्ट अटैक से मौत

पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी के भाई की मुंबई में हुई मौत

संवाददाता, नौगांवा सादात/डिडौली

अमृत विचार : सपा सरकार में मंत्री रहे नौगांवा सादात के मौलाना जावेद आब्दी के छोटे भाई की मंगलवार रात तीन बजे मुंबई में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं, डिडौली कोतवाली क्षेत्र में वॉलीबाल खेलते समय युवक की हार्टअटैक से मौत हो गई। वहीं रूटीन जांच कराने मेरठ गए व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

थाना नौगांवा सादात में रहने वाले मौलाना जावेद आब्दी समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री थे। बताया कि जावेद आब्दी के 35 वर्षीय छोटे भाई एहतेशाम मुंबई में पत्नी इशरत और दो बेटियों के साथ रहते थे। एहतेशाम मुंबई में कपड़े की दुकान चलाते थे। मंगलवार रात तीन बजे

निरपेंद्र और एहतेशाम का फाइल फोटो।

एहतेशाम की तबियत बिगड़ गई। उनके साढ़ू वसीम ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर नौगांवा सादात से उनके परिजन मुंबई के लिए रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि एहतेशाम का शव नौगांवा सादात लाकर सुपुर्दे खाक किया जाएगा। उधर, डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कटाई निवासी निरपेंद्र सिंह गंगा एक्सप्रेस वे पर चल रहे निर्माण कार्य में ग्रेडर मशीन चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी हिमांशी के अलावा दो बच्चे हैं। मंगलवार शाम निरपेंद्र गांव मंगरौला में दोस्तों के साथ वॉलीबाल खेल रहे थे। इसी बीच हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने निरपेंद्र की मौत का कारण भी हार्ट अटैक बताया है।

चेकअप कराने मेरठ गए व्यक्ति की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी 56 वर्षीय शाकिर खान की हार्ट अटैक से मेरठ में मौत हो गई। बताते हैं कि वह बुधवार को वह मेरठ दवाई लेने गए थे। वह हृदय संबंधित बीमारी से काफी दिनों से परेशान थे।

बस की टक्कर से भाजपा कार्यकर्ता समेत दो घायल

गजरौला, अमृत विचार : रोडवेज बस की टक्कर से कार सवार भाजपा कार्यकर्ता समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इससे हाइवे पर जाम की स्थिति भी बनी रही।

जनपद संभल निवासी भाजपा कार्यकर्ता योगेंद्र शर्मा व उनके साथी गिरिराज सिंह बुधवार को दिल्ली से कार से लौट रहे थे। बताते हैं कि गजरौला के निकट पीछे से तेजगति के साथ आ रही रोडवेज बस ने कार में टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार योगेंद्र शर्मा व गिरिराज सिंह घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों ने कार से निकालकर दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

दरबारे शाह विलायत में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मांगी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सैयद हुसैन शरफुद्दीन शाह विलायत के उर्स के दूसरे दिन बुधवार को जायरीनों ने दरगाह पर चादरपोशी की। अकीदतमंदों के हुजूम तथा सदाए अल्लाह-हो-अकबर से दिनभर फिजा में नूर ही नूर बरसता रहा। इस दौरान कव्वालों ने कलाम पेशकर मौजूद जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

बुधवार को उर्स की शुरुआत कुरानख्वानी से की। जैसे-जैसे दिन चढ़ा वैसे जायरीनों की संख्या में इजाफा होता गया। दरगाह के मुतवल्ली हसन शुजा ने दरबारे शाह विलायत में हाजिरी दी और जायरीनों को बुजुर्गों की जिदंगी से सीख लेकर जिंदगी गुजारने की पैगाम दिया। इसके बाद लंगर तकसीम किया। मुजाबिर मंसूर

शाह विलायत की दरगाह पर चादरपोशी करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

आलम ने जत्थे के साथ शान ओ शौकत से मजारे मुबारक पर चादर व गुलपोशी की। इस दौरान दरगाह पर अकीदतमंदों की भीड़ लगी रही। वहीं कव्वालों ने शाह विलायत की शान में कलाम पेशकर माहौल को नूरानी बना दिया। सूफियाना कलाम पर अकीदतमंद झूमने पर मजबूर हो गए। वहीं, शाम ढलते ही दरगाह पर अकीदत का सैलाब उमड़ पड़ा। जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी लगाई और अकीदत का इजहार करने के बाद बच्चों के साथ मेले में खरीदारी की।

जनसेवा केंद्र में आग लगने से सामान जला

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में किसी ने जलती हुई लकड़ी जन सेवा केंद्र का शटर उठाकर अंदर डाली दी। जिससे जन सेवा केंद्र में आग लग गई। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जनसेवा केंद्र संचालक ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस शिकायत मिलने पर मामले की जांच में जुट गई है।

थाना आदमपुर क्षेत्र की ढबारसी चौकी क्षेत्र के गांव साथलपुर की बीच की मडियों में गांव निवासी कमल सिंह पुत्र छोटे लाल का जन सेवा केंद्र है। वह मंगलवार शाम जन सेवा केंद्र बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने जन सेवा केंद्र में आग लगने की सूचना दी। आग लगने की सूचना मिलने पर जनसेवा केंद्र पहुंचे पीड़ित का कहना है कि किसी ने

जनसेवा केंद्र में जला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

रंजिश के चलते शटर उठाकर उसमें जलती लकड़ी डाली गई है। जिससे जनसेवा केंद्र में आग लगने से दो लैपटॉप, दो डेस्कटॉप, लेमिनेशन मशीन, इनवर्टर बैटरा, तीन कैमरे और गल्ले में रखी 20 हजार रुपये की नकदी जल गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ आदमपुर थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

मस्जिद में लगी आग

अमरोहा, अमृत विचार : देहात थाना क्षेत्र के गांव नन्हैड़ा में बुधवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मस्जिद में आग लग गई। इसी दौरान मस्जिद में सो रहे इमाम ने भागकर जान बचाई। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी। गांव नन्हैड़ा में मस्जिद में बुधवार सुबह आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुंरत आग की सूचना अग्नि शमन विभाग को दी। आग लगने के समय इमाम मस्जिद में ही सो रहे थे। जैसे ही उन्होंने आग की लपटें उठती देखीं तो वह जान बचाकर मस्जिद से बाहर की ओर भागे। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्नि शमन विभाग की टीम भी मौके पर आ गई और आग पर काबू पाया। आग लगने से एक लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है।

विवाद में युवक पर चलाई गोली, एसपी से शिकायत

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के बसेली गांव निवासी फुरकान का गाजियाबाद निवासी बुआ के बेटे से विवाद है। मंगलवार को बुआ का बेटा बसेली आया था। दोनों के बीच फिर से विवाद हो गया। आरोप है कि साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने फुरकान से मारपीट कर दी। उस वक्त परिवार के लोगों ने दोनों को समझाकर शांत करा दिया था।

मंगलवार रात आरोपी अपने साथियों के साथ फिर से बसेली पहुंचा तथा फुरकान पर फायरिंग कर दी। फुरकान ने खुद को घर में छिपाकर किसी तरह बचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी की। फुरकान का आरोप है कि कुमराला चौकी इंचार्ज को घटना की तहरीर दी गई लेकिन उन्होंने उसे फाड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी से मिलने जाते लोग। ● अमृत विचार

मंदिर की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर की 650 मीटर भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए नगर के कई लोगों ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। पांच महीने बाद भी अधिकारियों ने मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया और न ही किसी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

बुधवार को उप जिलाधिकारी व सीओ ने दोनों पक्षों को कार्यालय में बुलवाया था, लेकिन एक पक्ष के न पहुंचने से कुछ नहीं हुआ। इस दौरान उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल एवं एसडीएम की नोकझोंक हो गई। मनोज गोयल ने कहा कि अधिकारी आरोपियों का पक्ष ले रहे हैं। मंदिर की भूमि से कब्जा नहीं हटा तो आंदोलन होगा। इस मौके पर डॉ. शिवचरण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, कुलदीप वैश्य, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, अंकुर अग्रवाल, निक्कू अग्रवाल, संदीप गुप्ता, विवेक शर्मा, असलम हुसैन, अकरम हुसैन शामिल रहे।

कोर्ट का फैसला सुन बांटा प्रसाद

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में न्यायालय का फैसला आने पर सनातन धर्म के अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नगर में लोगों ने प्रसाद बांटा।

ज्ञात हो कि सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए जनवरी का महीना खुशियों भरा रहा। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 31 जनवरी को वाराणसी के ज्ञानवापी केस में जिला न्यायालय द्वारा हिंदू पक्ष के समर्थन में फैसला सुनाते हुए तहखाना में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार दे दिया है और जिला प्रशासन को सात दिन में व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। न्यायालय के फैसले से खुश होकर सनातन धर्म के अनुयायियों ने राजपूत कॉलोनी में प्रसाद बांटा और जय श्रीराम और हर हर महादेव का जयघोष किया। इस मौके पर टीन्नू चौहान, ऋषिपाल, दिनेश, उमेश, अंबर, हर्षित, कमल, गुड्डू, सुधीर चौहान, जयप्रकाश, आशु, निटू, सतीश शामिल रहे।

कालोनी में प्रसाद बांटते लोग। ● अमृत विचार

कोहरे के बीच जाती ई रिक्शा। ● अमृत विचार

ठंड में स्कूल जाते बच्चे। ● अमृत विचार

घने कोहरे से यातायात प्रभावित

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : बुधवार को कोहरे की चादर में लिपटी सुबह ठंड से लोग ठिठुरते हुए दिखाई दिए।

बुधवार को मौसम के तेवर बेहद तल्ख रहे। घने कोहरे से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। सुबह कोहरे से आसपास की चीजों को भी देख पाना मुश्किल था। हेडलाइट जलाने के बावजूद नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे पर वाहन रेंग-रेंगकर आगे बढ़ रहे थे। स्कूली बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। दोपहर को कोहरा छंटा तो सूर्यदेव ने दर्शन दिए। जिससे बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से कुछ राहत मिली। दृश्यता बढ़ने पर हाइवे पर यातायात सुचारू हो पाया। न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को गलन बढ़ती देख लोग घरों में दुबक गए।

कांपते हुए स्कूल पहुंचे बच्चे

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में बुधवार की सुबह ठिठुरन और घने कोहरे के साथ शुरू हुई। शीतलहर के चलते लोग कांपते रहे। बच्चे कांपते हुए स्कूल पहुंचे। छोटे बच्चे स्कूल जाने को तैयार होकर निकले तो रास्ते में शीतलहर ने उन्हें कंपा दिया। कोहरे के कारण वाहन रेंगते रहे। वाहन हेडलाइट जलाकर धीरे-धारे आगे बढ़ते दिखे। ठंड की वजह से मजदूरों को भी काम नहीं मिल रहा है।

गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 10 साल कारावास की सजा

अमरोहा, अमृत विचार : कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

थाना गजरौला में वर्ष 2014 में तत्कालीन एसओ सुमन कुमार ने थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर निवासी कंचन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी कंचन ने कई घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला रखी थी। बाद में पुलिस ने कंचन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। यह मामला अपर जिला सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय स्वप्न दीप सिंघल की अदालत में चल रहा था। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान पैरवी कर रहे थे। मंगलवार को न्यायालय ने सुनवाई की थी। साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर कंचन को दोषी करार देते हुए 10 साल कारावास की सजा सुनाई और उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

चर्चा मोदी सरकार के चुनावी बजट से व्यापारियों को राहत की उम्मीद

अंतरिम बजट पर टिकी हैं सभी व्यापारियों की उम्मीदें

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अंतरिम बजट पेश करेंगी। अंतरिम बजट को लेकर व्यापारी वर्ग में काफी उम्मीदें हैं। व्यापारी वर्ग का मानना है कि चुनावी बजट होने के कारण सरकार द्वारा व्यापारी वर्ग को राहत देने का कार्य किया जाएगा।

लगभग दो महीने बाद देश में लोकसभा चुनाव होंगे और उससे पहले केंद्र सरकार अपना अंतरिम बजट पेश कर रही है। जिसको लेकर व्यापारी वर्ग को सरकार से राहत मिलने की उम्मीद लग रही है। व्यापारी जीएसटी में राहत देने एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने की आशा इस बजट से लगाए है। अमृत विचार की टीम ने बजट को लेकर जब व्यापारी वर्ग से बात की तो उन्होंने अपनी उम्मीदों को इस प्रकट किया।

आयकर सीमा 10 लाख रुपये तथा बीमा राशि 25 लाख रुपये घोषणा करनी चाहिए। ऐसी भी घोषणा करनी चाहिए की कम से कम मध्य व्यापारी इंस्पेक्टर राज से मुक्त हो जाए क्योंकि अब भी वास्तविकता है मध्यम वर्ग व्यापारी को इंस्पेक्टर राज ज्यादा परेशान करता है। **-मुकेश गुप्ता,** प्रदेश महासचिव, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान

इनकम टैक्स में छूट की सीमा पांच लाख रुपये से बढ़कर 10 लाख रुपये होनी चाहिए। जीएसटी का सरलीकरण किया जाना चाहिए जिससे व्यापारी वर्ग को इंस्पेक्टर शाही से कुछ राहत मिल सके। इससे अर्थ व्यवस्था भी मजबूत होंगी। **-मुकेश गोयल प्रदेश मंत्री,** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

पेट्रोल और डीजल सस्ते होने चाहिए, अगर यह सस्ते हो जाएंगे दैनिक उपयोग की वस्तु भी सस्ती होंगी। इलेक्ट्रॉनिक आइटम भी सस्ते होने चाहिए, जिसका उपयोग अधिक से अधिक व्यक्ति कर सकें। इनकम टैक्स में भी ज्यादा से ज्यादा छूट मिलनी चाहिए। **-सचिन गुप्ता,** जिला संगठन मंत्री, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान

केंद्र सरकार के बजट से व्यापारी वर्ग को उम्मीदें हैं, सरकार द्वारा व्यापारियों को हर समय राहत देने का कार्य किया गया है और इस बजट के माध्यम से भी व्यापारी वर्ग को सौगात देने का कार्य किया जाएगा। इससे सभी वर्गों को लाभ होगा। **-अंकुर अग्रवाल,** जिला अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

रोजाना उपयोग होने वाली वस्तुएं जो हर घर में इस्तेमाल होती हैं, वह सस्ती होनी चाहिए। शादी विवाह का सीजन चल रहा है लेकिन सोने और चांदी के व्यापार में बहुत मंदा है। बजट में सोना और चांदी को भी सस्ता करने के लिए उपाय होने चाहिए। करों की दरें कम होंगी तो लोगों को राहत मिलेगी। **-तरुण अग्रवाल,** नगर अध्यक्ष, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान

देश का व्यापारी वर्ग चुनावी वर्ष के बजट से अपने लिए राहत की आशा रखता है। व्यापारी वर्ग के लिए जीएसटी से विशेष राहत देने का कार्य किया जाना चाहिए। इस बार की तहर आशा है कि केंद्र सरकार का अंतरिम बजट व्यापारी वर्ग को राहत देने का कार्य करेगा। व्यापारी आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा। **-शिखर अग्रवाल,** युवा जिला अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

एक नजर

बदमाशों ने युवक से फोन और 500 रुपये लूटे

गजरौला, अमृत विचार : मंगलवार रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक से घर जा रहे युवक से मोबाइल व 500 रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। घटना की तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के कंजर बसेड़ा गांव निवासी अनिल मंगलवार देर रात बाइक से घर लौट रहा था। खाद गुर्जर मार्ग पर गदापुर रेलवे फाटक के निकट पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने अनिल की बाइक रुकवाई तथा उससे मोबाइल व 500 रुपये लूट लिए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई होगी।

एक सप्ताह से लापता युवक की तलाश जारी

मुबारिजपुर, अमृत विचार : एक सप्ताह से लापता युवक को तलाशने पर कोई सुराग नहीं मिला। परिवार वाले लापता युवक को घर सलामती पहुंचने के लिए दुआ कर रहे है। बताया कि थाना रहरा की पुलिस चौकी पौरारा गांव निवासी शोएब पुत्र नबाब अल्बी बीते शनिवार से लापता है। जिसकी तलाश की जा रही है। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि इस मामले कोई सूचना नहीं मिली है।

छुट्टा पशुओं के हमले में फसल की रखवाली कर रहे किसान की मौत

रात को खेत पर खाना लेकर पहुंची महिला को घायल मिला था पति

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : खेत में फसल की रखवाली कर रहे किसान पर छुट्टा पशुओं ने हमला कर कर दिया। जिससे किसान की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

सुरेश का फाइल फोटो।

तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशु फसलों रखवाली करने रहे किसानों पर हमला कर रहे हैं। ऐसा ही मामला गांव बाटुपुरा का है। जहां मंगलवार रात को गांव निवासी सुरेश पुत्र रूपराम पत्नी आशा के साथ खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। गांव से 400 मीटर दूर पर खेत में ही किसान ने झोपड़ी बना रखी है। मंगलवार रात को सुरेश ने आशा से घर से खाना लाने के लिए कहा।

किसान की मौत पर विलाप करती महिलाएं। ● अमृत विचार

जब रात लगभग नौ बजे आशा खाना लेकर खेत पर पहुंची तो सुरेश मिट्टी में सना हुआ घायल अवस्था में खेत में मिला और कुछ छुट्टा पशु गेहूं की फसल को खा रहे थे। सुरेश की पत्नी आशा ने अन्य खेतों की रखवाली कर रहे किसानों को बुलाया। जिसके बाद किसान को निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और किसान के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान के परिवार में पत्नी के अतिरिक्त पीछे छह बेटी व एक बेटा है। मृतक की पत्नी आशा और बच्चों का बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

आपसी भाईचारे की मिसाल है धनौरा महोत्सव : उदयगिरि

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : धनौरा महोत्सव के तहत विशिष्ट व्यक्तित्व वंदन अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य चंद्रपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख गजरौला के पति वीरेंद्र सिंह व बैंक अधिकारी सुनील त्यागी का नागरिक अभिनंदन किया गया।

धनौरा महोत्सव के तहत बुधवार को विशिष्ट व्यक्तित्व वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि नैतिक मूल्य एवं राष्ट्रीय विचार ही हमें महान बनाते हैं। धनौरा महोत्सव हमारे आपसी भाईचारे की सबसे अच्छी मिसाल है। डॉ. यतींद्र कटारिया ने कहा कि धनौरा महोत्सव के तहत खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए धनौरा सद्भावना क्रिकेट कप का आयोजन हो रहा है। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक व सामुदायिक कार्यक्रम धनौरा महोत्सव की गरिमा को बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर डॉ. आदित्य चौहान, धीरज त्यागी, नरेंद्र कटारिया, प्रशांत त्यागी, जितेश अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, श्याम गर्ग, लकी चौधरी, प्रियक कुमार, सतेंद्र शर्मा, शिवराज सिंह, सचिन चौधरी शामिल रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय रहरा में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में धर्मेंद्र प्रथम स्थान पर अंकित द्वितीय स्थान पर व अजय तृतीय रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली आकर्षण का केंद्र रहीं। निर्णायक मंडल की ओर से गुड़िया लवली को प्रथम, शमा द्वितीय व रिंकी मुस्कान को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के तहत छात्र-छात्राओं को जागरुक भी किया। इस मौके पर प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार, वंदना भारद्वाज, डॉ. दिलीप कुमार, विजेंद्र धर्मेंद्र, तोताराम व अजय शामिल रहे।

प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

पूर्व निरीक्षक लायक सिंह नहीं रहे

बुरावली, अमृत विचार : रिटायर्ड निरीक्षक व मौजूदा छपना से क्षेत्र पंचायत सदस्य गांव नवाबपुरा निवासी लायक सिंह का 82 साल की उम्र में देहांत हो गया। उनकी मौत से ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सीबीआई से इंस्पेक्टर पद से रिटायर्ड होने के बाद वह गांव में रह रहे थे। रहरा थाना क्षेत्र के नवाबपुरा गांव में 15 जुलाई 1941 को उनका जन्म हुआ था। लायक सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में काम किया। वह किसान सहकारी चीनी मिल हसनपुर के उपसभापति के पद पर भी रहे। वर्तमान में छपना के क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। लायक सिंह के पुत्र अशोक नागर की पत्नी कुन्तेश देवी ब्लाक गंगेश्वरी से ब्लॉक प्रमुख भी रह चुकी हैं। लायक सिंह का बुधवार को निधन होने पर उनके पैतृक गांव नवाबपुरा में कांठ विधायक कमाल अख्तर, यशपाल सिंह, सदाकत चौधरी, जितेंद्र सिंह प्रधान, धारा सिंह फौजी, दिमाक सिंह, संजय सिंह भाटी, महिपाल सिंह, चंद्रपाल सैनी, नरेंद्र सिंह राणा, हरीराज सिंह, उम्मेद प्रधान ने गांव नवाबपुरा पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।



ज्ञापन देने जाते किसान। ● अमृत विचार

रास्ता खुलवाने को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव निवासी किसानों ने एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर खेतों तक जाने वाले मार्ग को खुलवाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के गांव खरसौली निवासी निवासी कुछ किसानों की भूमि गंगा एक्सप्रेस वे के लिए अर्जित की गई है। जिससे उनके खेतों तक जाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं दिया है। जिससे किसानों को अपने खेतों में पहुंचने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को सभी किसान एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में ज्ञापन देकर किसानों को खेत में जाने के लिए रास्ता दिलवाने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में रामपाल, हरकेश, गुड्डू, सतीश, राजकुमार, सुनील, नन्नू, सत्य प्रकाश, सुरेंद्र, लोकेश, अमर सिंह शामिल रहे।

लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

लेखन प्रतियोगिता में हर्ष और सुधांशु ने जीता पुरस्कार

गजरौला, अमृत विचार : ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसका आरंभ शुरूआत टीडी गाडगिल ने कराई। उन्होंने कहा कि लेखन प्रतियोगिता से बच्चों में रचनात्मक परिवर्तन होता है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनके लिखने की प्रवृत्ति बेहतर होती है। प्रतियोगिता में कक्षा नौ के हर्ष चन्देल व सुधांशु ने प्रथम, कक्षा 11 के छात्र सुशान्त व हारीश, कक्षा-10 की छात्रा ख्याति चौधरी व निहारिका को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या पिंकी ओझा, हेडमिस्ट्रेस ज्योति आर्या, सबिता रानी साहू व मोहम्मद रिजवान शामिल रहे।

धनौरा एसडीएम का उन्नाव तबादला

अमरोहा, अमृत विचार : शासन ने मंडी धनौरा एसडीएम राजीव राज का जनपद उन्नाव के लिए स्थानांतरण कर दिया है। उन्हें 30 सितंबर 2022 को यहां चार्ज मिला था। डेढ़ साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने दो तिगरी मेलों के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। उनके तबादले की जानकारी पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, स्टेनो श्याम सिंह समेत अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने बधाई दी।

तंत्र क्रिया के नाम पर 18 लाख रुपये ठगे, महिला से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- कोर्ट के आदेश पर दो तांत्रिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : शातिर तांत्रिकों ने घर के आंगन में खजाना दबा होने का झांसा देकर दंपती को अपने जाल में फंसा लिया और तंत्र क्रिया के नाम पर 18 लाख रुपये ठग लिए। बाद में दोनों तांत्रिकों ने तंत्र क्रिया का हिस्सा बताकर महिला से दुष्कर्म भी किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी दोनों तांत्रिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव में रहने वाले किसान की जनपद मुरादाबाद के कस्बा कुंदरकी में उनकी रिश्तेदारी है। यह मामला सन् 2019 का है। पीड़ित किसान का रिश्तेदार अपने साथ एक युवक को लेकर किसान के घर पहुंचा और आंगन में खजाना दबा होने की बात कहकर उसे अपने झांसे में फंसा लिया। आरोपी तांत्रिकों ने तंत्र क्रिया करते हुए दंपती को अपने वश में ले लिया और खजाना निकालने का झांसा दिया। इस दौरान खर्च के नाम पर कई बार में 18 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि एक रात को तंत्र क्रिया के दौरान दोनों तांत्रिकों ने किसान की पत्नी को अपने पास बैठाया और तंत्र क्रिया का हिस्सा बता कर उससे दुष्कर्म भी किया। इसके बाद दोनों वहां से चले गए। काफी दिन तक जब तांत्रिकों ने संपर्क नहीं किया तो दंपती ने फोन किया तो दोनों आरोपियों ने बात नहीं की।

ठगी का अहसास होने पर पीड़ित दंपती ने इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा, आरोपियों ने कोर्ट की शरण ली। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपी तांत्रिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दूल्हे की कार की खिड़की पर बैठ स्टंट का वीडियो वायरल

अमरोहा, अमृत विचार : जिले के रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बारात में आए कार सवार युवकों ने हुड़दंग किया। युवकों ने चलती कारों की खिड़की पर बैठकर स्टंट किया। जिसका वीडियो सोशल साइट पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस युवकों की तलाश कर रही है।

बुधवार को वायरल वीडियो रजबपुर थाना इलाके का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दूल्हे की कार में कुछ युवक खिड़की पर बैठकर स्टंट कर रहे हैं। इसके अलावा बारात की अन्य कई कारों पर भी युवा तेज आवाज में म्यूजिक बजाने के साथ साथ स्टंट करते दिखे। स्टंटबाजी का वीडियो अब सोशल साइट पर वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो के आधार पर युवकों की तलाश में जुटी गई है। ज्ञात हो कि पुलिस पहले भी ऐसे कई मामलों में कार्रवाई कर चुकी है।

बीच बचाव के दौरान गोली लगने से हुई थी लकड़ी कारोबारी शहादत की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर शहजाद को किया गिरफ्तार
- लकड़ी की सौदेबाजी को लेकर बढ़ा था विवाद

अमृत विचार : लकड़ी की सौदेबाजी के दौरान हुए विवाद में ठेकेदार दोस्त यासीन को बचाने के दौरान लकड़ी कारोबारी शहादत को गोली लग गई थी। हत्याकांड के पांच दिन बाद पुलिस ने चौकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी शहजाद लकड़ी कारोबारी शहादत पर हमले की नीयत से वहां नहीं आया था बल्कि उसका निशाना यासीन था। दोनों में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद था। बीच-बचाव में गोली लकड़ी कारोबारी शहादत के सीने में लग गई। पूछताछ के बाद बुधवार को पुलिस ने हत्यारोपी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड स्वीकार कर न्यायालय ने उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

जनपद मुरादाबाद के थाना कांठ क्षेत्र के गांव उमरी निवासी लकड़ी कारोबारी शहादत वर्तमान में पत्नी व बच्चों के साथ थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव सलेमपुर स्थित अपनी ससुराल गांव सलेमपुर में रहते थे। शहादत का कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह में रहने वाले मोहम्मद यासीन की साझेदारी में लकड़ी कारोबार था। दोनों का गांव उमरी में रहने वाले शहजाद से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारोपी शहजाद अहमदाबाद में शीशे का काम करता है। वह अक्सर गांव आता-जाता रहता है। 26 जनवरी की रात में भी शहादत और मोहम्मद यासीन का क्षेत्र के ही गांव पैगंबरपुर में शहजाद से झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करा दिया था। इसके बाद शनिवार शाम शहादत और मोहम्मद यासीन क्षेत्र के ही गांव नौहरान में लकड़ी का सौदा करने आए थे तभी साथियों को लेकर वहां पहुंचे शहजाद ने मोहम्मद यासीन पर फायर कर दिया, लेकिन गोली शहादत के सीने में लग गई। इस मामले में मृतक के दोस्त मोहम्मद यासीन की तहरीर पर शहजाद और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार को पुलिस ने हत्यारोपी शहजाद को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि रुपयों का विवाद शहादत और हत्यारोपी शहजाद के बीच नहीं था। झगड़ा मोहम्मद यासीन और शहजाद के बीच चल रहा था। शहजाद गांव नौहरान में मोहम्मद यासीन की हत्या करने के इरादे से पहुंचा था, लेकिन बीच-बचाव में गोली शहादत को लग गई थी।

अली जमी से अर्श तक जहां हैं कामयाब हैं ...

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मोहल्ला हक्कानी स्थित इमाम बारगाह में अंजुमन-ए-जश्ने मौलूदे काबा के तहत हजरत अली की यौमे पैदाइश के सिलसिले में मनबकती महफिल हुई। जिसमें शायरों ने कलाम के जरिए हजरत अली के दौर की खूबियां बयान कीं।

महफिल की शुरुआत मौलाना कारी मिकदाद हुसैन ने कलामे इलाही से की। जबकि नात-ए-पाक का नजराना डॉ. जमशेद कमाल अमरोहवी ने पेश किया। मौलाना डॉ. सैय्यद मोहम्मद सियादत नकवी ने हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डाली। मौलाना शहवार हुसैन व मौलाना सफदर रजा इमामी ने भी हजरत अली की कुर्बानियों पर तकरीर की। डॉ. नाशिर अमरोहवी ने पढ़ा-अली जमी से अर्श तक जहां हैं कामयाब हैं, यहां भी इंतेखाब हैं वहां भी इंतेखाब हैं। नौशा अमरोहवी ने पढ़ा-आज मेरे मौला का जश्ने शादमानी है, सुबह भी सुहानी थी, शाम भी सुहानी है। शरर नकवी ने पढ़ा- अली के नाम से आता है हम में जोश बहुत, हम अपने खून के अंदर अली को देखते हैं। ताजदार अमरोहवी ने पढ़ा-बोले मीसम ये दार पर जाकर, ऐसे होती है मिदहते हैदर। डॉ. मुबारक अमरोहवी ने पढ़ा-जो हो जाएंगे जश्न में उनके शामिल, वो बैठे बिठाए इबादत करेंगे। आखिर में अंजुमन के अध्यक्ष उरूज मेहदी नकवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। महफिल में इनके अलावा डॉ. आसिम अमरोहवी, फुरकान अमरोहवी, गुफरान साहिल, तनवीर हैदर ने कलाम पेश किया। संचालन प्रोफेसर नाशिर नकवी ने किया। डॉ. सईद उल हसन, ताजदार हुसैन, गुफरान मेहंदी नजमी, मोहम्मद जफर, शानदार मुजतबा, हकीम गुलजार, शानदार मेहंदी, नदीम अब्बास, पप्पू, काशिफ जिया, मुराद, समर मेहंदी, इकबाल रजा रहे।

मनबकती महफिल में कलाम पेश करते शायर व शामिल लोग। ● अमृत विचार

- अंजुमन-ए-जश्ने मौलूदे काबा के तहत हुई मनबकती महफिल

शिविर सजाने में शिवाजी टोली प्रथम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में स्काउट गाइड शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

शिविर का निरीक्षण करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों से शिविर के विषय में जानकारी प्राप्त की। शिविर प्रशिक्षण का कार्य जनपद से आईं मंजीता के निर्देशन में किया गया। शिविर साज सज्जा प्रतियोगिता में शिवाजी एवं कमल टोली प्रथम, महाराणा प्रताप टोली द्वितीय एवं गुलाब टोली तीर्थ स्थान पर रही। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोहनलाल यादव, राजीव शर्मा, अनुराधा चौधरी, मधुबाला, सुनील यादव, अंकित चौहान, चरण सिंह, हर्षित, भावना, सीमा, कीर्ति, मंजरी व निकिता शामिल रहे।

शिविर का निरीक्षण करते अतिथि। ● अमृत विचार

काव्य संध्या

आईएम इंटर कालेज ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के तहत हुआ कार्यक्रम

कभी आकर हमारे गांव देखो, यहां मिट्टी से आंगन लीपते हैं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आईएम इंटर कालेज ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन के संयोजन में शहर के मोहल्ला दरबार मीरा खां स्थित आब्दी हाउस में काव्य संध्या हुई। एसडीएम बिलारी राज बहादुर सिंह ने बेहतरीन कविताएं सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। काव्य पाठ सुनने पहुंचे एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव व तहसीलदार हेमंत कुमार गुप्ता ने भी युवा शायरों व कवियों को प्रोत्साहित करते हुए साहित्य की सेवा करने की सराहना की।

काव्य संध्या की शुरुआत करते हुए एसडीएम बिलारी राजबहादुर सिंह ने जीवन का संघर्ष कुछ यूं पिरोया-जीवन जीना खेल नहीं है, क्या कांटों पर चल कर देखा। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्र की जिंदगी कुछ इस अंदाज में पढ़ा- कभी आकर हमारे गांव देखो, यहां मिट्टी से आंगन लीपते हैं। शीबान कादरी ने पढ़ा- उससे हुई कल अपनी मुलाकात जरा सी, और फैल गई शहर में ये बात जरा सी। कुलदीप सिंह ने पढ़ा- हमने शब्दों से ऐसा कुछ न कहा, उसने लहजे को पढ़ लिया शायद। राहुल शर्मा ने पढ़ा-अगर लिखोगे वसीयत अपनी तो जान पाओगे ये हकीकत, तुम्हारी अपनी ही मिल्कियत में तुम्हारा हिस्सा कहीं नहीं हैं। इनके अलावा डॉ. जमशेद कमाल अमरोहवी, डॉ. नवाजिश नकवी, इस्लाम आलमी, प्रोफेसर नाशिर नकवी, राहुल शर्मा, कुलदीप सिंह, राशिद राहत ने भी कविता पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर नाशिर नकवी ने अमरोहा के साहित्यकारों और शायरों के कार्यों पर रोशनी डाली।

उन्होंने कहा कि साहित्य जगत में अमरोहा का दबदबा हर दौर में बरकरार रहा है। कारवाने खुलूस संस्था के उपाध्यक्ष पंडित भुवन शर्मा ने एडीएम माया शंकर यादव व एसडीएम बिलारी राज बहादुर सिंह को अपनी किताब अमरोहा के गौरव पेश की। इससे पूर्व नवाब मुराद अली खान व युनूस जैदी ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। आखिर में संयोजक इमदाद आब्दी व अली आब्दी ने सभी का आभार जताया।

इस दौरान कारवाने खुलूस संस्था के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी, इनाम अहमद, आफताब आलम, सलीम उद्दीन, गुरलेज, परवेज, डा.मिस्बाह सिद्दीकी, गुलजार अमरोहवी, फहीम हैदर, जीशान नकवी, नेवी कैप्टन अशर रजा तकवी, हकीम हामिद अली, सैय्यद मुज्तबा एडवोकेट, नवाब अरमान शामिल रहे।

काव्य संध्या में मौजूद एसडीएम बिलारी राज बहादुर सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : कमाल

संवाददाता, उझारी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के निर्देश पर बुधवार को हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत उझारी में पीडीए पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसमें सरकार पर आरोप लगाए गए।

कार्यक्रम में सपा के कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज के उपेक्षित वर्गों, गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। जबकि सत्ताधारी भाजपा संविधान और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बिहार में मुख्यमंत्री रहते कर्पूरी ठाकुर ने जिस प्रकार पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया। उसी तरह से अखिलेश यादव आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के लोग देश की खुशहाली और विकास के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को रोक दिया है। अब रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी है। देश की एकता, भाईचारा और एकता का तानाबाना तोड़ने का काम भाजपा कर रही है। जनता ने पीडीए के साथ रहने का मन बना लिया है। पीडीए 90 फीसदी आबादी की आवाज है। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हराएगा। इस मौके पर अनिल सागर, फहीम कुरैशी, फहीमउद्दीन चौधरी, सोनू सागर, राजीव गांधी, मुंशी रमेश, राशिद चौधरी, आरिफ, नाजिम मेम्बर, इसरार मुंशी, नेता सगीर, खुर्शीद पाशा, इस्माइल, माजिद चौधरी, शमीम , इरफान, फिरासत हुसैन शामिल रहे।

लोगों को संबोधित करते सपा नेता व साथ में विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

एक नजर

तनाव के मद्देनजर सात लोगो पर निरोधात्मक कार्रवाई

गुन्नौर अमृत विचार : जमीन के बंटवारे को लेकर द्विपक्षीय तनाव के मद्देनजर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफरी में बीरन सिंह और मदनलाल के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। द्विपक्षीय तनातनी की जानकारी होने पर पुलिस ने दोनों ओर से सात लोगों को शांतिभंग की आशंका में निरुद्ध किया है।

पुलिस ने कांग्रेस नेता को किया हाउस अरेस्ट

गुन्नौर अमृत विचार : चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर पुलिस ने युवा कांग्रेस संभल के जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन को हाउस अरेस्ट किया है। उन्होंने कहा कि हम अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। राहुल गांधी के सिपाही हैं। पुलिस के दमन से डरने वाले नहीं हैं। इस दौरान युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद बिलाल, जहीर खान, मुशीर, रिहान, अजीम आदि मौजूद रहे।

सड़क पर अचानक गिरकर व्यक्ति की मौत

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मिया सराय निवासी आसिफ 30 वर्ष बुधवार को मुहल्ला हिलाली सराय में स्थित बेकरी पर पैदल रस खरीदने जा रहा था। आसिफ जैसे ही मुहल्ला हिलाली सराय में पहुंचा। अचानक से चलते चलते आसिफ की सड़क पर गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। जिससे मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आसिफ के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रोते बिलखते परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये आसिफ का शव लेकर घर चले गए।

सांड के हमले में घायल

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में सांड के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बमुश्किल किसान को छुड़ाया। निजी डॉक्टर ने गंभीर हालत में किसान को हायर सेंटर रेफर किया।थाना क्षेत्र के गांव रजावली निवासी किसान देवकरन बुधवार को किसी काम से गांव पानीवाड़ा गया। वहां अचानक सांड ने देवकरन पर हमला कर दिया। देवकरन ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह सांड से देवकरन को छुड़ाया।

मुरादाबाद से टाटा मैजिक में चारा भरकर बेचने आ रहे छात्र की मौत, पिता गंभीर

कोहरे के चलते टाटा मैजिक से टकराई डीसीएम, हादसे के बाद चालक फरार

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: संभल चंदौसी मार्ग पर घने कोहरे के बीच डीसीएम व टाटा मैजिक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टाटा मैजिक में सवार छात्र की मौत हो गई। जबकि छात्र का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम कब्जे में लेकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

संभल में हादसे के बाद जिला अस्पताल में भर्ती ग्रामीण व मौजूद परिजन।

मुरादाबाद जिले के थाना सोनकपुर अंतर्गत गांव रम्पुरा धतरारा निवासी वीर सिंह बुधवार की सुबह अपने बेटे मोनू 14 वर्ष के साथ टाटा मैजिक में पशुओं का चारा भरकर बेचने संभल आ रहे थे। सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव भवानीपुर पुल के पास कोहरे के हालात में सुबह साढ़े आठ बजे टाटा मैजिक में डीसीएम ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें मोनू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता वीर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक डीसीएम वहीं छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास को लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डीसीएम कब्जे में लेकर घायल वीर सिंह को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर वीर सिंह को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि मोनू गांव नारायणपुर देवा में स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था और दो भाइयों में बड़ा था।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र में गवां-अनूपशहर मार्ग मार्ग पर जुगल किशोर डिग्री कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी। हादसे में अलीगढ़ निवासी आसिफ पुत्र अफजल गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से घायल हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान अलीगढ़ में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव मेढौली निवासी ओमवीर सिंह (40 वर्ष) सोमवार को किसी काम से काशीपुर बाइक द्वारा जा रहा था। जुनावई-काशीपुर लिंक मार्ग पर गांव अजीजपुर के पास तीव्र मोड़ बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई थी। हादसे में ओमवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सीएचसी से रेफर करने ओमवीर सिंह को परिजन अलीगढ़ ले गए थे। जहां उपचार के दौरान ओमवीर सिंह की मौत हो गई।

इंस्पेक्टर क्राइम सत्यविजय सिंह ने बताया कि घटना बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने पर हुई थी। ओमवीर सिंह के परिजनों की तरफ से लिखित में कोई सूचना नहीं दी गई है।

युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, टिपलर बरामद

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में चीनी मिल पर गन्ना डालने जाते समय युवक की गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर टिपलर बरामद किया। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना क्षेत्र के गांव खानपुर बंद निवासी कपिल व आशू थाना क्षेत्र के गांव बिलालपत निवासी मेहंदी हसन की गोली मारकर हत्या के आरोप में फरार चल रहे थे। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव मढ़न बस स्टेंड से 50 कदम दूर खड़े आशू व कपिल को आला कत्ल दो तमंचों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मृतक मेहंदी हसन का टिपलर भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार कपिल की बहन के मृतक मेहंदी हसन के साथ प्रेम संबंध थे। एक दिन कपिल के भाई अतुल ने मेहंदी हसन को अपनी बहन से बात करते हुए देख लिया था। जिससे खफा हुए अतुल व कपिल ने गांव के ही आशू और मुरादाबाद जिले के गांव लाकड़ी निवासी अंकित के साथ मिलकर रविवार को चीनी मिल पर गन्ना डालने जाते समय मेहंदी हसन की गोली मारकर हत्या करने के बाद ट्रैक्टर टिपलर को छिपा दिया था।

गिरफ्तार दोनों आरोपी।

▸▸ **निशानदेही पर दो तमंचे व टिपलर बरामद**

पकड़े गए बदमाश ग्रामीणों को चकमा देकर भाग निकले

कार्यालय संवाददाता, संभल/पंवासा

अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र में पशुशाला से बदमाशों ने तीन भैंसें चोरी कर ली और गाड़ी में लादने लगे। तभी ग्रामीणों के साथ पहुंचे किसान ने बदमाशों को पकड़ लिया। ग्रामीण भैंस लेकर भागने वाले अन्य बदमाश के पीछे भागे तो पूर्व में पकड़े गए बदमाश भी चकमा देकर भाग निकले। बदमाशों की गाड़ी पुलिस को सौंप दी। तीन बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

थाना क्षेत्र के गांव रफीपुर निवासी किसान विजेंद्र पुत्र बदन सिंह की आंख मंगलवार को रात करीब तीन बजे खुली तो घूटे से बंधी तीन भैंसें गायब थीं। विजेंद्र ने तुरंत पिता बदन सिंह को जगाया। देखने पर पता चला कि बदमाश पशुशाला की दीवार काटकर तीन भैंस चोरी कर निकल ले गए। आसपास के ग्रामीणों के जागने पर विजेंद्र ने भैंसों की तलाश शुरू कर दी। लाठी डंडे लेकर ग्रामीण जंगल में तलाश में जुट गए। पूर्व विधायक सतेंद्र सिंह के खेत के पास में बदमाश भैंसों को गाड़ी यूपी38टी9905 में लादते हुए मिले तो ग्रामीणों ने घेराबंदी कर तीन बदमाशों को पकड़ लिया और नाम पते के बारे में जानकारी करने लगे। अन्य बदमाश भैंस को लेकर भागता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उस बदमाश का पीछा किया तो इस बीच पकड़े गए बदमाश भाग निकले।

पशुशाला में नकब दिखाते ग्रामीण।

गोदाम का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में चाय विक्रेता के गोदाम का ताला तोड़कर चोर आइसक्रीम बेचने के तीन ठेले और लोहे का सामान चोरी कर लिया। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी उस्मान उर्फ पप्पी हयातनगर थाना क्षेत्र के आदमपुर मार्ग पर गांव कमलपुर सराय में स्टॉल लगाकर चाय बेचता है। जिसके पीछे गोदाम भी है। जिसमें आइसक्रीम बेचने के ठेले, लोहे का तख्त, पाइप और गाडर रखे हुए थे। मंगलवार को देर रात किसी समय चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर तीन ठेले, तीन तख्त, 20 पाइप, तीन गाडर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। बुधवार को सुबह दस बजे उस्मान मौके पर पहुंचा तो गोदाम का ताला टूटा पड़ा देखकर होश उड़ गए। गोदाम से सामान गायब था।

किसानों का धरना 8 वें दिन भी जारी, काम बंद कराने का दावा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। किसानों ने गंगा एक्सप्रेस वे के लिए डाली जा रही मिट्टी के काम को रुकवा देने का दावा किया।

गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर किसान गांव भटौला और हिसामपुर के बीच अंडरपास निर्माण की मांग उठा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को महापंचायत भी हो चुकी है। बुधवार को आठवें दिन भी गांव भटौला में किसानों का धरना जारी रहा। कहा गया कि अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। यह मुद्दा किसानों के हित में उठाया गया है। अंडरपास निर्माण होने से किसानों को राहत मिलना लाजिमी है। धरना स्थल के पास ही गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर मिट्टी डालने का काम चल रहा था। भाकियू जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया कि किसानों ने मिट्टी डालने का काम रुकवा दिया। इस दौरान जयवीर सिंह यादव, चौधरी संजीव गांधी, दिलशाद, राहिद, जैद, रामकिशन, गनपत, सुरेश, मोहम्मद हसन, महबूब, विनोद आदि रहे।

भाकियू असली के धरने को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ **भाकियू असली के बैनर तले गांव भटौला में धरने पर डटे किसान**

एडीएम से मिले भाकियू पदाधिकारी

बहजोई, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर एडीएम से मुलाकात की। किसान के मकान पर चलाए गए बुलडोजर को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। वहीं किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई।

प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट पर पहुंचे। जहां उन्होंने एडीएम प्रदीप वर्मा से मुलाकात कर कहा कि किसान नेता ने अपने खेत मकान बनाया था। मकान को ग्राम सभा की भूमि बताते हुए उसे पर बुलडोजर चलाकर मकान को ध्वस्त कर दिया गया। जबकि बाद की पैमाइश में वहां पर कोई भी तालाब की भूमि नहीं निकली। इसके संबंध में जिन लोगों की शिकायत पर कार्रवाई हुई, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

श्री साईं के वार्षिकोत्सव पर हवन में दी आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : श्री साईं सेवा धाम संभल में श्री साईं बाबा का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हवन में आहुतियां देने के साथ ही आरती और भंडारा हुआ। आयोजन में तमाम श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। रात में हुई भजन संध्या में कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर साईंनाथ का गुणगान किया तो श्रद्धालु भी झूमते रहे।

श्री साईं सेवा धाम में बुधवार को सुबह काकड़ आरती हुई। जिसके बाद श्री साईं दत्तात्रेय हवन शुरू हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की।

मुख्य यजमान संजय सूरी व ज्योति सूरी, राजेश सूरी व सोनिका सूरी रहे। जिसके बाद साकेत मदान, अनूप गुप्ता ने साईंनाथ का दूध, दही, जल, गंगाजल, शहद, चंदन, मौसमी के रस आदि से अभिषेक किया। दोपहर में साईं बाबा की आरती हुई। मुख्य यजमान आशीष शर्मा आदि रहे। आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात में श्री साईं भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल ने साईंनाथ के भजनों की प्रस्तुति देकर गुणगान किया। भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। देर रात आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम पंडित सुरेंद्र दीक्षित ने संपन्न कराए। आयोजन में डॉ.राजेश अग्रवाल, चीनू राधू, नितिन दालभ, संतोष गुप्ता, शुभम गुप्ता, मयंक गुप्ता, चुन्नू, दिनेश जैन, गौरव टंडन, एसपी गंभीर एडवोकेट, राजीव अग्रवाल का सहयोग रहा।

साईं मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▸▸ **धूमधाम से मनाया गया 15वां वार्षिकोत्सव, आरती के बाद हुआ भंडारे का आयोजन**

श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा की दरिद्रता को दूर किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

▸▸ **शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन**

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल स्थित शिव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के समापन पर कथा वाचक सुधीर कुमार शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह व सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। कहा कि सुदामा की पत्नी सुशीला ने अपने पति से कहा कि तुम अपने मित्र द्वारकाधीश से मिलने जाओ, जिससे इस दरिद्रता का निवारण हो सके। उन्होंने पड़ोस से तीन मुट्ठी चावल भेंट स्वरूप अर्पित करने के लिए लिए। इसके बाद सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकापुरी पहुंचे और तीन मुट्ठी चावल की भेंट श्रीकृष्ण ने प्रेम व ममता पूर्ण से अंगीकार की। बदले में श्रीकृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता दूर की। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संदीप कुमार, अजय उर्फ बबलू पाठक, डॉ. हरि सिंह, महेश चंद्र, राकेश दिवाकर, परीक्षित, राम कुमार, हीरा लाल, डॉ. संजय शर्मा, लालाराम मौर्य, वीरपाल, हुकुम चंद्र कश्यप, जोगिंदर शर्मा, प्रेमवती, कामिनी, नीतू, विनीता, राजरानी, सुमन, मिथलेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।



कथा वाचक सुधीर कुमार शास्त्री।

सार-संक्षेप

रंगोली बनाकर सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा के मार्गदर्शन में हुई रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में छात्राओं ने विभिन्न तरह की रंगोली बनाईं। प्रमोद कुमार ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में भावना और मोनी गुप्ता प्रथम, वैष्णो और अलीशा द्वितीय, आरती और अंशु सागर तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ.राष्ट्रवर्धन और डॉ.नौमी प्रिया ने भूमिका निभाई। इस दौरान डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, डॉ.तनुज कुमार, मोहम्मद ऐजाज आदि मौजूद रहे।

छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली देखतीं प्राचार्य डा. प्रभा शर्मा।

बहजोई के गांव में ग्रामीणों के साथ सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पिछड़े, अल्पसंख्यक को हक दिलाने का काम करेगी सपा

बहजोई, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक पखवाड़े में पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों के बारे में आम जन को जानकारी दी। समाजवादी पार्टी के साथ जुड़कर पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यकों को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। गांव सुल्तानपुर खुर्द में आयोजित पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक पीडीए पखवाड़े में जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने बताया कि वर्तमान सरकार जन विरोधी है। जाति जनगणना और पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक की विरोधी है। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में गरीबों, पिछड़ों, दलित व अल्पसंख्यकों को बराबरी का हक दिलाने के लिए काम करेगी।

हल्की बारिश से बढ़ी सर्दी, परेशान दिखे लोग

संभल, अमृत विचार : संभल में बुधवार को सुबह घना कोहरा रहा तो शाम को हल्की बारिश हुई। सर्दी बढ़ने से लोग परेशान दिखे। दिनभर लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ा। बुधवार को सुबह घना कोहरा छाये रहने के कारण ज्यादा परेशानी हुई। दो पहिया वाहन सवारों को दुश्वारियों से जूझते हुए देखा गया। दोपहर के वक्त भी कोहरे का माहौल रहा। कुछ समय के लिए गुनगुनी धूप निकली पर राहत नहीं मिल सकी। समय बढ़ने पर मौसम का मिजाज सर्द होने लगा। शाम को अचानक हल्की बारिश शुरू हो गई। । हालांकि कुछ मिनटों में बारिश रुक गई लेकिन सर्दी बढ़ गई।

दो सौ रुपये को लेकर मारपीट, दंपती समेत तीन घायल

संभल अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी दिनेश मंगलवार को सुबह परिवार के ही राकेश के ई रिक्शा से मजदूरों को लेकर गांव घोसीपुरा में आलू खुदवाने गया था। शाम को गांव आकर दिनेश ने किराये के राकेश को दो सौ रुपये दे दिए और बाकी दो सौ रुपये बाद में देने को कहा। इसी बात को लेकर दिनेश व राकेश के बीच विवाद होने लगा। विवाद होता देखकर राकेश के परिजन भी आ गए। आरोप है कि दिनेश, उसकी मां रामवती और पिता कुंवरपाल को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया।

जैविक खेती का प्रचार प्रसार कर किसानों को करें जागरूक

संवाददाता, बहजोई

▸▸ **डीपीआरओ ने बताया कि कि 30 ग्राम पंचायत ओडीएफ प्लस प्लस**

▸▸ **जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैठकें आयोजित कराएं**

अमृत विचार: जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण व वृक्षारोपण समिति की बैठक में सीडीओ ने जैविक खेती को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। वहीं ओडीएफ प्लस प्लस ग्राम पंचायत को लेकर भी चर्चा की। सीडीओ ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक व पाक्षिक बैठक कराने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सरकार में आयोजित बैठक में प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह ने ओडीएफ प्लस व ओडीएफ प्लस प्लस के विषय में अधिकारियों से चर्चा की। जिसमें डीपीआरओ ने बताया कि कि 30 ग्राम पंचायत ओडीएफ प्लस प्लस हो चुके हैं। प्राकृतिक व जैविक खेती के विषय में भी चर्चा की गई। जिसमें बताया कि फोस्टर कंपनी के द्वारा गंगा ब्रांड नाम से जैविक उत्पादों को तैयार करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी कैनोपी लगाकर किया जा रहा है। प्रभारी सीडीओ ने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक एवं पाक्षिक बैठक आयोजित कराएं। ताकि अधिक से अधिक किसान जैविक खेती से जुड़ सकें।

गंगा ग्राम के नजदीक गंदे पानी की गाद को पुनः उपयोग कराए जाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी, डीडीओ राम आशीष, सवीओ डॉ. दिनेश चंद्र, डीएसओ शिवि गर्ग, जिला कृषि अधिकारी प्रवोध मिश्रा, वन रेंजर प्रभात शर्मा, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओ बृजेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

उम्मीद | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर किया मैसेज, रेल लाइन विस्तार जरूरी बताया

डॉक्टरों ने उठाई रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मानव विकास जनसेवा समिति के अभियान को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को आईएमए से जुड़े डॉक्टरों ने भी संभल से गजरौला रेल लाइन की मांग उठाई। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री को एक्स पर मैसेज कर रेल लाइन विस्तार किया जाना जरूरी बताया। रेल लाइन विस्तार होने से व्यापार को भी रफ्तार मिलेगी।

मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ता बुधवार को सुशीला सक्सेना अस्पताल पहुंचे। जहां आईएमए के डॉ.संजय वार्ष्णेय के नेतृत्व में डॉक्टरों ने मोबाइल से प्रधानमंत्री को एक्स पर मैसेज कर संभल से गजरौला रेल लाइन की मांग उठाई। इनमें डॉ.सुधांशु, डॉ.राजेश अग्रवाल, डॉ.अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ.वसीम, डॉ.संजय वार्ष्णेय, डॉ.यूसी सक्सेना, डॉ.निधि सक्सेना, डॉ.प्रशांत वार्ष्णेय, डॉ.सुहैल, डॉ.उसमान आदि रहे। डॉ.यूसी सक्सेना ने कहा कि संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तार होना जरूरी है। रेल गति से संभल की उन्नति को पंख लग जाएंगे। संभल की जनता डग्गामार वाहनों से दिल्ली, अलीगढ़ और अन्य शहरों की यात्रा तीन गुने किराये पर करती है। तमाम युवा 12वीं की पढ़ाई के बाद घर बैठ जाते हैं। अगर रेल लाइन विस्तार हुआ तो बड़ी सहूलियत मिलेगी। डॉ.मुहम्मद नाजिम ने कहा कि रेल यातायात से संभल का भविष्य उज्जवल बनेगा। व्यापार और अन्य साधनों को रफ्तार मिलेगी। एक फरवरी को आने वाले बजट से संभल की जनता को बड़ी उम्मीद है। इस दौरान समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

रेल लाइन के लिए प्रधानमंत्री को एक्स पर मैसेज करते डाक्टर। ● अमृत विचार

इन्होंने प्रधानमंत्री को मेल भेजा

संभल अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ निवासी चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने जीमेल द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण कराने की मांग की है। चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा है कि संभल के लोग 50 साल से संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग करते आ रहे हैं। पूर्व सांसद सत्यपाल सैनी के प्रयास से रेल लाइन का विद्युतीकरण हो चुका है। रेलवे स्टेशन हातिम सराय की मरम्मत कराई गई थी।

एक नजर

ब्लॉक अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।

बनियाखेड़ा ब्लॉक के पुष्पेंद्र कश्यप अध्यक्ष

चन्दौसी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप के निर्देश पर पुष्पेंद्र कश्यप को ब्लॉक अध्यक्ष बनियाखेड़ा नियुक्त किया गया है। तहसील परिसर में उपस्थित पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंप कर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया है।

पुलिस ने युवक को चरस के साथ दबोचा

चन्दौसी,अमृत विचार : बनियाठेर पुलिस ने कस्बा नरौली के शनि बाजार अड्डे से युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 160 ग्राम चरम मिलने का दावा करते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई है। बुधवार को बनियाठेर पुलिस गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कस्बा नरौली के शनि बाजार अड्डे के पास एक युवक चरस बेच रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पप्पू निवासी मोहल्ला मंशादेवी कस्बा नरौली बताया। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 160 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में थाने में कई मामले दर्ज है।

एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी ने एनडीपीएस एक्ट थाना संभल के अभियुक्त सुल्तान उर्फ मोटा पुत्र आबिद निवासी चमेली वाली मस्जिद के पास चौधरी सराय थाना संभल को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास व दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मुकदमे में एडीजीसी प्रेमप्रकाश मौर्य ने पैरवी की।

कृमि मुक्ति को आज 12 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

जिलाधिकारी ने अभियान सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर जनपद के 12 लाख 85 हजार 625 बच्चों को विद्यालयों में एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी अभिभावकों से बच्चों को कृमि मुक्ति को लेकर एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाए जाने का आह्वान किया है। वहीं अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाएगा जिसमें जनपद के 1970 विद्यालय व 1772 आंगनबाड़ी केंद्र पर 1 से 19 वर्ष की आयु के 12 लाख 85 हजार 625 बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने बताया कि कृमि मनुष्य की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं। गंभीर कृमि संक्रमण के कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। कृमि संक्रमण का सुरक्षित और लाभकारी इलाज एल्बेंडाजोल का उपयोग करके किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ शिक्षा , महिला एवं बाल विकास का भी सहयोग रहेगा।

इस दौरान एसीएमओ डॉ. पंकज बिश्नोई, मनु तेवतिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकारों को जानकारी देते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

अभिभावक अभियान की सफलता में बनें सहयोगी

बहजोई,अमृत विचार : डीएम मनीष बंसल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर बच्चों को कृमि रोग से मुक्ति दिलाने का काम करें।जिलाधिकारी ने कहा कि 1 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई जाने का काम किया जाएगा। वह सभी अभिभावकों से अपील करते हैं कि वह अपने बच्चों को कृमि मुक्ति को लेकर पहले एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाएं। इस अभियान को सफल बनाएं। दूसरा चरण 5 फरवरी को होगा जिसमें छूटे बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी।

- 5 फरवरी को छूटे बच्चों के लिए चलाया जाएगा दूसरा अभियान
- कृमि संक्रमण के कई लक्षण उत्पन्न कर सकते हैं : सीएमओ

कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी मुहम्मद नदीम भाई नूर आलम के साथ मिलकर घर पर ही जींस का कारखाना चलाता था। 11 मई 2020 की रात को किसी बात को लेकर नूर आलम का मुहल्ला के ही गुफरान के बेटे वासिफ से झगड़ा हो गया था। जिसमें वासिफ घायल हो गया था। आरोप है कि 12 मई को गुफरान अपने बेटे कामिल, फाजिल, मुत्तलिब व मुहल्ला कागजी सराय निवासी सुल्तान को लेकर कारखाने में पहुंचा और लेकर गाली गलौज करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें मुहम्मद नदीम बाल बाल बच गया। जिसके बाद गुफरान अपने बेटों व सुल्तान के साथ मिलकर जींस की पेंटें, कपड़ा, म्यूजिक सिस्टम आदि सामान लूटकर ले गए थे। मुहम्मद नदीम ने पुलिस को तहरीर लेकिन पुलिस ने नूर आलम को ही गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो मुहम्मद नदीम ने सितंबर 2023 को न्यायालय की शरण ली।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के मझावली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार की शाम एक युवक का शव मिला। जिसकी शिनाख्त थाना क्षेत्र के नरौली के मोहल्ला मकुपुरा निवासी के रूप में हुई।

बुधवार की शाम छह बजे कुछ लोग बनियाठेर थाना क्षेत्र के मझावली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के पास गुजर रहे थे। लोगों को रेलवे ट्रैक पर एक 22 वर्षीय युवक का शव दिखाई दिया। लोगों ने घटना से बनियाठेर पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला पुलिस बल के साथ पहुंच गए। शव के कपड़ों की तलाशी ली, तो एक आधार कार्ड मिला। जिस पर विष्णु पुत्र राम भरोसे निवासी मोहल्ला मकुपुरा कस्बा नरौली लिखा था। बताया कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

पंचायत सहायकों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: पंचायत सहायकों ने विकास खंड बनियाखेड़ा मुख्यालय पर एग्रीस्टैक क्रॉप सर्वे का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। साथ ही ब्लाक प्रमुख को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। पंचायत सहायकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक व एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति हुई है।

पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर सभी योजनाओं तथा समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। लगातार सरकारी योजनाओं को लाभार्थिकों के घर-घर तक पहुंचाने में प्रयासरत है। अब पंचायत सहायकों पर दबाव बनाकर अन्य विभाग के कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे ग्राम सचिवालय के कार्य बाधित हो रहे हैं। अब एग्रीस्टैक क्रॉप सर्वे का कार्य पंचायत सहायकों के ऊपर जबरन थोपा जा रहा है। जबकि एग्री स्टैक क्रॉप सर्वे कृषि विभाग का कार्य है। जैसे राजस्व लेखपाल, चकबंदी लेखपाल, सुपरवाइजर आदि। क्योंकि इनके पास कार्य करने का अनुभव है। पंचायत सहायक को सरकार द्वारा उचित संसाधनों का प्रबंधन नहीं किया गया है। पंचायत सहायक ग्राम सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर के माध्यम से कार्य करते हैं। जबकि एग्री स्टैक सर्वे का कार्य करने के लिए उचित क्षमता के मोबाइल डिवाइस की आवश्यकता पड़ रही है, जो कि पंचायत सहायक के पास उपलब्ध नहीं है। बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के महिला पंचायत सहायकों की भी ड्यूटी लगाई है। जिससे महिलाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत सहायकों ने मांग की कि पहले उचित क्षमता के मोबाइल डिवाइस, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला पंचायत सहायक के लिए सुरक्षा का इंतजाम किया जाए। कार्य के दौरान आने जाने का पेट्रोलिंग खर्चा दिया जाए। पंचायत सहायक का सुरक्षा बीमा कराते हुए दुर्घटना व मृत्यु आदि की स्थिति में सरकारी सेवा नियमावली के तहत सहयोग राशि व उनके परिवार को मृतक आश्रित कोटे में नौकरी प्रदान की जाए। ज्ञापन व प्रदर्शन करने वालों में सुशांत यादव, आकांक्षा, रूबीना बेगम, पवित्रा, रूमा, अतुल कुमार, लवी शर्मा, गजेंद्र गिरि, विपिन सागर, सुनीता, दीक्षा शर्मा, प्रीति, वर्षा रानी, सरिता, स्वाति, रुपम चौहान, सीमा, अर्चना आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक बनियाखेड़ा में प्रदर्शन करते पंचायत सहायक। ● अमृत विचार

- एग्री स्टैक क्रॉप सर्वे कराने का पंचायत सहायक कर रहे बहिष्कार

रोडवेज बस स्टैंड अव्यवस्थाओं का शिकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सर्दी में यात्रियों को बैठने की जगह नहीं, महिला शौचालय तक नहीं

अमृत विचार: रोडवेज बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। यहां यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। साथ ही शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से महिला यात्रियों को परेशानी होती है।

तेज धूप व ठंड होने पर यात्रियों को सिर छिपाने की जगह नहीं मिलती। महिलाओं व बच्चों को अधिक परेशानी होती है। महिलाओं के लिए शौचालय तो है ही नहीं, पुरुष शौचालय में भी साफ-सफाई नहीं होने पर दुर्गंध आती रहती है। शहर के व्यापारी कई बार रोडवेज बस स्टैंड पर सुविधाओं को लेकर परिवहन निगम को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रही है। इससे यात्रियों में रोष व्याप्त है।

रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए व्यवस्थाओं का ध्यान नहीं रखा गया है। जिससे बसों में यात्रा करने वाले लोगों को बसों का इंतजार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।
-अनिल बाबू, यात्री

बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था नहीं है। केवल आठ से दस लोगों के बैठने के लिए राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा व्यवस्था कराई गई है। अन्य यात्री खड़े रहते हैं।
-मनोज कुमार, यात्री

रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड पर महिला यात्रियों के लिए शौचालय तो होता ही है। मगर हमारे शहर के बस स्टैंड पर महिला शौचालय ही नहीं है। जिससे उन्हें बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।
-रुचि वार्ष्णेय , यात्री

रोडवेज बस स्टैंड पर महिला शौचालय नहीं है, जिससे महिलाओं को आसपास घर में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। महिला यात्रियों के प्रति परिवहन विभाग जागरुक नहीं है।
-प्रतिभा चौधरी, यात्री

रोडवेज बस स्टैंड पर व्याप्त समस्याओं को लेकर अपने उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। परिवहन निगम की ओर से समस्याओं का समाधान किया जाएगा।
-अनिल मिश्रा, प्रभारी, रोडवेज बस स्टैंड

भूमि नाम नहीं करने पर मां व बड़े भाई को पीटा

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव बुद्ध नगर खंडुआ में युवक ने अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर मां व बड़े भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

गांव बुद्धनगर खंडुआ निवासी गोमती देवी पत्नी तुलसी का छोटा पुत्र पिछले कई दिनों से अपनी मां से दो बीघा भूमि अपने नाम करने की जिद कर रहा था। इसको लेकर मंगलवार को मां-बेटा में विवाद भी हुआ था। मगर महिला ने अपने पुत्र की बात नहीं मानी और दो बीघा भूमि उसके नाम करने से इंकार कर दिया। बुधवार की सुबह युवक ने अपनी ससुराल वालों को फोन कर गांव बुला लिया। इसके बाद युवक ने अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर मां व बड़े भाई बालकिशन के साथ मारपीट की।

बिना हेलमेट बाइक सवार का चालान करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

हेलमेट नहीं पहनने पर 18 वाहन चालकों का चालान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने चेकिंग अभियान चलाया। दो पहिया वाहन चालकों (सहयात्री सहित) द्वारा हेलमेट नहीं पहनने पर 18 का चालान किया।

स्कूली वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग की। 26 वाहनों को चेक करते हुए केएचएमसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी रोड बहजोई के एक वाहन को सीज करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, नशे में वाहन नहीं चलाने, वाहन से स्टंट न करने और इंडिकेटर का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

सार-संक्षेप

स्काउट-गाइड कैंप में टेंट का निरीक्षण करते अतिथि। ● अमृत विचार

टेंट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व महाराणा प्रताप टोली प्रथम

चन्दौसी, अमृत विचार : जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज हनुमानगढ़ी में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का बुधवार को समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन संगठन आयुक्त मीनू सिंह एवं ट्रेनिंग काउंसलर अजीत कुमार ने स्काउट-गाइड को तम्बू लगाना, स्काउट के नियम आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान स्काउट-गाइड ने टेंटों का निर्माण किया। मुख्य अतिथि डॉ. वीरो कुमार ने टेंटों का निरीक्षण किया। स्काउट ग्रुप में टैंट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ग्रुप प्रथम, मध्य प्रदेश ग्रुप द्वितीय व हिमाचल प्रदेश ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। जबकि गाइड ग्रुप में महाराणा प्रताप टोली, सरोजनगी नायडू टोली व मीराबाई टोली क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में चंद्रपाल, सुरेश, कन्हैया, मुकेश, महेंद्र प्रताप आदि रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने स्काउट का महत्व समझाया।

ज्ञानवापी फैसले को लेकर पुलिस अलर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : बनारस में ज्ञानवापी फैसला आने को लेकर बुधवार को पुलिस अलर्ट बनी रही। मुस्लिम क्षेत्रों में जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिया है। सीओ पुलिस बल के साथ शहर का मुआयना किया। बुधवार की शाम ज्ञानवापी पर कोर्ट का फैसला आने को लेकर पुलिस बल अलर्ट हो गया। जिसको लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र जारई गेट, सीकरी गेट, कुरैशियान मोहल्ला, नखासा, संभल गेट, लक्ष्मण गंज आदि में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। माहौल का जायजा लेने के लिए सीओ प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ भ्रमण करते नजर आए। शहर में शांति व्यवस्था को लेकर लोगों से बातचीत भी की।

आज 6 घंटे बंद रहेगी हनुमानगढ़ी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : एक फरवरी दिन गुरुवार हनुमानगढ़ी बिजली घर पर 33000 वोल्ट की लाइन पर नगर निकाय विस्तारित योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सुदृढीकरण कार्य के चलते गुरुवार को प्रातः 10 बजे से शाम चार बजे तक ग्रीन पार्क गणेश कॉलोनी, ब्रजनगर, राज मोहल्ला, मोती मोहल्ला, मारवाड़ी मोहल्ला, बूढ़ी माता, डहरिया, ब्रह्म बाजार, गोपाल मोहल्ला, बड़ा महादेव, सेमरटोला, चुन्नी मोहल्ला, रघुवीर नगर, कृष्णा नगर देवी गली, रतन मोहल्ला, देवी मोहल्ला, राजू अमर कॉलोनी, सुंदर मोहल्ला, साहूकारा, बिसौली गेट, सीता रोड, पुरानी पेंठ आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

सेवानिवृत ईओ को बुके भेंट करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

ईओ को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव के सेवाकाल के अंतिम दिन सम्मान समारोह का आयोजन रामबाग रोड स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, विधायक के प्रतिनिधि रामपाल सिंह व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रहीं। ईओ को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। इस अवसर पर ब्रजवाला वार्ष्णेय, शुभम राघव, वर्ण वार्ष्णेय, निशंक वार्ष्णेय, लक्की वार्ष्णेय, आशीष कुमार, अनमोल, जेई केके अग्रवाल, अनुज कुमार, ऋषभ कुमार, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, अक्षिता गोयल, राहुल सिंह, प्रमोद कुमार, अर्पित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मकान से समर्सेबिल की मोटर व पाइप चोरी

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खां सराय निवासी भूकन का मुहल्ला शहजादी सराय में निर्माणाधीन मकान है। मंगलवार को देर रात चोर निर्माणाधीन मकान में लगे समर्सेबिल की मोटर व पाइप चोरी कर ले गए। बुधवार को सुबह निर्माणाधीन मकान पर पहुंचने पर भूकन को चोरी की जानकारी हुई। आसपास में तलाश करने के बाद भी सामान नहीं मिला तो भूकन ने कोतवाली में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बंदरों से डरकर भागी महिला समेत तीन घायल

संभल/सिरसी अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी निवासी सैफुल की पत्नी अंजुम बुधवार को ननद हिना व सना के साथ मकान की छत पर धूप में बैठी थी। अचानक बंदरों के झुंड ने आकर हमला कर दिया। इस दौरान हिना, सना व अंजुम इधर उधर भागने लगी। जिसमें हिना जीने की सीढ़ियों से गिरकर गंभीर घायल हो गई। जबकि अंजुम व सना दीवार को फांदकर पड़ोसी के मकान की छत पर कूदने से चोटिल हुईं। चीखने की आवाज को सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर बंदरों को भगाया। जिसके बाद परिजनों ने घायल हिना, सना और अंजुम को लेकर निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

ब्लैक पैंथर्स ने जीसीसी की टीम को 120 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर से सटे गांव कैथल के मैदान में आयोजित सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में बुधवार को ब्लैक पैंथर्स और जीसीसी के बीच मैच खेल गया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्लैक पैंथर्स ने जीसीसी को 120 रनों से हरा कर शानदार जीत हासिल की। विजेता टीम के खिलाड़ी अभिषेक चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे।

ब्लैक पैंथर्स की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और टीम को मैदान में उतारा। बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक पैंथर्स ने 196 रन बनाये। ब्लैक पैंथर्स की ओर से सूर्या टनाटन ने 48 रन की आक्रमक पारी खेली और एक छोर को संभाले रखा। अभिषेक चौधरी ने 37 रन बनाए। जीसीसी के गेंदबाज मोहित और अनुज ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में जीसीसी के बल्लेबाज ब्लैक पैंथर्स के गेंदबाजों की तूफानी गेंदबाजी के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके और एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते गए। पूरी टीम 76 रन बना कर ही ढेर हो गई। जीसीसी की ओर से प्रातिभ ने सर्वाधिक 19 रन व चंद्रगुप्त ने 13 रन बनाए। ब्लैक पैंथर्स के गेंदबाज अनमोल व अभिषेक ने 3-3 विकेट और उदित ने 02 विकेट लिए। इस दौरान अंशुल टनाटन, राहुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मोनिका टनाटन, माधव, विराट, राहुल, सुजल, केशव आदि मौजूद रहे।

अभिषेक चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

रवि सोनकर संभलऔर सराहा अशरफ गुन्नौर की तहसीलदार

बहजोई, अमृत विचार: जनपद की दो तहसीलों के तहसीलदार बदले गये हैं। गुन्नौर के तहसीलदार रवि सोनकर को संभल तहसीलदार के रूप में नई नियुक्ति दी है। वहीं मुरादाबाद जिले से स्थानांतरित होकर आई तहसीलदार सराहा अशरफ को गुन्नौर का तहसीलदार बनाया है।

जनपद में एक बार फिर तहसीलदारों के क्षेत्र में फेरबदल किया गया है। एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि अब तक गुन्नौर में तहसीलदार रहे रवि सोनकर को संभल का तहसीलदार बनाया है। वहीं संभल के तहसीलदार रहे चंद्रशेखर को अब न्यायिक तहसीलदार संभल की जिम्मेदारी सौंपी है। जबकि मुरादाबाद जिले से स्थानांतरित होकर आई सराहा अशरफ को गुन्नौर का तहसीलदार नियुक्त किया है। एडीएम ने बताया कि रूटीन प्रक्रिया के तहत दो तहसीलदारों के क्षेत्र में फिर बदलाव किया है उन्हें तुरंत ही नई नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय बजट अंतरिम बजट को लेकर तरह-तरह के लगाए जा रहे हैं कयास

महिलाओं को बजट से सौगात की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मोदी सरकार के अंतरिम बजट को लेकर हर कोई तरह-तरह के कयास लगा रहा है। बजट में सरकार नौकरीपेशा, अधिवक्ता, खिलाड़ी, व्यापारी व किसान आदि वर्गों के लिए योजनाओं का पिटारा खोलेगी। महिलाएं भी विभिन्न सौगात मिलने की उम्मीद लगा रही हैं।

इस बार के बजट में मध्यम वर्गीय को आशा है कि उनके लिए कुछ खास होगा। जैसे गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री समेत अन्य घरेलू वस्तुओं के दाम कम होंगे। जिससे घर का गड़बड़ाया बजट में सुधार आएगा। वहीं खिलाड़ी भी आस लगा रहे हैं कि खेल प्रतिभाओं का उभारने के नये अवसर प्रदान होंगे। अधिवक्ताओं को आस है कि अधिवक्ता कल्याण योजना निधि से जुड़ी योजनाओं पर भी सरकार ध्यान देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट प्रस्तुति से पहले नारी की शक्ति व सामर्थ्य पर विशेष चर्चा की है। भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम व अंतरिम बजट में हर वर्ग के साथ महिला युवा वर्ग के लोगों को बहुत उम्मीदें हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास योजनाओं की पहुंच सुगम हो व ब्याज रहित लोन की व्यवस्था हो।
-डॉ. रीता, शिक्षिका

इस साल के अंतरिम बजट से अपेक्षा है कि बजट ऐसा होना चाहिए जिसका मध्य वर्गीय परिवार को भी लाभ मिले। वो चाहे गैस सिलेंडर में हो, खाद्य सामग्री जैसी आम चीजों में हो। मध्यम वर्गीय लोगों को इस बार चुनावी बजट होने की वजह से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। वित्त मंत्री से अनुरोध रहेगा कि अधिवक्ता कल्याण योजना निधि से जुड़ी योजनाओं पर भी ध्यान रखें।
-रंजना शर्मा, अधिवक्ता

मोदी सरकार का अंतिम व अंतरिम बजट चुनाव से पूर्व आ रहा है तो इस बार खिलाड़ियों के लिए सौगात मिलने की उम्मीद है। क्योंकि सरकार भी खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है। जनपद संभल में स्टेडियम की स्थापना जल्द हो और खेल प्रतिभाओं के लिए नये अवसर प्रदान हो सके।
-आध्या गर्ग, खिलाड़ी

मध्यम वर्गीय को इस बार के अंतरिम बजट से काफी उम्मीदें हैं कि इस बार उनके लिए भी लाभकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। घरेलू वस्तुओं पर महंगाई कम होगी। जिससे उनके घर के बजट में सुधार आएगा। इसके अलावा नौकरीपेशा वालों को इनकम टैक्स में छूट देनी चाहिए।
-संगीता भार्गव, समाजसेविका

बनियाठेर थाने के बाहर मिट्टी से लदे वाहनों की चेकिंग करते नायब तहसीलदार।

थाने के निकट चला अवैध खनन चेकिंग अभियान,कई के चालान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर नायब तहसीलदार ने अवैध खनन की शिकायतों पर चेकिंग की। मगर अवैध खनन का मामला नहीं मिला। इसके अलावा ओवर लोडिंग भी चेक की गई।

कुछ दिनों से एडीएम व एसडीएम को बनियाठेर थाना क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार की सुबह अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार मुकेश प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ बनियाठेर थाने पर पहुंच गए।

थाना के बाहर मुरादाबाद मार्ग पर पुलिस कर्मियों के साथ चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली गुजरने पर चेकिंग की गई। मगर कागज पूरे होने पर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों को छोड़ दिया। इसके अलावा नायब तहसीलदार ने ओवर लोड भरे वाहनों की चेकिंग की। कुछ वाहनों के चालान काटे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक: सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसतरस्ततः ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बांटता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का ताममान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

संजय वर्मा
इंदौर

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

केलिगीतों की परंपरा

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

एक नजर

जानवर से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

हल्दौर, अमृत विचार : मंगलवार रात औलियापुर मार्ग पर जंगली जानवर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, गुलदार की दहशत से लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। मंगलवार रात नौ बजे हल्दौर थाना क्षेत्र ग्राम औलियापुर निवासी राजपाल एवं नीलापथ बाइक से अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान जंगली जानवर के बाइक के सामने आने से टकराकर गिरने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई जगह लगातार गुलदार देखा गया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने गुलदार व अन्य जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए पिंजरा लगाने की वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है।

पुलिस से पेड़ काटने की शिकायत

नजीबाबाद, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम कमालपुर खाईखेड़ी निवासी छतरपाल पुत्र भारत सिंह ने थाना क्षेत्र की जलालाबाद चौकी में एक तहरीर दी। तहरीर में छतरपाल ने बताया कि शहजाद पुत्र रफीक निवासी बाजोवाला ने उसकी जमीन पर खड़े दो शीशम व एक खजूरी का पेड़ रात में काट लिया। सुबह जब वह अपने खेत पर गया तो इसकी जानकारी उसे मिली। जिसके बाद उसने पेड़ काटने के आरोपी के खिलाफ पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की मांग की है।

गुलदार का जोड़ा दिखने से ग्रामीणों में दहशत

हल्दौर, अमृत विचार : बुधवार को ग्राम पैजनिया निवासी पवनेश त्यागी अपने खेत पर गए तो वहां उन्हें खेत में गुलदार का जोड़ा दिखाई दिया। पवनेश ने वहां से भागकर जान बचाई और गांव पहुंचकर ग्रामीणों को बताया। बाद में ग्रामीणों के पहुंचने पर गुलदार का जोड़ा गन्ने के खेतों में घुस गया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को खेत में गुलदार के जोडे.के होने की सूचना दी और पिंजरा लगवाने की मांग की। पैजनियां-नहटौर मार्ग पर ग्राम मलपुरा के आसपास गुलदार होने से स्कूल-कालेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी स्कूल जाने से कतरा रहे हैं।

जिले के उद्यमियों को योजनाएं बताईं

जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं के साथ की बैठक, सुविधाएं देने का आश्वासन दिया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

बैठक करते जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व एसपी नीरज कुमार जादौन।

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अति संवेदनशील और गंभीर है और उद्योग प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठाएं और नए उद्योगों की स्थापना के लिए उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराएं और जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करें।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधुओं की बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मुद्दे जैसे सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता आदि से जुड़े मसले उठाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में जुल्फकार आलम ने नगीना रेलवे क्रॉसिंग पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था न होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगीना को समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण मानक के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों एवं व्यापारियों, निवेशकों की समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

जिलाधिकारी ने औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, एकल मेज व्यवस्थान्तर्गत लम्बित मामलों, डीआरआई स्कीम के अंतर्गत माइक्रो इकाईओं को दिये गए ऋण, एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुद्रा योजना, स्टेण्डअप इंडिया ऋण आदि की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेई, उपायुक्त उद्योग सहित जिले के उद्योग बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, मुनीश त्यागी, मुफ़्ती मोनिस, जुलफकार आलम, अभिषेक गोयल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

सामूहिक विवाह योजना में 106 जोड़ों की हुई शादी

किरतपुर, अमृत विचार : नगर स्थित एक बैंक्वट हॉल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम हुई। इसमें 106 हिंदू व मुस्लिम जोड़ों की रीति रिवाज के अनुसार शादी कराई।

बुधवार को हनुमान धाम रोड पर स्थित बैंक्वट हॉल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत किरतपुर ब्लॉक में 106 हिन्दू व मुस्लिम जोड़ों का विवाह और निकाह कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथि संजीव मलिक जिला पंचायत सदस्य, बीना राणा नगर अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, खंड विकास अधिकारी सुनील जैस्वाल एडीओ पंचायत समाज कल्याण हेमंत कुमार, एडीओ पंचायत बाबूराम, एडीओ दिगेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में बीना राणा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामूहिक विवाह योजना के बारे बताया। संजीव मलिक जिला पंचायत सदस्य ने भाजपा के हाथों को मजबूत करने पर जोर डाला। जागेश्वर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी ने योजनाओं की जानकारी दी।

सार-संक्षेप

मौसम बदलने से तेज बूंदाबांदी होने की संभावना

नगीना, अमृत विचार : बुधवार को मौसम का मिजाज अचानक एक बार फिर बदल गया। जिसके चलते सुबह के समय कोहरा छाया रहा और 10 बजे के बाद धूप खिली। दोपहर तीन बजे के बाद आकाश में घने बादल छा गए, और ठंडक बढ़ने लगी। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के मुताबिक सुबह के समय न्यूनतम तापमान 6 .4 डिग्री सेल्सियस आद्रता 90 फीसदी, दोपहर में अधिकतम तापमान 22 .2 डिग्री, तथा आद्रता 68 फीसदी दर्ज की गई। प्रेषक के अनुसार मौसम में आद्रता अधिक होने के कारण तथा धीमी गति की हवा चलने से क्षेत्र में तेज बूंदाबांदी होने की संभावनाएं हैं। इधर पिछले दो दिनों से धूप खेलने के कारण स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ने लगी है।

सेवानिवृत्त होमगार्ड को थाने में दी विदाई

नजीबाबाद, अमृत विचार : बुधवार को होमगार्ड धर्मवीर सिंह सेवानिवृत्त हो गए। थाना नजीबाबाद में उनके सम्मान में विदाई समारोह हुआ। सेवानिवृत्त होमगार्ड धर्मवीर सिंह को पुलिस अधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर कर विदाई दी। विदाई समारोह में पुलिस अधिकारियों ने कहा सेवानिवृत्त कर्मचारी समाज हित में कार्य करें। अपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग व जनता की सेवा में लगाने पर सकुशल सेवानिवृत होने पर आप बधाई के पात्र हैं। खुद को रिटायर्ड न समझकर समाज सेवा के कार्यों में लगें और अपने परिवार को ज्यादा से ज्यादा समय दें। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पुंडीर, संजय कुमार, निपेनद्र कुमार, बृहमपाल सिंह, सीसी कुमार, दयाराम, जगबीर सिंह, विजेंद्र, सत्यपाल, गौरव, अनुराग, लवनीश, गोविंदा, गजेंद्र, तेजपाल आदि रहे।

पूर्व जज मनोज कुमार का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भीमराव आंबेडकर ने कई अधिकार दिए : मनोज

नहटौर, अमृत विचार : नहटौर की जिगर कालोनी में संविधान जागरुकता विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार रहे। मुख्य अतिथि का कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने कहा कि इस समय समाज की विचारधारा गलत होती जा रही है। इंसान को इंसान से नफरत हो रही है उनके अन्दर जहर खोला जा रहा है। हमारे समाज के अधिकार खत्म किए जा रहे हैं। हमारे समाज को शिक्षा से दूर किया जा रहा है। हमें धर्म की ओर मोड़ दिया गया है। हमें बाबा भीमराव आंबेडकर ने कई अधिकार दिए। हम सब को मिलकर संविधान की लड़ाई लड़नी हैं। हमें गठबंधन प्रत्याशी को तन मन धन से चुनाव लड़ाना है। इस दौरान मोनू कुमार कश्यप, मनोज कुमार कश्यप, हर्षवर्धन सिंह, लाल सिंह, छत्रपाल सिंह, संजीव कुमार, प्रीतम कुमार, धीरज सिंह, दयाराम सिंह, प्रदीप कुमार, धर्मपाल सिंह, शमशाद अहमद, हितेश ,मोहम्मद शहजाद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लाल सिंह बौद्ध ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदर कस्सार ने की ।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया।

लगातार मजबूत हो रही देश की अर्थव्यवस्था

बिजनौर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी बिजनौर के गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यशाला नूरपुर स्थित ब्लॉक परिसर में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल के संचालन में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया रहे। कार्यशाला में सत्येंद्र सिसोदिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए बुनियादी बदलाव से भारत आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बनकर उभरा है। राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, निवेश समर्थक नीतियों से भारत शीर्ष पांचवी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री की 25 अलग-अलग नीतियों से में एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य की गूंज विश्व के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पुन: जन समर्थन जुटाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व हरजिंदर कौर पूर्व मंत्री महावीर सिंह, दिनेश चौधरी, डॉ. इंद्रदेव सिंह व सतीश गौतम, पूर्व सांसद भरतेंद्र सिंह, डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व विधायक लवकुश कुमार, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर आदि उपस्थित रहे।

तीन अवैध कॉलोनियों में निर्माण ध्वस्त कराया

बढ़ापुर, अमृत विचार : नायब तहसीलदार बढ़ापुर के नेतृत्व में तीन अवैध कॉलोनी में कार्रवाई कर अवैध निर्माण ध्वस्त कराया गया। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच। वहां कॉलोनी विकसित करने वालों ने राजस्व विभाग की टीम से समय की मांग की। परंतु विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए राजस्व विभाग की टीम ने मोहल्ला पठान के करीब स्थित यूनुस नगर के नाम से बनाई जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। वहीं दूसरी कॉलोनी पर भी बुलडोजर चलाया। इसके बाद कलवा पीर मंदिर के समीप बनाई जा रही कॉलोनी की सड़कों को तोड़ दिया। राजस्व निरीक्षक बढ़ापुर दीपक कुमार त्यागी ने बताया कि नियमों की अनदेखी की निर्माण कराया जा रहा था। जिसको ध्वस्त कराया गया है।

अभ्यारण क्षेत्र में अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

बिजनौर, अमृत विचार : बैराज रोड पर वन विभाग की अभ्यारण क्षेत्र में अवैध रूप से बनाई दुकानों को वन विभाग व तहसील की टीम ने जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। तहसील, वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने नायब तहसीलदार राज कुमार व रेंजर महेश गौतम के नेतृत्व में शहर कोतवाली क्षेत्र के बैराज रोड पर माउंट लिट्रा स्कूल के पास अवैध रूप से अभ्यारण क्षेत्र में बनीं कई अवैध दुकानों को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त करवाया। निर्माण को ध्वस्त करवाने वाली टीम में वन क्षेत्राधिकारी महेश कुमार गौतम, नायब तहसीलदार राज कुमार, विपिन कुमार, शिवम तोमर दिनेश कुमार, प्रिंस कुमार, आदि मौजूद रहे। रेंजर महेश गौतम ने बताया कि वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीम ने बैराज रोड पर दो जगह कार्रवाई की। जिसमें एक जगह अभ्यारण क्षेत्र में अवैध रूप से बनाईं गई 12 दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया, जबकि एक प्लाट की चार दिवारी को भी ध्वस्त कर अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी।

प्रशिक्षण में बच्चों के मानसिक विकास की जानकारी दी

संवाददाता, हल्दौर

▸▸ प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना

अमृत विचार : बाल विकास परियोजना कार्यालय में रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा डिजिटल पहल के तहत चैम्पियन आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। इसमें हल्दौर और खारी झालू सीडीपीओ इंचार्ज पुष्पा कुमारी, विनोद देवी और सुपरवाइजर रामकली की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का प्रशिक्षण संस्था के जिला समन्यवक रजत अरोड़ा एवं संस्था की मास्टर ट्रेनर चांदसी सिंह ने दिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम तहत विभाग द्वारा की गई डिजिटल पहल की जागरुकता एवं बच्चों में होने वाले विकास के पांच आयामों को बताया गया। जिसमें शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, रचनात्मक विकास, भाषा का विकास एवं सामाजिक/भावनात्मक विकास आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान चांदसी सिंह ने बताया की बच्चों का 80 से 90 फीसदी तक मस्तिष्क का विकास तीन से छह वर्ष की आयु में हो जाता है।

जिला समन्वयक रजत अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र को शिक्षा का केंद्र एवं बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना है। जिसके तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के कौशल विकास हेतु शिक्षा पर आधारित प्रशिक्षण, तकनीकि जागरुकता एवं केंद्र पर कराई जाने वाली गतिविधियों के लिए पहल पुस्तिका पर आधारित डिजिटल कंटेंट भी भेजे जाएंगे।

बस स्टैंड पर नहीं मिल रही सुविधाएं

संवाददाता, नहटौर

बदहाल अवस्था में रोडवेज बस स्टैंड। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विधायक के शिविर कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर नहटौर रोडवेज बस स्टैंड जर्जर हालत में है। यहां गार्ड के रिटायर्ड होने के बाद कार्यालय पर ताले लटक गए हैं। रोडवेज बस स्टैंड में जाने वाले यात्री पानी को भी तरस जाते हैं। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते अब तक रोडवेज बस स्टैंड का विकास नहीं हो पाया है।

नहटौर में रोडवेज बस स्टैंड की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासी वर्षों से इसकी स्थिति सुधारने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासी पप्पू सिंह, विरेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, हरि सिंह, संजय कुमार, तसलीम अहमद, राजीव कुमार, नईम अहमद आदि का कहना है कि रोडवेज स्टैंड से रोजाना हजारों लोग हरिद्वार और अन्य शहरों को जाते हैं। लेकिन बदहाल रोडवेज बस स्टैंड की वजह से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों को कई बार रोडवेज बस स्टैंड की स्थिति से अवगत करा चुके हैं। लेकिन लोगों की मांग आश्वासन तक ही सिमट कर रह जाती है। यह रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्रीय विधायक के कैंप कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसकी बदहाली जिम्मेदारों को दिखाई नहीं पड़ती। रोडवेज बस स्टैंड का एकमात्र हैंडपंप भी खराब है और शौचालय बदहाल हैं। यहां कोई कर्मचारी तैनात नहीं है। महज एक मात्र गार्ड था, वह भी कुछ माह पूर्व रिटायर हो गया तो कार्यालय पर ताला लटक गया। क्षेत्र के लोग कई बार जनप्रतिनिधियों व विभाग से बस स्टैंड की बदहाली को सुधारने की मांग कर चुके हैं। लेकिन उपेक्षाओं के कारण स्थिति सुधर नहीं पाई। एआरएम धामपुर पीएल पथरिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया है।

रामपुर

आजम पर डकैती, मारपीट के लगे थे आरोप

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

कचहरी के पास राहे रजा पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

अमृत विचार: डूंगरपुर बस्ती में महिला के घर में घुसकर डकैती डालने, मारपीट करने व आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगे थे। रूबी पत्नी करामत अली ने आरोपियों के खिलाफ ममाला दर्ज कराया था। लेकिन बुधवार को कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य नहीं मिले। इसके चलते कोर्ट ने आजम खां समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया। 37 दिन के अंदर आजम खां दूसरी बार बरी हुए हैं। इससे पहले उन्हें पड़ोसी से मारपीट करने के मामले में बरी किया गया था।

प्रदेश में भाजपा सरकार ने चारों तरफ से आजम खां और उनके परिवार की घेराबंदी कर दी थी। बाद में आजम खां और उनके परिवार पर लगातार मुकदमे दर्ज होते चले गए। आजम खां के खिलाफ 27 जुलाई 2019 को डूंगरपुर में मकान गिरवाने के मामले में महिला रुबी ने मामला दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में कोर्ट में चल रही थी। इसमें बुधवार को फैसला आ गया।आजम खां, अजहर खां, ओमेंद्र चौहान, बरकत अली, आलेहसन, फिरोज खान, रानू खां समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। सभी ने राहत की सांस ली।

इससे पहले 23 दिसंबर को गंज थाना क्षेत्र में जेल रोड निवासी मोहम्मद अहमद ने 2019 में सपा नेता आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, भाई शरीफ अहमद व भतीजे बिलाल खां के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसमें घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, रंगदारी मांगने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीर्ट कोर्ट में दाखिल की थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही थी। 23 दिसंबर को कोर्ट ने चारों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

एक माह के बाद दूसरी बार कोर्ट में हुए पेश

रामपुर, अमृत विचार : 23 दिसंबर के बाद 31 जनवरी को एक बार फिर सपा नेता आजम खां कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उनको कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया। बाद में आजम खां कड़ी सुरक्षा के बीच सीतापुर के लिए रवाना हो गए। डूंगरपुर में मकान गिरवाने और लूटपाट करने के मामले में 12 मुकदमें लोगों ने गंज थाने में दर्ज कराए थे। इसके बाद 12 मुकदमों में लगातार सुनवाई चल रही है। बुधवार को एक मामले में कोर्ट ने सातों आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया। इससे पहले आजम खां 23 दिसंबर को अपने बेटे के साथ पड़ोसी से मारपीट करने और दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में कोर्ट में पेश हुए थे। जहां पड़ोसी से मारपीट करने के मामले में उनको बरी कर दिया था। उसके बाद से लगातार कई मामलों में आजम खां की सुनवाई चल रही थी, लेकिन आजम खां नहीं आए थे। डूंगरपुर के मामले में कोर्ट ने व्यक्तिगत के रुप से पेश होने के आदेश दिए थे। दोपहर बाद आजम खां को कोर्ट में पेश किया।

सुबह से ही छावनी बना रहा कलेक्ट्रेट परिसर

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आजम खां और अन्य सपाइयों के कोर्ट में पेश होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमें में हलचल रही। सुबह से ही पूरा कलेक्ट्रेट परिसर छावनी बना रहा। मुख्य गेट से लेकर चारों गेटों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही। किसी को बिना चेकिंग के कोर्ट के अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। इतना ही नहीं कई बार पुलिस अधीक्षक ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के दिशा निर्देश दिए थे।

अभियोजन ने पेश किए 14 गवाह

सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर पूरे केस की सुनवाई के दौरान करीब 14 गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद मामले की सुनवाई चल रही थी। बुधवार को इतने गवाह पेश होने के बाद भी सभी आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए। हालांकि अभी 11 मामले बाकी हैं। इनमें सुनवाई चल रही है।

किसानों ने वन रेंजर पर लगाए गंभीर आरोप

बढ़ापुर, अमृत विचार : भाकियू अराजनैतिक ने बुधवार को नजीबाबाद वन प्रभाग की बढ़ापुर वन रेंज में धरना शुरू कर दिया। किसानों ने बढ़ापुर वन रेंजर के खिलाफ रेंज कार्यालय में धरना आरम्भ कर दिया। किसानों ने वन रेंजर पर गम्भीर आरोप लगाए। किसानों ने कहा कि क्षेत्र में हाथी लगातार उनके खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन वन विभाग कोई सुनवाई नहीं कर रहा। करीब छह घंटे के बाद रेंजर जितेंद्र यादव ने किसानों की समस्या के आश्वासन व पीड़ित किसान का मोबाइल वापस देने की बात पर किसानों ने धरना समाप्त किया। बुधवार को धरने में तहसील अध्यक्ष नामेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बढ़ापुर बिजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली रावेन्द्र राठी, जिला सचिव ओमप्रकाश सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष पदम सिंह, संगठन मंत्री सुखराम सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, मारूफ खान, राजेन्द्र सिंह, रघुनाथ सिंह, मूलचंद, राहुल, निरंजन, राजेन्द्र, खड्ग सिंह, योगेन्द्रपाल आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

जंगली जानवर ने 49 भेड़ों को मार डाला

संवाददाता, शाहबाद

▸▸ मोहल्ला भीतरगांव की घटना तीन-चार भेड़ें बुरी तरह जख्मी

▸▸ नायब तहसीलदार ने किया मौका मुआयना, जानकारी ली

अमृत विचार: मवेशियों को बाड़े में छोड़कर चाय पीने जाना पशु पालक को महंगा पड़ गया। जंगली जानवर ने बाड़े में घुसकर मवेशियों पर हमला कर दिया। जिससे 49 भेड़ों की मौत हो गई। तीन-चार भेड़ें बुरी तरह जख्मी हुईं हैं। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार अरविन्द शर्मा ने मौका मुआयना कर मवेशियों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी बाबूराम और बबलू भेड़ पालन करते हैं। भीतरगांव से बाहर थोड़ी दूर उन्होंने भूखंड की चारदीवारी कर बाड़ा बना रखा था। बाबूराम के मुताबिक, रात में वह मवेशियों को घर ले आते थे, फिर सुबह वापस वहां ले जाते थे।

बताया कि बुधवार सुबह मवेशियों को बाड़े में बांधने के बाद बाबूराम घर चाय पीने आ गया। इसके बाद वह वापस गया तो वहां भेड़ें मृत अवस्था में पड़ी थीं। 49 भेड़ों की मौत हो गई थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक हुआ घायल

मसवासी, अमृत विचार: अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे युवक घायल हो गया। घायल को काशीपुर स्थित एकअस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना बुधवार दोपहर क्षेत्र के गांव करीमपुर में हुई। नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी संजय मीना किसी कार्य से बाइक से पट्टीकलां की ओर जा रहा था। बताते हैं कि अचानक पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। उधर, घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

हमले का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

आरोपी घायल को ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जानलेवा हमले में फरार चल रहा आरोपी कोतवाली पुलिस से मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ने अस्पताल जाकर जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम को सूचना मिली कि कोतवाली में पंजीकृत मुकदमे में फरार चल रहा आसिफ पुत्र रियासत निवासी पटवाई का निवासी है। वह तोपखाना से प्राणपुर जाने वाले रास्ते से होकर ग्राम बैजना जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर कोसी नदी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बांये पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस को उसके पास से एक बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस, दो कारतूस बरामद हुए हैं। एसपी ने जिला अस्पताल जाकर उससे जानकारी हासिल की।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD
Hero
TVS
BAJAJ
YAMAHA
KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

एक नजर

पुरानी रंजिश में युवक पर दो लोगों ने किया हमला

काशीपुर, अमृत विचार : पुरानी रंजिश में एक युवक पर दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैनिक कॉलोनी नीझड़ा निवासी दक्ष चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह राहुल स्पोर्ट्स के सामने खड़ा था। तभी गौतम अग्रवाल व जसकरन वहां आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोट आई। बताया कि दोनों हमलावर उससे पुरानी रंजिश रखते है। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सात दुकानदारों पर 31 हजार का जुर्माना

काशीपुर, अमृत विचार : नगर निगम और तहसील प्रशासन ने बुधवार को काशीपुर मुख्य बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब सात दुकानदारों का 31 हजार रुपये का चालान काटा गया। निगम व तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी व तहसीलदार पंकज चंदोला ने नगर निगम मार्ग व रतन सिनेमा रोड स्थित मार्केट में टीम के साथ सघन अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर कामकाम कर रहे करीब छह दुकानदारों को नोटिस देकर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जबकि एक दुकानदार का मौके पर नगद चालान काटा गया। अभियान के दौरान दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की भी जांच की गई।

आज जसपुर पहुंचेंगे किसान नेता गौरव टिकैत

जसपुर, अमृत विचार : युवा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत गुरुवार (आज) को कुंडा जसपुर के गांव गिधई मुंशी पहुंचेंगे। यहां वह दिवंगत वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार धर्म सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद कुंडा चौराहा स्थित गुरुद्वारे में अंतिम अरदास में शामिल होंगे। यह जानकारी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने दी है।

किराना व्यापारी परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख रुपए की डकैती

15 लाख नगदी, 450 ग्राम सोना व 500 ग्राम चांदी समेत अन्य सामान लूटा

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार: नगर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर मंगलवार की रात किराना व्यापारी के परिवार को असलहाधारी डकैतों ने बंधक बना लिया और 15 लाख रुपये की नगदी समेत सोना-चांदी आदि 40 लाख की लूटपाट कर फरार हो गए। डकैतों ने एक कमरे में परिवार के लोगों को बंधक बनाया। बच्चों की गर्दन पर चाकू रखकर शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। लूटपाट कर बदमाश परिवार को कमरे में बंद कर फरार हो गए।

घटना बंडा रोड पर स्थित रम्पुरा तालुके महारजपुर गांव में हुई। इसी रोड पर किराना के थोक व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता का मकान है। निचले हिस्से में दुकान बनी है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचे। 10 मिनट बाद ही पांच बदमाश पीछे से आ धमके और व्यापारी को गन प्वाइंट पर ले लिया। विरोध पर मारपीट की। बदमाशों ने सुनील, उनकी पत्नी साधना गुप्ता, बेटी उन्नति, बेटे अभिनव और आयु को बंधक बना लिया। बच्चों की गर्दन पर चाकू रखा तो सुनील और उनकी पत्नी घबरा गए। जान बचाने के लिए घर में रखी नकदी और गहने सब बता दिया। बदमाशों ने अलमारी और बेड में रखे 15 लाख रुपये, करीब 450 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण लूटे।

▸▸ बच्चों की गर्दन पर चाकू रख शोर मचाने पर दी जान से मारने की धमकी

इसके बाद बदमाश सुनील के बड़े बेटे अभिनव को गन प्वाइंट पर लेकर मकान के नीचे लाए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर निकाली। मोबाइल पहले ही छीन लिए थे।

फिर सभी को कमरे में बंद करके कार में सवार होकर भाग गए। पीड़ित व्यापारी ने रात में ही सूचना पुलिस को दी। सीओ आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह एसपी अतुल शर्मा, एएसपी अनिल कुमार यादव ने घटना का मौका मुआयना किया। एसओजी और सर्विलांस टीम भी जांच में लगी है।

> किराना व्यापारी के घर हुई वारदात की एफआईआर दर्ज कर ली है। एएसपी, सीओ, कोतवाल और एसओजी की चार टीमें गठित कर छानबीन कर रही है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।
> – अतुल शर्मा, एसपी

लापरवाही पर दो अधिशासी अभियंता निलंबित

बरेली, अमृत विचार: लक्ष्य के अनुसार वसूली न कर सकने और काम में लापरवाही बरतने पर शाहजहांपुर के दो अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इससे जोन के अन्य अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बकाया बिल वसूली में तेजी लाने को लेकर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल लगातार निर्देश दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को पिछले साल की तुलना में 25 तो ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को 50 प्रतिशत अधिक वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई जा रही है। लक्ष्य के अनुसार वसूली न होने और अन्य कामों में लापरवाही करने पर शाहजहांपुर में तैनात अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार और कर्म सिंह को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि काम में लापरवाही करने पर दोनों अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई की गई है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तीन नदियों से लिए पानी के सैंपल

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ जांच के लिए लैब भेजे, मार्च तक चलेगा अभियान

अमृत विचार : माघ मेले को लेकर केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तराखंड और यूपी की नदियों की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसके तहत नदियों से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं। बुधवार को टीम ने कोसी, बहला और ढेला नदी से करीब 10 पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए।

दरअसल, इस समय माघ मेला चल रहा है। उत्तराखंड और यूपी से होकर गुजरने वाली गंगा की सहायक नदियों में उद्योगों का प्रदूषित पानी न जा सके, इसके लिए लगातार केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यूपी पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीमें नदियों की मॉनिटरिंग कर रही है।

बुधवार को संयुक्त टीम ने कोसी, बहला और ढेला नदी से पानी के सैंपल भरे। साथ ही इन सैंपलों को जांच के लिए केंद्रीय पीसीबी की लैब समेत अपनी-अपनी लैबों को भेजा है। इसके अलावा टीम नदी किनारे लगे उद्योगों का निरीक्षण कर उन्हें नदियों में प्रदूषित पानी न छोड़ने की हिदायत दे रही है। उत्तराखंड पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि मार्च माह तक टीम का अभियान जारी रहेगा। मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर टीम सख्त कार्रवाई अमल में लाएगी। उन्होंने बताया कि टीम लगातार नदियों की मॉनिटरिंग कर रही है। आगे भी नदियों के सैंपल लेकर जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी। टीम में वरिष्ठ वैज्ञानिक पंकज कुमार, जेआरएफ नीरज कठैत व जेएलओ धनीराम समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

गंगा घाट की सफाई तथा 72 सीढ़ी को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश

देहरादून, अमृत विचार: कलेक्ट्रेट परिसर में नमामि गंगे योजना के तहत जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें समितिके संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीतिशमणी त्रिपाठीएवं नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल के संयुक्त रूप से समिति की बैठक ली। बैठक में नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को गंगा घाट की सफाई तथा 72 सीढ़ी को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराने को कहा गया।

बैठक में उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी डॉ आर के चतुर्वेदी, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक खन्ना, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश चंद्र उनियाल,सहायक अभियंता उत्तराखण्ड जल संस्थान हरीश बन्सल, जिला गंगा सुरक्षा समिति के जिला परियोजना अधिकारी आर के पाण्डेय सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेन से कटी महिला का बच्चा अनाथालय भेजा

बदायूं, अमृत विचार : ट्रेन से कट कर जान देने वाली अज्ञात महिला का एक वर्षीय पुत्र को जिला अस्पताल से बुधवार को अनाथालय भेज दिया गया। बच्चे के होंठ में चोट लगी होने के कारण डॉक्टरों ने चौबीस घंटे तक उसको अपनी देखरेख में रखा। बच्चे को जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर अनाथालय में भेजा गया है।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोमवार की रात को ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास किसी बच्चे की रोने की आवाज सुनी। ग्रामीण जब उसके पास पहुंचे तो लगभग एक साल का बच्चा रेलवे लाइन से कुछ ही दूरी पर रो रहा था। उसके होंठ में चोट लगी होने से खून बह रहा था। ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे लाइन पर एक महिला का क्षत विक्षत शव पड़ा था। पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

परास्नातक परीक्षा का कार्यक्रम बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अब 20 फरवरी से शुरू होगी विषम सेमेस्टर की परीक्षा पुलिस भर्ती परीक्षा बनी वजह

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम बदल दिया है। अब परीक्षा 17 फरवरी के बजाय 20 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा 29 फरवरी तक चलेगी। विश्वविद्यालय ने पहले परास्नातक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम 17 फरवरी से जारी किया था। अब 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा है, जिसमें विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले कई छात्र भी शामिल होंगे। ऐसे में छात्रों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए तिथि में बदलाव किया गया है।

15 फरवरी तक भरे जाएंगे मुख्य परीक्षा के फॉर्म : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक मुख्य परीक्षा 2024 के फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए, एमएससी और एमकॉम के संस्थागत और भूतपूर्व छात्रों के फॉर्म 19 जनवरी से भरे जा रहे हैं। अब छात्र 15 फरवरी तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे और भरे हुए फॉर्म 17 फरवरी तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

एलएलबी और बीए एलएलबी की परीक्षा आज से : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी और बीए एलएलबी की परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू होगी।

बरेली कॉलेज में पहले दिन करीब 15 सौ छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए बुधवार को तैयारी की गई।

वहीं, प्राचार्य प्रो ओपी राय ने सभी शिक्षकों को अन्य कक्षाएं 1.30 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो आलोक खरे ने बताया कि चालीस कक्षों के साथ नए परीक्षा भवन में भी केंद्र बनाया गए हैं। सचल दल भी सक्रिय रहेगा।

13 से 29 फरवरी तक होंगी विधि की प्रयोगात्मक परीक्षा

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विधि की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 13 से 29 फरवरी तक परीक्षा कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें। परीक्षा में नकल करते बीसीए का छात्र पकड़ा : बरेली कॉलेज में बृहस्पतिवार को सचल दल ने बीसीए छात्र को नकल करते पकड़ा। छात्र पर्ची से नकल कर रहा था। उसे बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

रोडवेज बसों में ऑनलाइन भुगतान नहीं ले रहे परिचालक

बरेली, अमृत विचार: रोडवेज बसों के परिचालकों को ऑटोमेटिक टिकट मशीनें दी गई हैं। उसके बाद भी वे यात्रियों से ऑनलाइन भुगतान नहीं ले रहे हैं। रोडवेज के परिचालकों और यात्रियों में खुले पैसों को लेकर आए दिन कहासुनी हो रही है। परिचालकों द्वारा ऑनलाइन भुगतान नहीं लेने की शिकायतें अधिकारियों के पास भी पहुंच रही हैं।

रोडवेज बसों में खुले पैसों को लेकर यात्रियों और परिचालकों में अक्सर विवाद को देखते हुए मुख्यालय की तरफ से ऑटोमेटिक टिकट मशीनें मुहैया कराई गई थीं। परिचालकों को मशीन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। मशीन में गूगल पे, फोन पे, पेटीएम व अन्य यूपीआई से ऑनलाइन भुगतान की भी सुविधा दी गई है। लेकिन अभी भी अधिकतर बसों में परिचालक ऑनलाइन भुगतान लेने से मना कर रहे हैं जिससे यात्रियों और परिचालकों में विवाद होता है।

नहर में मिला लापता हुए तीन साल के बच्चे का शव

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्राम नरखेड़ा में घर से लापता हुए तीन साल के नाबालिक बच्चे का शव बुधवार को नहर से बरामद हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर काशीपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बाजपुर के ग्राम नरखेड़ा निवासी अजय पुत्र भोले राम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 28 जनवरी की दोपहर लगभग एक बजे उसका लगभग 3 वर्षीय पुत्र जय घर के आंगन से खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। जिसके बाद पुलिस व आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार की सुबह 8 बजे से दो जेसीबी मशीनों की मदद से नहर की साफ-सफाई की जा रही थी। तभी एक बच्चे का शव दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला और मौके पर अजय को बुलाया। जिस पर शव की शिनाख्त जय के रूप में हुई। घटना को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

100 से 150 मीटर तक साफ की नहर : समाजसेवी संदीप सिंह ने बताया कि अजय के 3 वर्षीय पुत्र जय को ढूंढने के लिए लोगों व पुलिस की मदद से नहर की साफ-सफाई की जा रही थी।

घर से 100 मीटर की दूरी पर मिला शव

बाजपुर, अमृत विचार : जय आंगन में खेलते हुए लापता हो गया था। आसपास के लोगों व पुलिस की मदद से उसकी तलाश की जा रही थी। जब नहर की साफ-सफाई की गई तो जय का शव नहर में दिखाई दिया। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया।

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना, हौसला बढ़ाया

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कंबल बांटे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हौसला भी बढ़ाया।

सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के समीप एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों की सहायता के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, प्रत्येक पात्र को उक्त सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। विभिन्न योजनाओं के प्रति उनको जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए निरन्तर प्रयास करने हैं। इस अवसर पर सचिव श्रम आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, श्रमायुक्त दीप्ति सिंह व श्रमिक मौजूद रहे।

कार्यकाल पूरा होने पर मुख्य सचिव संधू ने की सीएम से भेंट : मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर डॉ. एसएस संधू ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संधू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार के कामकाज में उनकी ओर से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने संधू को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।

अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर इलेक्ट्रानिक व्यापारी से 12 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसी-फ्रिज मैकेनिक ने पुराना माल मंगाकर बेचने पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर इलेक्ट्रानिक व्यापारी से 12 लाख रुपये ठग लिए। दबाव बनाने पर आरोपी किराये का मकान छोड़कर पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट के सदर बाजार निवासी फिरोज अहमद ने बताया कि उनकी सेटेलाइट बस अड्डे के पास इलेक्ट्रानिक्स शॉप है। सात माह पहले उनकी जान पहचान लखनऊ के गांव महोना के काजी टोला निवासी एसी-फ्रिज मिस्त्री शाहाब बेग से हुई। शाहाब इस समय कैंट के सदर बाजार में ही किराये के मकान में बच्चों के साथ रह रहा था। उसने बताया कि बिजली के पुराने सामान बेचने में अधिक लाभ है। उसकी कंपनी में पहचान है, इसलिए सामान मंगा सकता है। फिरोज के अनुसार दिसंबर में शाहाब बेग ने बताया कि कानपुर की एक कंपनी स्क्रैप का माल बेच रही है। 12 लाख लगाकर 16 लाख रुपये आसानी कमाए जा सकते हैं। इसपर उन्होंने आठ दिसंबर 2023 को शाहाब को 12 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि शाहाब ने उनके पैसे से सामान खरीदकर शाहजहांपुर के व्यापारी को बेच दिया। 17 जनवरी को जब वह उसके किराये के मकान पर पहुंचे तो पता चला कि वह पत्नी और बच्चों के साथ भाग गया है।

गृह क्लेश में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

बदायूं, अमृत विचार : गृह क्लेश से परेशान युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी करन सिंह (28) पुत्र मटरु का शव बुधवार दोपहर उनके घर के कमरे में साड़ी के फंदे पर लटका मिला। कुछ समय के बाद परिजन कमरे में गए तो शव को कुंदे पर लटका देखा। मौके पर चीख पुकार मच गई। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी उनके घर पर पहुंचे। परिजनों ने शव फंदे से उतारा। बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा बेटा अनुज कुमार गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। मेरा व मेरे परिवार से अब अनुज कुमार का कोई रिश्ता नाता नहीं है। किसी भी फेल ए बेजा का वह खुद जिम्मेदार होगा। सुशील कुमार, पुत्र हर स्वरूप सिंह, निवासी ग्राम कैलसा, जिला अमरोहा।

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

फैसला

▸▸ हर दोषी पर लगा 1.10 लाख रुपये का जुर्माना

▸▸ पीड़िता को दी जाएगी पूरी धनराशि

अमृत विचार : किशोरी को फुसलाकर ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हर दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पीड़िता को पूरी धनराशि दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली उझानी के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि 18 अप्रैल 2021 की रात 9 बजे शिवम यादव अपने पिता सत्येंद्र, परिवार के रिश्ते में चाचा अनिल के सहयोग से उनकी 13 साल की बेटी को फुसलाकर ले गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

पीड़िता को बरामद कर लिया। अपने बयान में पीड़िता ने तीनों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।

न्यायालय में गांव मिही लाल नगला निवासी शिवम यादव पुत्र सत्येंद्र यादव, पिंटू पुत्र सुरेंद्र और अनिल कुमार पुत्र भगवान सिंह पर किशोरी को फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष की विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद तीनों को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

मकान-गुरुद्वारे पर कब्जे और लूटपाट का लगा है आरोप

गोंडा कार्यालय

● एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई



अमृत विचार : मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया। 15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया।

पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रोन्नति मिलने से अगले दिन ही रिटायर हो गए तीन डॉक्टर

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को डॉक्टरों को मिलने वाली प्रोन्नति में तीन डॉक्टरों की बुधवार को सेवानिवृत्ति तय हो गई। इन डॉक्टरों में बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अतुल मेहरोत्रा है, जिन्हें बुधवार को शासकीय नियमों के अनुसार पद छोड़ना था, को विदाई मिल गई। दरअसल, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु 65 साल सशर्त बढ़ाई गई है, नए नियमों में 62 साल के बाद ग्रेड चार तक के डॉक्टर 65 साल तक चिकित्सकीय सेवाएं तो देंगे मगर प्रशासनिक पदों पर सेवाएं नहीं दे सकेंगे। विभाग में ग्रेड पांच व अन्य ऊपरी ग्रेड में सभी पद प्रशासनिक पद हैं, इसलिए ग्रेड पांच के डॉक्टरों को 62 साल में ही अनिवार्य सेवानिवृत्त देने का प्रावधान हैं। मंगलवार को ग्रेड चार से ग्रेड पांच में 44 डॉक्टरों को प्रोन्नति मिली हैं। इनमें अतुल मेहरोत्रा के अलावा, परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत डॉ.मंजू रानी और डॉ.सुमाता तालीब, ग्रेड चार में होने की वजह से 62 साल के बाद भी सेवाएं जारी रखने का मन बना चुकी थी।

एक आईएएस, 12 पीसीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य संपत्ति अधिकारी बने पवन गंगवार, विवेक श्रीवास्तव बने एलडीए के सचिव

अमृत विचार : राज्य सरकार ने बुधवार को एक आईएएस और 12 पीसीएस अफसरों का तबादला किया है। राज्य संपत्ति अधिकारी रहे वीके सिंह के डीएम बनाए जाने से खाली पद पर एलडीए के सचिव आईएएस पवन गंगवार को तैनात किया गया है। जबकि गाजियाबाद के एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। जबकि बेलपत्र बिक्री के मामले में काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा का तबादला हुआ है।

राज्य सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी पर बुधवार को पहले लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव आईएएस अफसर विनोद कुमार का तबादला हुआ, लेकिन कुछ ही घंटे में इसे संशोधित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार की तैनाती का आदेश जारी हुआ। विनोद अपने पद पर पूर्ववत बने रहेंगे। कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाया गया बेलपत्र पांच-पांच रुपये में बेचने का मामला पकड़ा गया था। इस बारे में काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष तक को जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों पर निशाना साधा और नाराजगी जताई थी। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन और पोस्टरबाजी भी हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर 2020 से सीईओ तैनात 2011 बैच के पीसीएस अफसर सुनील वर्मा को हटाया गया है। उन्हें वाराणसी में ही अपर आयुक्त बनाया गया है। जबकि वाराणसी के अपर आयुक्त पीसीएस विश्व भूषण मिश्रा को काशी विश्वनाथ मंदिर का नया सीईओ व वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ रहे पीसीएस राजेश सिंह का तबादला प्रयागराज के एडीएम (वित्त/राजस्व) पद करके प्रोन्नति दी है। जबकि इस पद तैनात पीसीएस जग प्रसाद को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है। एसडीएम प्रयागराज पीसीएस राजेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर में एडीएम नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति बनाया गया है। प्रयागराज में एसडीएम रहे पीसीएस अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन बनाया गया है। मिर्जापुर से सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस विनय कुमार सिंह द्वितीय को प्रयागराज का एडीएम बनाया गया है।

पीसीएस दिनेश कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम (वि/रा) गाजीपुर बनाया गया है। पीसीएस संजय कुमार को उपजिलाधिकारी बिजनौर से सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है। पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी को सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है, जबकि यहां सचिव रहे राजेश कुमार चतुर्थ को गाजियाबाद का एडीएम बनाया गया है। आगरा में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस आंनद कुमार सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। गाजियाबाद में सिटी मैजिस्ट्रेट पीसीएस शुभांगी शुक्ला को एडीएम (वित्त/राजस्व) गा बनाया गया है। गाजियाबाद में एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है।

सर्वदलीय और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज

लखनऊ, अमृत विचार : विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था जिसे स्थगित कर दिया गया है।

बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

सार-संक्षेप

अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा, लगाए आरोप

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया। मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इस सूची में सपा ने डिंपल यादव को फिर से मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

अब्बास अंसारी को नहीं मिली राहत

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ के जियामऊ स्थित निष्क्रांत संपत्ति को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने के आरोपी मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी की उस निगरानी याचिका को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट के 20 नवंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। निगरानी याचिका के विरोध में विशेष अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद शर्मा ने अदालत को बताया अब्बास अंसारी ने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपने को आरोपों से उन्मोचित किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिसे विशेष अदालत ने 20 नवंबर 2023 को खारिज करते हुए आरोप तय करने हेतु तिथि नियत की थी।

कारण बताओ नोटिस का महत्व सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं: हाईकोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस के महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस का महत्व कानून के शासन को बनाए रखने और सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित है।

नोटिस में परिभाषित दायरे से परे किसी प्राधिकारी द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई वैधता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की सीमाओं का उल्लंघन मानी जाती है।इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले प्राधिकारी से इसे जारी करने से पहले विशिष्ट आरोपों या चिंताओं को सावधानीपूर्वक रेखांकित करने की अपेक्षा की जाती है। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसके दायरे से परे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। कारण बताओ नोटिस का पालन सत्ता के मनमाने प्रयोग के खिलाफ एक बुनियादी सुरक्षा है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स ए सोसिएटेड स्विच गियर्स एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के निदेशक जवाहर लाल जैन की याचिका को स्वीकार कर उनके खिलाफ सहायक आयुक्त और अपर आयुक्त,राज्य कर/वाणिज्य कर, गौतमबुद्ध नगर द्वारा आक्षेपित आदेशों को रद्द करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस में दिए गए कारणों से आगे बढ़कर जुर्माना लगाया है, जो कारण बताओ नोटिस में याची को कभी प्रदान नहीं किये गए। याची के पास उक्त आधार पर अपना बचाव करने का कभी कोई अवसर नहीं था, इसलिए कारण बताओ नोटिस सीधे तौर पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। कोर्ट ने संबंधित विभाग को याची द्वारा जमा की गई राशि इस आदेश की तारीख से 4 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को वापस करने का निर्देश दिया।

तिलोत्तमा व राजीव कृष्णा बने डीजी

लखनऊ, अमृत विचार : कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर बुधवार को रिटायर हो गए। इनकी सेवानिवृति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन मिल गया है। इसमें एडीजी तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी राजीव कृष्णा हैं। राजीव कृष्णा केन्द्र के लिए एमपैनल्ड हो चुके हैं। 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस प्रशिक्षण तथा 1991 बैच के एडीजी राजीव कृष्णा, विजिलेंस में तैनात हैं। डीजी के दो पद खाली होने से इस बार राजीव कृष्णा को लाभ मिल गया।

लोस चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस में शुरू हुई टिकट वितरण पर कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 16 टिकट घोषित करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में भी टिकट वितरण पर कवायद शुरू हो गई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी मुख्यालय में 'वार रूम' बनाया गया है। बैठक में 2009 में जीती गईं सीटों के साथ ही, लखनऊ व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में शीघ्र प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने यात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ सीपी राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया को संयोजक व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' को सह संयोजक बनाया गया है।

17 वरिष्ठों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रशांत कुमार।

▸▸ प्रदेश को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी

अमृत विचार : डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नए कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई हैं। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया, कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।

मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में टॉप पर : प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे।

सूत्रों के मुताबिक शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था।

पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक

प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में निरन्तर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किए हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। अखिलेश ने कहा कि जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

वर्ग पहेली-329

बाएं से दाएं

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

ऊपर से नीचे

2. तीन रंगों वाला।
3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



वर्ग पहेली - 328 का हल

1 ज	■	2 के	■	3 सिं
तु	■	जु	■	गा
क	■	अ	■	रि
■	4 ढो	ल	5 कि	या
6 पू	■	■	लो	■
ज	■	8 पी	ल	पाँ
न	■	■	■	ली

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3			4		8			
5			6				7	1
		9		2		6		
			8		6			5
	3	4				2	9	
1			9		2			
2		3		1		8		
6	7				4			3
			3		5			2

सुडोकू - 45 का हल

5	4	2	9	6	7	8	1	3
8	9	1	5	3	4	6	2	7
6	3	7	1	8	2	9	5	4
3	6	5	2	1	9	7	4	8
1	8	4	7	5	3	2	9	6
2	7	9	8	4	6	1	3	5
7	1	3	6	9	5	4	8	2
4	2	8	3	7	1	5	6	9
9	5	6	4	2	8	3	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

वृष — आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

मिथुन — आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

सिंह — आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

कन्या — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

तुला — आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक — आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

धनु — आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

मकर — आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

कुंभ — आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

मीन — आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

SONY MAX
तुम्हारी सुलु — सुबह : 10.50
सड़क — रात : 09.17

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 08.46
इट — शाम : 06.30

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.30
मुक्काबाज — रात : 07.30

colors CINEPLEX
नमक हलाल — दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपए चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

डिजिटल भुगतान में 10.94% की वार्षिक वृद्धि

मुंबई। देश भर में डिजिटल भुगतान सितंबर, 2023 से पहले के एक साल में 10.94 प्रतिशत बढ़ गया। ऑनलाइन लेनदेन को मापने वाले आरबीआई सूचकांक से यह आंकड़ा सामने आया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई–डीपीआई) सितंबर 2023 के अंत में 418.77 पर था जबकि सितंबर 2022 में यह 377.46 था। वहीं मार्च 2023 में यह सूचकांक 395.57 पर था।

चीनी उत्पादन 10% घटने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा है कि देश का कुल चीनी उत्पादन सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें एथनॉल के स्थानांतरित चीनी भी शामिल है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से कुल उत्पादन नीचे आने का अनुमान है। इस्मा ने अक्टूबर–सितंबर के लिए चीनी उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया।

बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022–23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023–24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,450
गिन्नी (प्रति नग)	48,000–48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	73,700।

सरकार ने खुले बाजार में अब तक 71 लाख टन गेहूं बेचा

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि कीमतों को काबू में रखने के लिए उसने खुले बाजार में नीलामी के जरिये अब तक 71.01 लाख टन गेहूं और 1.62 लाख टन चावल की बिक्री की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-खुले बाजार में गेहूं और चावल की उपलब्धता बढ़ाने और इनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए सरकार 28 जून, 2023 से साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिए गेहूं और चावल बेच रही है। केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बिक्री के लिए कुल 101.5 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल आवंटित किया है।

एनएचएआई ने फास्टैग के लिए केवाईसी अनुपालन की समय-सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

राजमार्गों का प्रबंधन करने वाले निकाय एनएचएआई ने फास्टैग के लिए केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ा दी है। इससे पहले 15 जनवरी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा था कि बैंक अधूरे केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी, 2024 के बाद निष्क्रिय कर देंगे, भले ही उनमें वैध राशि मौजूद हो।

एनएचएआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा-फास्टैग उपयोगकर्ताओं! एक वाहन - एक फास्टैग पहल को लागू करने और अपने फास्टैग के लिए केवाईसी को अपडेट करने की समय सीमा 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है।

दूसरी ओर एनएचएआई ने इससे पहले कहा था कि खाते में राशि होने के बावजूद अधूरे केवाईसी (अपने ग्राहक को जानिए) वाले फास्टैग 31 जनवरी के बाद निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाने के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल लागू की है।

जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

राष्ट्रीय

एक नजर

खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल–तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

मुंबई। शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर–अटपाडी से विधायक थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा–उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार : बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

बारामूला। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

राहुल की कार का शीशा टूटा, अधीर ने पथराव का लगाया आरोप

मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा टूट जाने की घटना के बीच कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि मालदा जिले में इस गाड़ी पर 'पथराव' किया गया, जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह घटना पड़ोसी राज्य बिहार में हुई।

उधर, कांग्रेस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। इस घटना में गांधी को कोई चोट नहीं पहुंची। टेलीविजन फुटेज में निर्धारित पड़ाव पर पहुंचने के बाद वह क्षतिग्रस्त शीशा का निरीक्षण करते हुए नजर आये। प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया कि यह 'हमला' मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में उस वक्त हुआ, जब यह यात्रा बिहार से पुनः बंगाल पहुंची।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि घटना पड़ोसी राज्य बिहार में हुई

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब–तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

महापौर का चुनाव

हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय

अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय

विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा

पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे हैं, जो अलग हो गए थे।

भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं

हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंटों के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना

साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी।इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।

नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

खेल डायरी

किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

काहिरा। पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी

अगरतला। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव

जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंसी

भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर

बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

जैकलीन फर्नांडिस : अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

मोनिका बेदी : 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

ममता कुलकर्णी : ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

रिया चक्रवर्ती : सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

सोनाली बेंद्रे : सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

श्वेता बसु प्रसाद : मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा

अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

वाशिंगटन। अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

▸▸ रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव

आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इस्कंदर ने ली शपथ

कुआलालंपुर। मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी,

जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1)(एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

मॉस्को। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजन को तैयार ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस इवाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने किया हमला

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

गाजा। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

कोकीन की तस्करी के मामले में भारतीय दंपति को जेल

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक दंपति को वाणिज्यिक विमानों के जरिए ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से अधिक कोकीन की तस्करी का दोषी पाए जाने के बाद 33-33 साल की सजा सुनाई गई। दोनों पति-पत्नी पर फरवरी 2017 में भारत के गुजरात में अपने गोद लिए हुए बेटे गोपाल सेजानी (11) और एक रिश्तेदार की हत्या का भी आरोप है और भारत ने उन्हें प्रत्यर्पित किए जाने का अनुरोध किया है।

▸▸ गोद लिए बेटे और रिश्तेदार की हत्या में भी हैं आरोपित

राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने मई 2021 में सिडनी में 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी थी जिसके बाद एजेंसी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में ईलिंग की आरती धीर (59) और कवलजीतसिंह रायजादा (35) की संलिप्तता का पता लगाया था। जांच के अनुसार बक्सों की आड़ में विमान से मादक पदार्थ भेजने के पीछे इस दंपति का हाथ था। रायजादा की अंगुलियों के निशान धातु के उपकरणों के उन बक्सों पर मिले थे जिनमें से मादक पदार्थ जब्त किए। धीर और रायजादा को 21 जून 2021 को हनवेल में उनके घर से गिरफ्तर किया गया था। दोनों पर गुजरात में फरवरी 2017 में अपने गोद लिए 11 वर्षीय बेटे गोपाल सेजानी और रायजादा के जीजा हरसुखभाई करदानी की हत्या का आरोप भी है।

राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...

अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

टोक्यो। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

साक्षात्कार पार्श्व गायिका बोलीं- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राम भुजंग गाकर 20 साल की इच्छा हुई पूरी, महोत्सव में भजन गाना सौभाग्य की बात, जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी

रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं : अनुराधा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं है। मेरी 20 साल पुरानी इच्छा पूरी हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी। ये कहना है पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वो बुधवार शाम शहर के एक होटल में 'अमृत विचार' से खास बातचीत कर रहीं थीं। कहा कि रामलला के समक्ष राम भजन प्रस्तुत करना उनके जीवन का अप्रितम क्षण है।

सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने कॅरिअर के हर पड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि संगीत में थी। इसके लिए उनकी मां ने प्रोत्साहित किया। लता जी उनकी आदर्श रही हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह रेडिया व संगीत सुनकर गाने का अभ्यास करती थीं। उन्हें कॅरिअर का पहला ब्रेक अभिमान फिल्म से मिला। फिल्मों में करीब 20 साल गायकी के बाद उनकी रुचि भक्ति गाने की तरफ हुई। सन् 92-93 में भजन-स्तुति का गायन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि करीब 20 साल पहले जब अयोध्या आई थी तो रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। उस समय सिर्फ एक ही भाव मन में आया था कि प्रभु आप जल्द अपने भव्य मंदिर में विराजमान हों और उस दिन मैं आपके भजन गाऊं। उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला के समक्ष राम भजन की स्तुति करने का अवसर मिला। जो मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण है। अब इसके आगे कोई इच्छा शेष नहीं है। जीवन की सारी तपस्या फलीभूत हो गई है।

जन्मभूमि में पौडवाल के सुरों से सजी राग सेवा उत्सव की शाम

मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद जन्मभूमि परिसर में राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को आयोजित हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामी कलाकार गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा ने राम भजन प्रस्तुत कर रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..., ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजानिया... समेत कई राम भजन और संसकृत में राम भुजंग गाकर लोगों का मन मोह लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उन्होंने राम भुजंग की दो लाइनें गाईं थीं। जिसे आज पूरा किया।

आशा और किशोर दा के साथ गायन सबसे अच्छा अनुभव

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि गायिकी में उनकी आदर्श रहीं लताजी के साथ काम करने की ख्वाहिश अधूरी रह गई, लेकिन उनकी प्रेरणा से आज यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि आशा, हेमंत, किशोर दा, तलत महमूद के साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें अच्छे अनुभव भी हासिल हुए।

मोदी और योगी की वजह से बदली अयोध्या: पौडवाल

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर बहुत सुखद अनुभूति हुई। यही नहीं अब तो पूरी अयोध्या ही बदल गई। ये सब मोदी जी और योगी जी के विजन के कारण ही संभव हुआ है।

जी20 को जन-जन तक ले जाना महत्वपूर्ण कदम : श्रीनिवास

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

▸▸ कहा- जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर आयोजित नहीं हुए थे इतने सारे कार्यक्रम

पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन को जन-जन तक ले जाने से न केवल समूह के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता पैदा हुई, बल्कि इसने सभी की भलाई के लिए अलग-अलग देशों की सरकारों को भी एकजुट किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव के.जे. श्रीनिवास ने मंगलवार को यहां एक बैठक में यह बात कही।

जोहानिसबर्ग के वाणिज्य दूतावास में 150 से अधिक प्रवासी और स्थानीय भारतीय समुदाय के नेता एकत्र हुए। गुयाना में उच्चायुक्त नियुक्त होने से पहले श्रीनिवास 2013 और 2016 के बीच जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

श्रीनिवास ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा घटनाक्रम था जिस पर हम सभी भारतीयों, एनआरआई और प्रवासी भारतीयों को बहुत गर्व होना चाहिए। यह एक ऐसा अवसर था जब पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही थी और हमने इसे सफलता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि पूरे शिखर सम्मेलन को जनता के बीच ले जाना भारत के नेतृत्व में एक बड़ा कदम था। जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर इतने सारे कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए थे।